✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 260 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 16 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में कुर्जी नाला निर्माण योजना का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

## बिहार में अंतरजातीय विवाह करने पर मिलेगा ढ़ाई लाख का प्रोत्साहन

### विदेशों में पढ़ने वाले एससी-एसटी छात्रों को भी मिलेगी छात्रवृत्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की ओर से दो नई योजना लागू की जाएगी। पहली योजना राज्य में अंतरजातीय विवाह योजना को प्रोत्साहन देने के लिए विभाग द्वारा लागू की जाएगी। वर्तमान में अंतरजातीय विवाह पर समाज कल्याण विभाग द्वारा एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। अभी समाज कल्याण विभाग द्वारा एक लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाती है लेकिन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की ओर से भी वित्तीय वर्ष 2026-27 से अंतरजातीय विवाह योजना को लागू करने का प्रस्ताव है। इसको लेकर विभाग द्वारा गहन मंथन किया जा रहा है। इस योजना के तहत अंतरजातीय विवाह करने वाले को ढाई लाख रुपये प्रोत्साहन के तौर पर दिए जाएंगे। वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की ओर से दूसरी योजना विदेश जाने वाले बिहार के एससी-एसटी छात्रों को छात्रवृत्ति देने से जुड़ी है। विभाग ने इस योजना को लेकर केंद्र सरकार से भी विमर्श किया है। नेशनल ओवरसीज स्कीम के तहत विदेश जाने वाले बिहार के अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस स्कीम के तहत विदेश जाने वाले बिहार के एससी-एसटी छात्र-छात्रों को छात्रवृत्ति देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को दिया है। इसपर केंद्रीय मंत्री ने अपनी सहमति व्यक्त कर दी है।





## बिहार में बनेगा देश का पांचवां सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, 1302 करोड़ मंजूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी है। सोनपुर में ईस्टर्न इंडिया का पहला और देश का पांचवां बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनने वाला है। इसके बनने से देश और विदेशों से फ्लाइट्स पटना आ सकेंगे। नए एयरपोर्ट को लेकर राज्य सरकार की तरफ से 1302 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी गई है। करीब 4228 एकड़ की जमीन अधिगृहित की जाएगी। जानकारी के मुताबिक इस एयरपोर्ट को सोनपुर-छपरा 4 लेन एनएच के उत्तर और गंडक नदी के पश्चिम दरियापुर चंवर में बनाया जाएगा। इसके साथ ही एयरपोर्ट को लेकर आगे की प्रक्रिया के लिए कैबिनेट की बैठक में औपचारिक तौर पर फैसला लिया जा सकता है। सोनपुर में बनने वाला एयरपोर्ट दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई और जेवर एयरपोर्ट के बाद पांचवां सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा। सोनपुर एयरपोर्ट को लेकर प्लानिंग की गई है कि इसका रनवे लगभग 4200 मीटर लंबा होगा। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुसार ही एयरपोर्ट को बनाया जाएगा। आसानी से बड़े-बड़े विमान यहां उतर सकेंगे। पटना से कनेक्टिविटी के लिए सिक्स लेन वाले दो नए पुल बनाए जा रहे हैं, जो कि जेपी दीघा सेतु के समानांतर और शेरपुर-दिघवारा सेतु है। सोनपुर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के बनने से बड़े-बड़े शहरों की तरह यहां भी 24 घंटे विमानों का माना-जाना संभव हो सकेगा। लाखों यात्रियों को एयरपोर्ट के बनने से फायदा मिल सकेगा। सोनपुर के अलावा सहरसा, रक्सौल, मुंगेर, सुपौल, बीरपुर, वालमिकीनगर, मोतिहारी, बेगूसराय, छपरा, भागलपुर, मधुबनी और गोपालगंज में भी एयरपोर्ट बनाने की तैयारी की जा रही है।




## संक्षिप्त समाचार

### शादी से पांच दिन पहले युवक की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास एनएच 333-बी पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की हुई मौत ने शादी की खुशी को मातम में बदल दिया है। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान रघुनाथपुर करारी पंचायत के वार्ड नंबर-9 निवासी पंकज यादव के पुत्र अमृत कुमार उर्फ प्रिंस(20) के तौर पर हुई है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने खदेड़कर फॉर्च्यूनर को घेर लिया। लोगों ने ड्राइवर और गाड़ी को कब्जे में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया।

### ट्रक की ठोकर से कोर्ट के मुंशी की मौत

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के पिपरालिया में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में बाइक चला रहा उसका बेटा बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों की मदद से मृतक का शव ट्रक के नीचे से निकाला गया। मृतक की पहचान एपीएम थाना क्षेत्र के रहने वाले सुधीर कुमार कर्ण के रूप में हुई है। वे कोर्ट में मुंशी का काम किया करते थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।

### बिहार भूमि पोर्टल से अब तेजी से मिलेंगी सेवाएं

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कहा कि विभाग की सभी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। बिहार भूमि पोर्टल पर किया गया निर्धारित सर्वर मेंटेनेंस डिजिटल भूमि सेवाओं को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को भूमि से संबंधित सभी सेवाएं तेज, त्रुटिरहित और सुरक्षित रूप में उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य से पोर्टल की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने तथा डेटा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी उन्नयन का कार्य किया गया।

### अब 41 टोल प्लाजा पर कटेगा ई-चालान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के 41 टोल प्लाजों पर अब अत्याधुनिक ई-डिटेक्शन सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन ई-चालान कटेगा। अब तक 31 टोल प्लाजा पर ऑनलाइन चालान कट रहे थे। इन टोल प्लाजों से गुजरने वाले ऐसे सेवा हन जिनके पास वैध इंश्योरेंस, फिटनेस प्रमाण पत्र अथवा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो गा, उनका चालान स्वतः ऑनलाइन कट जाएगा। परिवहन सचिव राज कुमार ने कहा कि पूर्व में राज्य के विभिन्न टोल प्लाजों पर ई-डिटेक्शन सिस्टम के माध्यम से ई-चालान की व्यवस्था लागू की गई थी। उक्त व्यवस्था के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अब इसका विस्तार करते हुए अतिरिक्त टोल प्लाजों को इस प्रणाली से जोड़ा गया है जिससे पूरे राज्य में प्रवर्तन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## चाय पीने आए दो युवकों को मारी गोली, गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को महाशिवरात्रि के दिन बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े गोलीबारी कर दहशत फैला दी। घटना पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के शिवाजी चौक के पास की है। यहां चाय पीने आए दो युवकों को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाते हुए गोली मार दी। वारदात के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। घायल युवकों की पहचान बिट्टू कुमार और पिंटू कुमार के रूप में हुई है। दोनों आपस में मित्र बताए जा रहे हैं और महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवाजी चौक के पास एक चाय दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हालांकि डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी में रखे हुए है। घटना की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही सदर एसडीपीओ-2 रंजन कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। सदर एसडीपीओ-2 रंजन कुमार ने संदिग्धों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों को चिह्नित कर लिया जाएगा।

## महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए सीएम नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को खाजपुरा, नेहरू मार्ग स्थित शिव मंदिर के निकट महाशिवरात्रि शोभा यात्रा के अभिनंदन महोत्सव में सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ, मां पार्वती एवं उनकी सवारी भगवान नंदी की आरती कर पूरे बिहार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजकों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनन्दन किया। शोभा यात्रा में निकली भगवान भोलेनाथ की टोली का भव्य आरती और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर, खाजपुरा में भगवान भोलेनाथ एवं मां पार्वती की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधायक संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## दिल्ली में पांच दिवसीय एआई सम्मेलन आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** इंडिया एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) सम्मेलन और एक्सपो 2026 दिल्ली के प्रगति मैदान में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। बिहार इस सम्मेलन में देश-विदेश की एआई कंपनियों को राज्य में आने के लिए आकर्षित करेगा। पिछले दिनों बिहार में मंजूर की गई जीसीसी पॉलिसी (बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर) सेमीकंडक्टर नीति के बारे में बताया जाएगा। आईटी विभाग की ओर जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रगति मैदान में बिहार पवेलियन का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह मुख्य अतिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। मौके पर आईटी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह और विशेष सचिव अरविंद कुमार चौधरी भी मौजूद रहेंगे।

## एंबुलेंस की ठोकर से वृद्धा की मौत

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** महाशिवरात्रि के दिन सुबह-सुबह मन्दिर में जलाभिषेक करने जा रहीं महिला को एंबुलेंस की गाड़ी 102 ने रसीदपुर गांव के पास एक वृद्ध महिला को ठोकर मार दी जिससे मौके पर मौत हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने महिला को सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। इस पर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश का माहौल है। नगर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि मृतक महिला 60 वर्षीय हृदय देवी रसीदपुर वार्ड नंबर चार नगर परिषद निवासी थी। वहीं ड्राइवर सुभाष चंद्र सिंह पिपाराही थाना क्षेत्र के अंबा गांव का रहने वाला है तथा वह एंबुलेंस गाड़ी चला रहा था। उसने खुद स्वीकार किया है कि वह शराब के नशे में था। उसकी जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है। चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शिव बारात में गाड़ीवान बने केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली पारंपरिक शिव बारात एक बार फिर भव्यता के साथ संपन्न हुई। सैकड़ों झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज, उड़ता गुलाल और लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच इस बारात का मुख्य आकर्षण रहे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, जो वर्षों की परंपरा निभाते हुए शिवजी के गाड़ीवान बने नजर आए। हाजीपुर की पहचान बन चुकी इस ऐतिहासिक शिव बारात की शुरुआत प्रसिद्ध बाबा पतालेश्वर नाथ मंदिर से हुई। मंदिर से निकलकर करीब चार किलोमीटर लंबी यात्रा को तय करने में बारात को 7 से 8 घंटे का समय लगा। रास्ते भर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा। वैशाली ही नहीं, आस-पास के कई जिलों से लाखों की संख्या में लोग इस अद्भुत नजारे के साक्षी बने। बारात के सबसे आगे सजी-धजी बैलगाड़ी पर शिव-पार्वती की पालकी विराजमान थी, जिसे खुद नित्यानंद राय पारंपरिक कपड़ों में गाड़ीवान बनकर हांकते दिखे। मंत्री जी बीच-बीच में हर-हर महादेव के जयकारे लगवाते, श्रद्धालुओं पर गुलाल उड़ाते और प्रसाद बांटते नजर आएं। नित्यानंद राय करीब 30 सालों से इस परंपरा से जुड़े हैं। विधायक, सांसद, प्रदेश अध्यक्ष और अब केंद्रीय मंत्री बनने के बावजूद उन्होंने शिव बारात में गाड़ीवान बनने की परंपरा को नहीं छोड़ा। उनका कहना है कि यह उनके लिए आस्था और सौभाग्य का विषय है। शिव बारात में पौराणिक कथाओं पर आधारित सैकड़ों झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हाथी, घोड़े, बैंड-बाजा, ढोल-मंजीरे और शिव बारात की भूत-पिशाचों की टोली ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक और उत्सवमय बना दिया। शहर गुलाल के रंग में रंगा नजर आया। नित्यानंद राय ने कहा कि वह 35 वर्षों से बाबा के गाड़ीवाहक बने हुए हैं। जब तक जीवन रहेगा, वह इसी रूप में रहेंगे। वह कहीं भी रहें लेकिन महाशिवरात्रि के दिन हाजीपुर में ही रहते हैं।



## पेड़ से टकराई कार, ससुर-बहू की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** जिले में रविवार सुबह चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर बसबूटिया मोड़ के पास सड़क हादसे में ससुर और बहू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज देवघर में चल रहा है। मृतकों की पहचान सिकंदरा प्रखंड के धधोर निवासी 70 वर्षीय कृष्णनंदन सिंह और उनकी 38 वर्षीय बहू रिंकू देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कृष्णनंदन सिंह सेवानिवृत्त सीआईएसएफ जवान थे और वर्तमान में परिवार के साथ देवघर में रहते थे। जानकारी के अनुसार परिवार शादी समारोह में शामिल होने आया था। 12 फरवरी को भांजे की शादी और 14 फरवरी को रिसेप्शन कार्यक्रम था। रिसेप्शन समाप्त होने के बाद रविवार सुबह करीब तीन बजे सभी लोग कार से देवघर लौट रहे थे तभी चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के बसबूटिया मोड़ के पास एक ट्रक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घायलों में ललन कुमार सिंह, प्रिया भारती, खुशबू भारती और 10 वर्षीय गणेश शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घायलों को बाहर निकालकर देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है।

## नीट छात्रा मौत मामले में सीबीआई ने घरवालों से की घंटों पूछताछ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** नीट छात्रा रेप-मौत मामले में सीबीआई लगातार एक्शन में है। रविवार की सुबह करीब 8 बजे सीबीआई की टीम लड़की के घर जहानाबाद पहुंची। टीम में सीबीआई के 18 लोग शामिल थे। सीबीआई की टीम लड़की के माता-पिता, पड़ोसी और कुछ ग्रामीणों से करीब 5 घंटे पूछताछ की। घर वालों से पूछताछ करने के बाद टीम वहां निकल गई। बताया जाता है कि जांच एजेंसी 8 सवालों का जवाब तलाशने में जुटी है। छात्रा के पिता ने बताया कि सीबीआई के 18 अधिकारी पहुंचे थे। उन्होंने हमसे और मेरी पत्नी से पूछताछ की। पूछताछ का माहौल काफी सकारात्मक था, जिससे हमें अब न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। उन्होंने बताया कि सीबीआई टीम से सच्ची बातें बताई हैं। हम सत्य की लड़ाई लड़ रहे हैं और इस घटना में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग हम लगातार कर रहे हैं। बताया जाता है कि सीबीआई परिवार के सदस्यों से घटना के दिन की परिस्थितियों, छात्रा की पढ़ाई, उसकी मानसिक स्थिति और अन्य संभावित कारणों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई और एकत्र किए गए सबूतों की भी समीक्षा की। सूत्रों के अनुसार, टीम मौत के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए हर पहलू से जांच कर रही है।

## सड़क-नाला निर्माण कार्यों को तेजी से करें पूर्ण : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कुर्जी व आनंदपुरी नाला निर्माण योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तेजी से काम पूरा किए जाने का निर्देश दिया। इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण कर इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। इन योजनाओं के पूरा होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी एवं नाले के ऊपर दो लेन सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान हमने 21 फरवरी, 2025 को पटना जिले के विकास कार्यों का जायजा लिया था और उस दौरान जिले की कई विकास योजनाओं की घोषणाएं की थीं। उसी समय आनन्दपुरी नाला तथा कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) का निरीक्षण किया था जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे। उनकी समस्याओं को देखते हुए मैंने निर्देश दिया था कि इन नालों को ठीक करते हुए इसके ऊपर सड़क निर्माण किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। खुशी है कि इस पर काम किया जा रहा है। मालूम हो कि राजीव नगर नाला पटना शहर के जल निकासी हेतु एक महत्वपूर्ण नाला है। इसकी लंबाई 4.26 किलोमीटर है, जो दीघा आशियाना रोड से प्रारंभ होकर कुर्जी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर समाप्त होता है। राजीव नगर नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क निर्माण किया जा रहा है। वहीं आनन्द-पुरी नाला पटना शहर के जल निकासी हेतु एक महत्वपूर्ण नाला है। इसकी लंबाई लगभग चार किलोमीटर है, जो बाबा चौक से शुरू होकर अटल पथ एवं एएन कॉलेज के पास से राजापुर पुल ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर समाप्त होता है। आनन्दपुरी नाले का पक्कीकरण एवं इसके ऊपर सड़क निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष परासर, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एस,एम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# पूर्वोत्तर भारत में आईटी हब के रूप में विकसित होगा बिहार

### 100 से अधिक देशों की बड़ी आईटी व एआई कंपनियों से रूबरू होंगी बिहार की आईटी व एआई कंपनियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026' का आयोजन 16 से 20 फरवरी तक होने जा रहा है। इस समिट में बिहार की उपस्थिति ने दुनिया को यह सन्देश दिया है कि बिहार पूर्वोत्तर भारत के आईटी हब के रूप में विकसित होने के मार्ग पर अग्रसर है। विदित हो कि बिहार सरकार ने हाल ही में बिहार जीसीसी पॉलिसी, 2026 और बिहार सेमीकंडक्टर पॉलिसी, 2026 को मंजूरी दी है। इस समिट में बिहार पैवेलियन का उद्घाटन मंगलवार को राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस मौके पर केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे जबकि बिहार की सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह सहित बिहार के सांसदों एवं गणमान्य लोगों की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026' में बिहार पैवेलियन को भारत मंडपम के हॉल 5-एफ में स्टाल संख्या 8 और 12 में स्थापित किया गया है। बिहार पैवेलियन का पूरा प्रबंधन बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह और विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी अपनी देखरेख में कर रहे हैं। इस दौरान बिहार सरकार के द्वारा नवाचार एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने हेतु महत्वपूर्ण घोषणा भी की जाएगी। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी दुनिया की बड़ी कंपनियां हिस्सा लेने जा रही हैं। इस पांच दिवसीय आयोजन में 100 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। इसमें गूगल, एनवीडिया और ओपनएआई जैसी कई दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। साथ ही इन कंपनियों के शीर्ष अधिकारी भी कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य एआई इकोसिस्टम से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाना और उन्हें आपस में जोड़ना है। इस दौरान बिहार के इनोवेटर्स को भी अपनी तकनीक और क्षमताएं दिखाने का मौका मिलेगा। एक्सपो में स्टार्टअप्स और निवेशकों को जोड़ने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर बिहारवासियों को दी शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि की रात में जागकर जप और ध्यानादि करने का विशेष महत्व है। यह त्योहार हमें भक्ति और साधना से अन्तर को ऊर्जान्वित कर शिव संकल्प लेने का संदेश देता है। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पर्व को पूर्ण भक्ति भाव और विश्व कल्याण की भावना के साथ सोल्लास मनाने की अपील की। राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

# सबको बेहतर शिक्षा बिहार सरकार की प्राथमिकता : विजय चौधरी

### पटना में जापानी तर्ज पर पहली बार खुला कोडाबरी प्ले डे केयर स्कूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एक ऐसा स्कूल खासकर छोटे बच्चों के लिए जो संस्कार, स्वास्थ्य के साथ-साथ माता पिता को कैसे सम्मान किया जाता है। साथ ही बच्चों में एक अलग तरह की पढ़ाई के प्रति जागरूक पैदा करने, उनकी देखभाल करने के साथ जापानी तर्ज पर बच्चों में संस्कार लाना बहुत बड़ी पहल कोडाबरी प्ले डे केयर स्कूल निभाने जा रही है। उक्त बातें जल संसाधन एवं भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी ने स्कूल का उद्घाटन करते हुए कही। श्री चौधरी ने कहा बिहार जहां शिक्षा के लिए सरकार हमेशा तत्पर रहती है। ऐसे में जापानी परम्परा पर आधारित यह स्कूल हर परिवार के लिए वरदान साबित होगा। परिवार को चाहिए कि अगर छोटे बच्चे हैं तो कोडाबरी में एक बार जरूर अपने बच्चों को लेकर आएं और दिखाएं जिससे जापान की परंपरागत पढ़ाई से रूबरू हो सके। स्कूल की संस्थापिका पायल पालिबाल ने कहा कि बहुत सोच समझकर इस स्कूल को खोला गया क्योंकि कुछ हटकर कोडाबरी बच्चों के भविष्य को संवारने का काम करेगी बिल्कुल जापानी तर्ज पर। यह पहला ऐसा स्कूल होगा जहां बच्चों को स्वयं स्पीच देने और उनके डाइट के बारे में जानकारी दी जाएगी क्योंकि स्कूल के पास बच्चों के लिए आडिटोरियम है। मौके पर कृति पालिवाल एवं दुष्यंत पालिवाल के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में सभी पेरेंट्स को पूरे स्कूल में घुमा कर स्कूल के बारे में जानकारी दी गई।

# महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए नितिन नवीन, झांकियों का किया अभिनंदन

### भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर देश में सुख-शांति की कामना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन आज खाजपुरा, नेहरू मार्ग स्थित शिव मंदिर के निकट महाशिवरात्रि शोभा यात्रा के अभिनंदन महोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न इलाकों से आई झांकियों का अभिनंदन किया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन इस दौरान खाजपुरा मंदिर भी गए और भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर देश और बिहार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजकों ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। उन्होंने इस आयोजन की तारीफ करते हुए निकाली गई झांकियों की प्रशंसा की। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अभिनंदन समिति के संयोजक सह दीघा के विधायक संजीव चौरसिया की तारीफ करते हुए कहा कि प्रति वर्ष समिति द्वारा यह आयोजन किया जाता है और प्रत्येक वर्ष इसका स्वरूप बढ़ता जा रहा है। इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पटना सिटी गौरी शंकर मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना कर देवों के देव महादेव से आशीर्वाद मांगा। इस क्रम में उन्होंने देश की समृद्धि की कामना की। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## लालू प्रसाद और राबड़ी गए दिल्ली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और पूर्व सीएम राबड़ी देवी रविवार को पटना से नई दिल्ली गए। सूत्रों के मुताबिक दोनों को एक मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होना है। माना जा रहा है कि यह मामला लैंडफॉर जॉब मामले से जुड़ा है जिसमें लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उनके परिवार के अन्य सदस्य आरोपी हैं। इस मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई चल रही है और पहले से ही कुछ तारीखों पर व्यक्ति गत पेशी से छूट मिली हुई थी, लेकिन अब पेशी की आवश्यकता पड़ सकती है। इससे पहले नेता प्रति पक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव कोर्ट में हाजिरी दे चुके हैं।

# पटना ने एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 के साथ हरित भविष्य की ओर बढ़ाया कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारत के लखनऊ, चंडीगढ़, भोपाल, विशाखापत्तनम, बेंगलुरु, गुवाहाटी, कोलकाता, अहमदाबाद, तिरुवनंतपुरम और जयपुर जैसे शहरों में जोश भरने के बाद एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 का आयोजन पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया गया। 'रन फॉर ग्रीनर इंडिया' संदेश के साथ आयोजित इस मैराथन में 4,500 से अधिक प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के समर्थन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिष्ठित अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई जिनमें अनुराग जोशी-सीजीएम, एसबीआई पटना सर्कल, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव-जीएम, साउथ बिहार, आर. नटराजन-जीएम, नॉर्थ बिहार, विवेक चंद्र जायसवाल -जीएम, झारखंड, देवेश मित्तल-डीजीएम एवं सीडीओ, एसबीआई पटना सर्कल, सुजीत कुमार अरविंद-क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई पटना, कुमार राजेश रंजन-सीजीएम (बैंकिंग लोकपाल), आरबीआई पटना तथा गौतम सिंह -सीजीएम, नाबार्ड शामिल रहे। 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और हाफ मैराथन श्रेणियों में एम्स-प्रमाणित मार्ग पर आयोजित इस दौड़ में पेशेवर धावकों, छात्रों, परिवारों, कॉर्पोरेट टीमों और रक्षा बलों के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरजे शशि और आरजे अंजली ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। ईको-फर्स्ट पहल के तहत ऑर्गेनिक टी-शर्ट, प्लांटेबल बीआईबी, पुनः उपयोग योग्य गुडी बैग, ब्लैक अल्कलाइन वॉटर और समर्पित वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 6 के साथ पटना ने एक बार फिर हरित और सतत भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# नीतू नवगीत ने नारियों की आवाज की बुलंद, गाये महिला सशक्तिकरण के गीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सिवान।** जिला प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेंहदार महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने सभी उपस्थित लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई दी। बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने महोत्सव में नारी सशक्तिकरण तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। अयि गिरि नन्दिनी, नंदित मेदिनी विश्वविनोदिनी नन्दनूते महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का गायन किया जो नारी शक्ति को समर्पित था। भोजपुरी के महान साहित्यकार भिखारी ठाकुर भी नारी के दर्द को पहचानते थे। सांस्कृतिक महोत्सव में नीतू नवगीत ने भिखारी ठाकुर लिखित गीत की शानदार प्रस्तुति दी। भिखारी ठाकुर के बेमेल विवाह पर आधारित विदेशिया नाटक का विवाह गीत चलनी के चालल दूल्हा सूप के फटकारल हो को भी उन्होंने गाकर सुनाया। लोक गायिका नीतू ने महेंद्र मिसिर का गीत पटना से बैदा बुलायी द, नजरा गाईनीं गुइयां, कहे तोसे सजना ये तोहरी सजनियां, बिटिया के भैया बचावल जाई हो, पढ़ लिखकर लेहब जिनगी संवार बाबा, सहब हम न दहेजवा के मार बाबा जैसे गीतों के माध्यम से बालिकाओं की भावनाओं की शानदार अभिव्यक्ति दी। उन्होंने मिथिलांचल और बिहार की बिटिया सीता मां को समर्पित एक गीत सिया जी बहिनियां हमार हो राम लगीहैं पाहूंनवां जैसे गीत भी गाए जिसे दर्शकों ने बहुत ही पसंद किया। वादक कलाकारों ने बेहतरीन संगत किया। हारमोनियम पर राजेश केशरी, ढोलक पर धीरज पांडेय, पैड पर आशीष पंडित एवं कैसियो पर संजय मिश्रा ने संगत किया।

## प्रेमचंद रंगशाला में 'गज फूट इंच' नाटक का मंचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** द स्ट्रगलर्स संस्था के तत्वावधान में पद्मश्री के. पी. सक्सेना द्वारा लिखित नाटक 'गज फूट इंच' का शानदार मंचन रविवार को प्रेमचंद रंगशाला में हुआ। उद्घाटन राज्य कर सहायक आयुक्त डॉ. विनीता कुमारी, वरिष्ठ अभिनेता नीलेश्वर मिश्रा व हम प्रवक्ता रवींद्र शास्त्री नेकिया। नाट्य मंचन में मुख्य पात्र टिल्लू आज भी अपना हिसाब-किताब गज फुट इंच में लगाता है। उसके इस सादगी को लोग पिछड़ापन मानते हैं, लेकिन नाटक की नायिका जुगनी उसके भीतर के इंसान को पहचानने में सफल हो जाती है और अंत में उनकी शादी हो जाती है। इसके बाद टिल्लू लोगों को यह संदेश देता है कि जिंदगी में खुश रहना भी एक कला है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की मौजूदगी में सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष सबीह महमूद, गया के समाजसेवी सनउल्लाह खान, विस्फी के समाजसेवी मिस्बाहुल होदा (अरमान) तथा केवटी के अवकाश प्राप्त शिक्षक अब्दुल वाकी सहित उनके सैकड़ों समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा देश को जोड़ने और समाज के हर वर्ग के सम्मान व अधिकार की लड़ाई लड़ने की है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवाओं, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों का कांग्रेस से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता भाजपा-जदयू सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है और कांग्रेस के नेतृत्व में बदलाव चाहती है। बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नए साथियों से संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज बनने का आह्वान किया। पार्टी में शामिल इन नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हसीब अनवर, राशिद फाकरी, मुदस्सीर शम्स, अजय राम सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शक्तिधाम में भक्ति और आस्था के साथ मनी महाशिवरात्रि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम शिव महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व यहां प्रतिवर्ष पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि अत्यंत धूमधाम, उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं जो 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर रहे थे। मंदिर परिसर को फूलों एवं आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। दिन भर चले इस धार्मिक आयोजन में महाशिवरात्रि की विशेष कथा का पाठ किया गया, वहीं संध्या टेकरीवाल द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों ने वातावरण को पूर्णतः शिवमय बना दिया।

# गोबर से गैस, तालाब से तरक्की से मोतीपुर बन गयी बिहार की आदर्श पंचायत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समस्तीपुर जिले के रोसड़ा प्रखंड में स्थित मोतीपुर ग्राम पंचायत आज बिहार के आदर्श मॉडल पंचायतों में शुमार है। यहां गोबर गैस प्लांट से लेकर पोषण वाटिका तक के प्रयासों ने ग्रामीण जीवन की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। 2016 में मुखिया बनने के बाद प्रेमा देवी ने पंचायत की मूलभूत समस्याओं पर काम करना शुरू किया। पहले यहां गर्मियों में तालाब सूख जाते थे। जलभराव और खराब ड्रेनेज से लोगों को भारी परेशानी होती थी। उन्होंने मनरेगा, 15वें वित्त आयोग जैसी सरकारी योजनाओं के साथ ग्रामीणों की जनभागीदारी से आधारभूत ढांचे को मजबूत किया। आज पंचायत के हर घर तक पेयजल, पक्की नलियां, सड़कें, आवास, बिजली, शौचालय पहुंच चुके हैं। उज्ज्वला योजना, बुजुर्गों, दिव्यांगों व विधवाओं के लिए पेंशन और गरीबों को राशन कार्ड जैसी सुविधाएं शत-प्रतिशत उपलब्ध कराई गईं हैं। प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम ने जलभराव और गंदे पानी से होने वाली बीमारियों को लगभग खत्म कर दिया है। मुखिया ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भी ठोस कदम उठाए गए हैं। अमृत सरोवर, सार्वजनिक और निजी तालाबों का निर्माण व नवीनीकरण किया गया जिससे कुल 11 एकड़ से अधिक क्षेत्र में जल संचयन हुआ। दो दर्जन से ज्यादा निजी तालाब, सोख्ते और सरकारी भवनों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं भी बनीं। भूजल स्तर में सुधार से किसान अब साल में दो फसलें उगा रहे हैं, मत्स्य पालन और पशुओं को पानी मिल रहा है। इसके अलावा सरोवरों के आसपास मियावाकी (जर्मन तकनीक) से वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा और ठंडा बनाया गया है। एक लाख से अधिक पौधे लगाए गए।

गोवर्धन योजना के तहत एक सार्वजनिक और सभी पशुपालकों के घरों में निजी बायोगैस (गोबर गैस) प्लांट स्थापित किए गए हैं। इससे खाना पकाने में एलपीजी की लागत शून्य करने की दिशा में मजबूत प्रगति हुई है। जैविक कम्पोस्ट से रासायनिक खाद पर निर्भरता घटी, खेती की लागत कम हुई और किसान आत्मनिर्भर बने है। एक एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली पोषण वाटिका में 25 प्रकार के फलदार पौधे और 40 प्रकार के औषधीय पौधे लगाए गए हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और छोटे बच्चों को निःशुल्क फल वितरित किए जाते है। शहरों की तर्ज पर सुविधाजनक मॉडल ग्रामीण हाट बनाया गया जहां ताजे फल-सब्जी का बाजार है और करीब 350 परिवारों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। आसपास की पंचायतों को भी इससे लाभ हो रहा है। इसके साथ ही सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, सोलर पैनल और चिल्ड्रेन पार्क बनाए गए जिससे ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। प्रेमा देवी के इन दूरदर्शी प्रयासों को कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। वर्ष 2020 में उन्हें नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, 2023 में स्वास्थ्य पंचायत पुरस्कार और 2025 में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूल योजनाओं के लिए क्लाइमेट एक्शन स्पेशल पंचायत अवार्ड दिया गया।

# बॉलीवुड रेट्रो थीम पर इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र का होली मिलन समारोह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फाल्गुन मास की मधुर शुरुआत के साथ रंगों और उल्लास से सराबोर वातावरण में इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंद्राणी ग्रुप ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ 'बॉलीवुड रेट्रो होली' थीम पर सखियों को आमंत्रित किया जिसने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। समारोह के दौरान हास्य कविताओं की मनमोहक प्रस्तुति, बॉलीवुड के सदाबहार गीतों पर रंगारंग नृत्य और लक्ष्मी व सुनीता के चटकीले चुटकुलों ने उपस्थित सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया। मंच का संचालन गुंजन अग्रवाल ने अपने फिल्मी अंदाज में किया जिसे सभी ने खूब सराहा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष शीतू गांधी ने सभी सदस्यों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया।

# शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन इरशाद अली आजाद पर जांच एवं पुनर्नियुक्ति की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस सह वक्फ सुरक्षा परिषद, बिहार की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से वक्फ सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष अली इमाम भारती ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अत्यंत गंभीर और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। परिषद की स्पष्ट मांग है कि वर्तमान शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन इरशाद अली आजाद पर अविलंब जांच बैठाई जाए और यह सार्वजनिक किया जाए कि पूर्व कार्यकाल में इतने गंभीर आरोपों के बावजूद उन्हें किस आधार पर दोबारा पेयरमैन नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आरोपों का नहीं है, बल्कि पुख्ता दस्तावेजी सबूती, एफआईआर और लीज एग्रीमैट्स का है जिन्हें आज हम मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्य आरोप एवं सबूत है कि खाजकला थाना कांड नवढाल कब्रिस्तान की जमीन इरशाद अली आजाद के कार्यकाल के दौरान नवढाल कब्रिस्तान की वक्फ जमीन को अवैध रूप से लीज पर दे दिया गया। स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के बाद और कोर्ट से अनुमति लेकर इस मामले में खाजकला थाना में एफआईआर दर्ज हुई जिसमें 420 और कई संगीन धाराएं के तहत मामला दर्ज है एफआईआर के कागजात आज हम मीडिया को दिखा रहे हैं। वहीं बीबी फैजुतुल निसा बेगम एवं उम्मुल निसा बेगम लगभग 600-650 एकड़ वक्फ भूमि इरशाद अली आजाद के पूर्व कार्यकाल में अवैध तरीके से मुतवली तनवीर की नियुक्ति की गई उसी तनवीर के जरिए अरक्कम निवासी अशोक कुमार सिंह को पूरी 500 एकड़ भूमि लीज पर दे दी गई थी। सबसे गंभीर बात यह है कि लीज एग्रीमेंट में यह अधिकार दे दिया गया कि अशोक कुमार सिंह चाहे तो इस वक्फ भूमि को अपने नाम से म्यूटेशन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ एक्ट का सीधा उल्लंघन है और वक्फ संपति को निजी संपति में बदलने की खुली साजिश है। लीज और म्यूटेशन से जुड़े कागजात आज प्रस्तुत किए जा रहे हैं। वक्फ एस्टेट नंबर 27 अमीरी बेगम की भूमि पर पूर्व से मस्जिद मौजूद थी मस्जिद को तुड़वाकर उसी भूमि पर भव्य कमर्शियल मल्टीप्लेक्स/कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया यह न केवल वक्फ कानून बल्कि धार्मिक भावनाओं का भी गंभीर उल्लंघन है। वक्फ एस्टेट नंबर 19-मौर नाजिर अली, सदर गली, पटना सिटी यहां एक मस्जिद थी मस्जिद के पूरे भूभाग को नष्ट कर दो मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई मस्जिद के नाम पर केवल 10 फीट 10 फीट की प्रतीकात्मक जगह छोड़ी गई। वहीं वक्फ एस्टेट नंबर 28-अमौरी बेगम, टिकियाटोली (गुरु गोविंद सिंह हॉस्पिटल, गिरजा हॉस्पिटल के पास) यहां मस्जिद और इमामबाड़ा दोनों मौजूद ये इमामबाड़ा के ऊपर अपार्टमेंट/फ्लैट का निर्माण करा दिया गया।

# किसान आंदोलन के जनक, दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती मनायी गयी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, गांधी विचार मंच और लोक समिति के तत्वावधान में आदिवासी कॉलोनी पटना सर्वोदय समाज के कार्यालय में दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी जी भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के साथ-साथ किसान आंदोलन के जनक थे। वे आदि शंकराचार्य परम्परागत दंडी स्वामी और समाज सुधारक, लेखक, इतिहासकार थे। उनके द्वारा हुंकार नामक पत्रिका का प्रकाशन भी शुरू किया गया। किसान नेता योगेंद्र ने कहा कि उनका जन्म 1889 और मृत्यु 1950 को हुआ। वे शिवरात्रि के दिन ही पैदा लिए थे।

# महाशिवरात्रि पर 2 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध गुप्ताधाम में महाशिवरात्रि पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। लगभग दो लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सुबह 1 बजे से ही श्रद्धालुओं की जत्था पहाड़ के विभिन्न रास्ते से होकर पहुंचा गुफा द्वारा के पास हाथ में बेलपत्र और जल लेकर धाम के पास स्थित सीता कुंड में स्नान करने के बाद गुफा स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान हर हर महादेव के नारे से रोहतास-कैमूर पहाड़ी की जंगल गूंज रही थी। गुप्ताधाम विकास कमेटी के सदस्यों द्वारा उन्हें कतारवद्ध दर्शन कराया गया। दुर्गावती जलाशय से होते हुए दुपहिया वाहन से भी जलाभिषेक और पूजा अर्चना करने के लिए भी पहुंचे। गुप्ताधाम में पेयजल की किल्लत के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस महाशिवरात्रि में कमेटी अध्यक्ष गोपाल सिंह खरवार ने कहा कि धाम पर दवा, पानी व ऑक्सीजन की व्यवस्था समुचित ढंग से की गई है। धाम पर गुप्ताधाम विकास कमेटी द्वारा खोया-पाया केंद्र भी खोला गया है, लेकिन श्रद्धालुओं का कहना है कि गुफा में ऑक्सीजन गैस की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कठिनाई हो रही है। 5 किलोमीटर लंबी कतार में फैली इस मेला में बिजली व पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई है। धाम के महंथ राजबली सिंह ने बताया कि रविवार को शिवरात्रि के दिन लगभग 2 लाख श्रद्धालु पहुंचे और पवित्र शिवलिंग पर अभिषेक और पूजा अर्चना की। पिछले चार दिनों से शिव भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। मेला में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जमानिया मऊ गोरखपुर बनारस चंदौली वहीं बिहार से बक्सर, आरा, पटना, सासाराम, भोजपुर और झारखंड मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले से लोग पहुंचे। पनारी घाट, उगहनी घाट व अन्य रास्ते से होकर लोग आ रहे हैं। बहुत सारे श्रद्धालु पैदल यात्रा कर पवित्र शिवलिंग पर अभिषेक करने के लिए पहुंचे। काफी संख्या में भीड़ को देखते हुए चेनारी थाना का भी गश्ती दल बढ़ाया गया है। ताकि किसी भी श्रद्धालु को दर्शन करने में कोई कठिनाई न हो। उधर वन विभाग की टीम भी श्रद्धालुओं को देखते हुए काफी मुस्तैद है। ताकि श्रद्धालु पवित्र शिव लिंग पर दर्शन और जलाभिषेक कर सके।



# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा कैमूर, शिवालयों में जलाभिषेक





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कैमूर जिले में हर ओर भक्ति का नजारा देखने को मिला। अहले सुबह से प्रारंभ शहर से लेकर गांव तक पूजा अर्चना के दौरान शिव भक्तों की जयकारा से शिवालय हर हर महादेव की जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोष के बीच शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। जिले के प्रवरा पहाड़ी पर मां मुंडेश्वरी मंदिर में स्थित चतुर्मुखी शिवलिंग, अमांव गांव के दयाल नाथ महादेव मंदिर, जलेश्वर नाथ महादेव मंदिर, जागेश्वर नाथ, बुढ़वा महादेव, वीरेश्वर महादेव, नर्वदेश्वर महादेव, सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव, अर्धनारीश्वर महादेव, नर्मदेश्वर महादेव, त्रिलोकीनाथ महादेव, डाकेश्वर महादेव, देवी जी मंदिर, बड़वा पहाड़ी, हरसुब्रह्म धाम आदि शिव मंदिरों में लाखों शिव भक्तों ने भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना की। महा शिवरात्रि को लेकर पूजा समितियों के द्वारा शिवालयों को आकर्षक लूक में सजाया गया है। इस अवसर पर जिले के कई मंदिरों में भजन-कीर्तन, फाग गीत भी गायकों द्वारा गाए गए। अबीर-गुलाल उड़ते रहे। कुछ भक्त उपवास भी रहे। खासकर महिलाएं। कुछ भक्तों ने शिव कथा का श्रवण किया तो कुछ ने शिव स्तोत्र का पाठ किया और कुछ ने 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया। इस दौरान दान-पुण्य भी किया गया।

# दो चोर छह मोबाइल के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) डिहरी ऑन सोन एवं (जीआरपी) की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से कुल 6 एंड्रॉयड स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 फरवरी 2026 को निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं आरक्षी उमेश कुमार (रेसुब पोस्ट डिहरी ऑन सोन) तथा जीआरपी डिहरी की ओसी सईदा खातून, पुअनि शिव शंकर भगत एवं महिला सिपाही ज्योति कुमारी संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी कर रहे थे।

इसी दौरान डिहरी ऑन-सोन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 के पश्चिमी फुट ओवरब्रिज के पास गाड़ी संख्या 12987 अप से दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में उतरते देखा गया। पूछताछ के क्रम में दोनों ने अपना नाम इम्तियाज अंसारी (उम्र करीब 18 वर्ष), निवासी जाक्खी बिगहा मणिनगर वार्ड संख्या 19, थाना डिहरी, जिला रोहतास रंजीत चौधरी (उम्र करीब 23 वर्ष), निवासी कटार डीएवी पब्लिक स्कूल के पास वार्ड संख्या 11, थाना इंद्रपुरी, जिला रोहतास, निरीक्षक प्रभारी ने बताया कि मौके पर तलाशी लेने पर दोनों के पास से अलग-अलग कंपनियों के 3-3 कुल 6 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने स्वीकार किया कि सभी मोबाइल उन्होंने ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों से चोरी किए हैं। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामद 6 मोबाइल फोन के साथ अग्रिम कार्रवाई हेतु रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया गया है। आरपीएफ की इस कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# मेडिकल छात्रों एवं वरिष्ठ बैच के साथ रैगिंग निषेध सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली के दिशा निर्देश के आलोक में आज नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार में नव प्रवेशी चिकित्सा शिक्षा छात्रों एवं उनके वरिष्ठ बैच के साथ रैगिंग निषेध सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, कुलपति डॉ जगदीश सिंह, रोहतास के सिविल सर्जन डॉ मणि रंजन, मुफस्सिल थाना डिहरी के थानाध्यक्ष नीतीश कुमार एवं वरिष्ठ पत्रकार सह अधिवक्ता ददन पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।




इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कुलाधिपति ने वरिष्ठ छात्रों को सम्मान देने की अपील करते हुए कहा कि वरिष्ठ छात्र नव प्रवेशित छात्रों को अपना छोटा भाई समझते हुए प्रेम पूर्वक उनके साथ व्यवहार रखें ताकि किसी प्रकार का कोई तनाव उत्पन्न न हो। कुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ने कहा कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है और उच्चतम न्यायालय ने इस पर कड़ा रुख करते हुए सजा के प्रावधान किए हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन रोहतास ने छात्रों को लगन से शिक्षा ग्रहण करने एवं समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका के निर्वहन करने की सलाह दी। डिहरी मुफस्सिल थाना प्रभारी ने छात्रों को यह बताया कि किसी प्रकार के रैगिंग के मामले में पकड़े जाने पर उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है और उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है। इसलिए रैगिंग जैसे किसी भी कृत्य से अपने को दूर रखना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार ददन पांडे ने विस्तृत रूप से समझाते हुए छात्रों को कहा कि यह कानूनी रूप से अवैध है एवं इसमें पाए जाने पर संस्थान से बाहर तक किए जा सकते हैं। जेल एवं जुर्माना भी हो सकता है। इसलिए रैगिंग से दूर रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह, कुलसचिव डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव मिथलेश कुमार सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सभी विभागों के अध्यक्ष एवं वरीय शिक्षक गण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विनोद शंकर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, अमित कुमार, प्रवीण कुमार, राकेश कुमार, पुष्कल रंजन, रविंद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने की।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों मे उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महाशिवरात्रि पर शहर व ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के सुबह से ही मंदिरों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया जो देर रात तक जारी रहा। श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए। शहर के प्रख्यात झारखंडी महादेव मंदिर, गोडईला पहाडी स्थित तिलेश्वर महादेव, बारह पत्थर स्थित शिव शक्ति मंदिर, शिवगंज कुटिया मंदिर समेत अन्य शिवालयों में विशेष सजावट की गई थी। मंदिर परिसरों को फूल-मालाओं और विद्युत रोशनी से सजाया गया था। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और शिव महिमा का पाठ भी आयोजित किया गया जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयंसेवकों के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रमुख मंदिरों में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं, फिर भी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहने से श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हुई। ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। जगह-जगह भंडारे और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



देर शाम बारह पत्थर स्थित ऊं शिव शक्ति मंदिर से जय श्री राम अखाड़ा समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में, राजद नेता गुड्डू चन्द्रवंशी, ज्ञानी सोनी, पिंटू कुमार, धुरा, राजन चौधरी, ललन सिंह गदर, हनुमान चन्द्रवंशी, सन्नी, अंग्रेज चन्द्रवंशी गुली कुमार, दीपक चन्द्रवंशी की उपस्थिति में शिव विवाह का भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

# मेहतर सेवा संघ के बैनर तले अमित पटेल ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मेहतर सेवा संघ बिहार के तत्वावधान में समाज के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डिहरी के एनिकट अनुमंडल के निकट काली स्थान प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी अमित पटेल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस जगत में गरीब एवं असहायों की सेवा सर्वोपरि है। जरूरतमंदों की सहायता करने से आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि वे निष्ठा और लगन के साथ समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रदेश कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल, रोहतास जिलाध्यक्ष शशि कुमार, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार एवं डिहरी नगर अध्यक्ष विनोद कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प की टीम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपूरा और दावथ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प की स्टेट टीम ने निरीक्षण किया। टीम में डीपीसी डॉ. संजीव कुमार मधुकर, डीपीएम डॉ. अंजू लता और स्टेट पिरामल के मुकेश कुमार शामिल थे। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। सूर्यपूरा में टीम ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवा भंडारण और उपलब्धता, रजिस्ट्रेशन काउंटर की व्यवस्था, ओपीडी कक्ष, प्रयोगशाला, प्रसव कक्ष, शिशु कक्ष, दवा वितरण केंद्र, परिवार नियोजन परामर्श कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, इनडोर एवं आउटडोर सेवाओं का निरीक्षण किया। दावथ में भी टीम ने रजिस्ट्रेशन काउंटर, दावा वितरण काउंटर, चिकित्सक कक्ष, दंत चिकित्सक कक्ष, प्रयोगशाला, प्रसव कक्ष, एक्सरे रुम, टीकाकरण स्थल, इमरजेंसी, परिवार नियोजन परामर्श केंद्र, मुख्य दावा भंडार, शौचालय, आंतरिक और बाह्य परिसर की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का सत्यापन भी किया गया और मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। टीम ने स्वच्छता मानकों के पालन, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया की समीक्षा की। जांच उपरांत टीम ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।डीपीसी डॉ. संजीव कुमार मधुकर ने बताया कि रैंकिंग के लिए निरीक्षण रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय भेजी जाएगी।



# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले जदयू प्रदेश नेता आशुतोष सिंह, दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन से मिलकर जनता दल (यू) के प्रदेश नेता सह अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आशुतोष सिंह ने कहा कि बिहार के लिए यह गौरव की बात है कि प्रदेश के रहने वाले नेता को विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे बिहारवासियों में खुशी और गर्व की भावना है। जदयू प्रदेश नेता ने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से एनडीए गठबंधन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत भाजपा-जदयू का तालमेल आगामी चुनावों में सकारात्मक परिणाम देगा और बिहार के विकास को नई दिशा मिलेगी। आशुतोष सिंह ने कहा कि एनडीए गठबंधन ने यह साबित किया है कि एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लगन के बल पर शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में परिवारवाद की कोई जगह नहीं है और कार्यकर्ताओं को उनकी क्षमता के आधार पर अवसर दिया जाता है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दलों में परिवारवाद हावी है जबकि भाजपा ने नितिन नवीन जैसे साधारण पृष्ठभूमि के कार्यकर्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है।



# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जहां प्रबुद्ध लोगों ने अपने-अपने विचार और वंदे मातरम से संबंधित ऐतिहासिक जानकारियां उपस्थित लोगों के बीच रखी। नगर के इन्दु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज के प्रांगण में प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज के तत्वावधान में वंदे मातरम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित और मां भारती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि वंदे मातरम स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों का महामंत्र बन गया था जो अपने मातृभूमि को समर्पित है। मुख्य वक्ता डॉ अरुण कुमार ने वंदे मातरम के उदगम, इतिहास, महत्व तथा वर्तमान समय में स्थिति पर बहुत मार्मिक तरीके से उपस्थित सदन के सामने रखे। इस अवसर पर समाज से आए हुए कई विद्वान मुख्य रूप से संजय तिवारी, संतोष चंद्रकांत, रामनरेश पाण्डेय, मदन प्रसाद वैश्य, डॉ नीरजा ने सारगर्भित विषय रखा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्र ने किया तथा सह संयोजक अजय शंकर तिवारी ने कार्यक्रम में आए सभी सम्मानित विद्वानों, संयोजक डॉ दिलीप कुमार, सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।




# एनएच में जमीन देनेवाले भू स्वामियों को 31 करोड़ मुआवजे का भुगतान : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ (कैमूर)।** भारतमाला परियोजना के 2549 पंचाटी रैयतों (भू स्वामियों) में से अब तक 1731 रैयतों ने आवेदन जमा किया है। इनमें से 910 रैयतों के खाते में लगभग 135 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए जा चुके हैं। यह जानकारी रविवार को आयोजित समीक्षा बैठक में जिला भू अर्जन अधिकारी ने डीएम को दी। कहा कि पिछले माह की समीक्षा बैठक तक 790 रैयतों के खाते में 104 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए थे। उसके बाद से अब तक एक माह में 120 रैयतों के खाते में 31 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। साथ ही इस दौरान 225 नए आवेदन आए। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से कहा कि बाकी बचे रैयतों का भी शीघ्र भुगतान कर भारतमाला परियोजना के कार्य तेजी से पूरे कराएं। वे समाहरणालय स्थित मां मुण्डेश्वरी सभागार में भू अर्जन, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से रैयतों के दस्तावेजों में कमी के कारण भुगतान में आने वाली दिक्कतों को दूर करने व रैयतों की सहायता करते हुए भुगतान की तीव्र कार्रवाई करने को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मियों की सराहना की। कहा कि जिन रैयतों का मुआवजा लंबित है उनके आवेदनों का भी तीव्र गति से निष्पादन कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराएं। डीएम ने एनएच/एनएचएआई के परियोजना निदेशकों/कार्यपालक अभियंताओं और संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्धारित समय सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण कराने के लिए कहा। साथ ही किसी प्रकार की समस्या आने पर जिला भू-अर्जन अधिकारी, अनुमंडल अधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्षों को अवगत कराने के लिए कहा।

# दलालों के द्वारा अवैध रूप से शादी कराने के मामले में हुई गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज क्षेत्र से दलालों के द्वारा अवैध शादी कराकर दूसरे राज्य दिल्ली जाने के मामले में गिरफ्तारी होने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज सिंधु शेखर सिंह सैनिक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अवैध रूप से शादी करा कर एवं दलाल द्वारा पैसे का प्रलोभन देकर राजस्थान ले जाने को लेकर विवाद हो रहा था जिसमें पुलिस द्वारा सभी को पकड़ा गया एवं आवेदिका शिवानी कुमारी के आवेदन के आधार पर उपर्युक्त कांड अंकित किया गया। ये अवैध रूप से शादी कराने का मामला है जिसमें पैसे का प्रलोभन देकर शादी कराया जाता है। इस कांड में संजय साह उम्र करीब 35 वर्ष पिता गौरी साह, रूबी देवी उम्र 30 वर्ष पति संजय साह दोनों सा.-सेमरिया मिल थाना-करगहर जिला-रोहतास, निर्मल उम्र 27 वर्ष पिता रतन लाल एवं रतन लाल उम्र 55 वर्ष पिता छुवा लाल दोनों सा.-सवाईपुर थाना-बडिलियास जिला-भिलवाड़ा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य को गिरफ्तारी की जा रही है। बताया गया कि 14 फरवरी 2026 को तेन्दुनी चौक पर वादिनी की मां एवं उक्त सभी लोग के बीच वादिनी को राजस्थान ले जाने को लेकर खींच-तान कर रहे थे। इसी बीच पुलिस पहुंची एवं उक्त सभी लोगों को थाने ले आई। इस मामले में संजय साह पिता गौरी साह के पास से प्रलोभन में दिये जाने वाले बीस हजार रूपये भी बरामद किए गए।

# नहर में डूबने से एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** मोहनियां थानान्तर्गत सकरौली गांव में रविवार की सुबह एक व्यक्ति की नहर किनारे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सकरौली गांव निवासी शिवनारायण साह के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि शिवनारायण साह सुबह शौच के लिए नहर की ओर गए थे। लौटते समय नहर किनारे उनका पैर फिसलने से नहर के बगल पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। आसपास खेल रहे छोटे बच्चों ने उन्हें डूबते देखा और शोर गुल मचाया जब तक परिजन पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक, भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन रहा व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई जहां पूजा करने के साथ ही मेले का भी आयोजन नजर आया। शहर के बिजली ऑफिस सासाराम रोड, दुर्गा मंदिर के पास, थाना चौक धनगाई, नोनहर , दावथ बुढ़वा शिव मंदिर, योगिनी प्राचीन शिव मंदिर नगर पंचायत कोआथ, डेवढी धाम शिव मंदिर, सूर्यपुरा बंगाल नाथ शिव मंदिर के साथ ही काराकाट प्रखंड के प्रखंड परिसर मंदिर तथा देव मारकंडे के प्रसिद्ध शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की जहां काफी भीड़ देखी गई तो पुलिस-प्रशासन की पूरी टीम भीड़ एवं यातायात नियंत्रण में व्यस्त दिखाई दी। काराकाट के देव मारकंडे एवं बिक्रमगंज प्रखंड के कस्तर स्थित प्राचीन शिवालय में महाशिवरात्रि के अवसर पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान मंदिरों में जाने के लिए लोगों की बेतहाशा भीड़ तथा गाड़ियों के पार्किंग को व्यवस्थित करने में पुलिस प्रशासन एवं कार्यकर्ताओं को काफी मशक्कत करना पड़ा। मंदिर की तरफ जाने वाले मुख्य सड़क पर काफी दूर से ही जाम की स्थिति बनी थी जहां श्रद्धालुओं को पहुंचने में पैदल का सहारा लेना पड़ा। मार्ग से लेकर शिवालयों तक हर हर महादेव जय भोले के उद्धोष होते रहे। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज सिंधु शेखर सिंह के हवाले से बताया गया कि मंदिर तक जाने वाले सड़क पतली होने और वाहनों की संख्या को देखते हुए प्रवेश मार्ग से पहले ही पार्किंग की व्यवस्था की गई। रास्ते में पुलिस बल भी तैनात रहे।



# कलश शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु







**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** प्रखंड की बेलखुंडा पंचायत के जसत स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत शनिवार को कलश शोभायात्रा के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। कलश शोभायात्रा में 251 कलश लेकर महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं। इसके साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शोभायात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने लगभग पांच किलोमीटर की पैदल यात्रा तय कर बड़ी गुलनी मोड़ स्थित बाबा सुंदर दास की कुटिया के पास तालाब से जल भरा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा के दौरान रास्ते भर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं युवाओं ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर परिसर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन से जुड़े समाजसेवी जयराम यादव, रणवीर केवट, रंजन केवट और योगेश्वर यादव ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष महाशिवरात्रि पर यह अनुष्ठान आयोजित किया जाता है। रविवार से सोमवार तक 24 घंटे का अखंड कीर्तन होगा, जिसमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरीक यादव, रामाशीष यादव, अजय रविदास और नगीना केवट सहित कई ग्रामीण सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इधर, कलश शोभायात्रा में जिला पार्षद प्रतिनिधि पंकज सिंह भी शामिल हुए और आयोजन की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि अखंड कीर्तन के समापन के बाद विधि-विधान से अनुष्ठान की पूर्णाहुति की जाएगी तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। इधर, बड़की मडहल में भी कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के बाद 24 घण्टे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ।

### फतेहपुर में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकली

**नवादा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम फतेहपुर स्थित शिव मंदिर से चुन्नू बाबा की अध्यक्षता में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ बारात में भाग लिया। डीजे, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा गांव शिवमय हो उठा। इस अवसर पर अकबरपुर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा भी शामिल हुए और शोभायात्रा में उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनीष कुमार सिन्हा उर्फ गोपाल सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, अनिल सिन्हा, चुन्नू सिंह, सुमन कुमार, विक्की लाल, कुकू कुमार, बिट्टू कुमार, शंकर कुमार, गुलशन, नवीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गांव की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### कौआकोल में परम्परागत तरीके से मनाया गया महाशिवरात्रि

**कौआकोल।** रविवार को महा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर कौआकोल प्रखण्ड में उत्साह एवं भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि का त्योहार परम्परागत तरीके से मनाया। इस अवसर पर प्रखण्ड के सभी शिवालों की साफ सफाई कर सुसज्जित ढंग से सजाया गया। इस अवसर पर शिव भक्तों ने दिनभर उपवास रखकर व्रत की तथा शिव मन्दिरों में पुजा अर्चना कर शिव लिंग पर जलाभिषेक किया। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रानीबाजार गांव सहित कई गांवों में भव्य शिव बारात की शोभा यात्रा भी निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने खासकर महिला और युवकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शिव-पार्वती विवाह उत्सव मन्दिरों में आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कौआकोल ब्लॉक परिसर का शिव मंदिर, रानीबाजार शिव पार्वती मंदिर, सोखोदेवरा का एकदण्ड महादेव मंदिर,बाबा बम्बेश्वर नाथ मंदिर, भोरमबाग महादेव मठ, बरौन बाजितपुर, महापुर, नावाडीह सहित विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ देखी गई। इस अवसर पर जगह-जगह भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# नालंदा में रेल समस्याओं को लेकर रेल मंत्री से मिले सांसद कौशलेंद्र कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात किया और रेल संबंधी समस्याओं का पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि दानापुर मंडल स्थित नेउरा-बरबीघा रेल खंड पर चण्डी हॉल्ट के निकट रेलवे फाटक (गुमटी संख्या-07) के समीप बने अंडरपास में बरसात के मौसम में चार-पांच महीने तीन-चार फीट पानी भरा रहता है। क्षेत्रवासियों को परेशानी इस बात से है कि इस अंडरपास से किसानों के हारवेस्टर और बड़ी गाड़ियां नहीं निकल पा रही हैं। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि इसे बन्द करके अंडरपास का उपयोग किया जाएगा। रेलवे फाटक ही दर्जनों गाँवों के आवागमन का एक मुख्य मार्ग है। इस क्षेत्र के लोग मुख्य रूप से कृषि पर ही निर्भर हैं और कृषि से जुड़े लोग इसी मुख्य मार्ग से आवागमन करते हैं। रेलवे फाटक को बन्द करने की आशंका के कारण स्थानीय निवासियों में रेलवे प्रशासन के प्रति भारी गुस्सा एवं आक्रोश व्याप्त है। अतः नेउरा-बरबीघा रेल खंड पर चण्डी हॉल्ट के निकट रेलवे फाटक के समीप बने अंडरपास के साथ ही रेलवे फाटक को भी यथावत चालू रहने दिया जाए। दानापुर मंडल अन्तर्गत नवादा से पटना तक चलने वाली मेमू गाड़ी संख्या-63389/63390 का ठहराव रुखाई हॉल्ट सहित सभी हॉल्टों पर किया जाए। बिहारशरीफ और नूरसराय के मध्य कैड़ी गांव में रेलवे हाल्ट का निर्माण और गाड़ी का ठहराव किया जाए। ग्राम पंचायत-आमावां में आमावां रेलवे हॉल्ट का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। नवनिर्मित रेल खंड बिहारशरीफ वाया अस्थावाँ व शेखपुरा के मध्य तिउरी गांव में रेलवे हाल्ट का निर्माण कराया जाए। राजगीर से दनियावां होते हुए फतुहा तक चलने वाली मेमो ट्रेन को पटना जंक्शन/ दानापुर तक विस्तारित करने के साथ ही इस लाइन पर एक जोड़ी अतिरिक्त मेमो ट्रेन चलाया जाये। बिहारशरीफ में प्रस्तावित दो रेल ओवर ब्रिज, क्रमशः सोहसराय एलसी/30 और बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन के दक्षिण एलसी/34 यथाशीघ्र कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए जाएं। रुखाई हाल्ट के पास, बढ़ौना हाल्ट के निकट खरजमा गांव के पास, राम हाल्ट के पास बने अंडरपास में जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। इसके अतिरिक्त नालंदा में निर्मित अधिकांश रेलवे अंडरपास से बसों, बड़े वाहनों और किसानों के कृषि-यंत्र, हारवेस्टर आदि नहीं जा पा रहे हैं। अतः अंडरपास के साथ ही जहाँ रेलवे फाटक है, उसे यथावत चालू रहने दिया जाय। साथ ही अन्य अंडरपास के स्थान पर वहां रेल ओवर-ब्रिज अथवा रेलवे फाटक का निर्माण कराया जाये।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई महाशिवरात्रि





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले भर में महाशिवरात्रि श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन भी आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिरों को आकर्षक फूलों एवं रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। पर्व के मद्देनज़र प्रशासन द्वारा सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई थी। प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। वास्तु विहार दीपनगर फेज 1 परिसर स्थित शिवमंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया। रंग बिरंगे लाइट लगाए गए। सुबह से ही वास्तु विहार परिसर के लोग मंदिर में पूजा करते नजर आये। संध्या में पूजा अर्चना के बाद शिव बारात बड़े धूमधाम और भक्ति भाव के साथ निकाली गई। बारात में शामिल श्रद्धालु शिव-पार्वती के रूप में सजे कलाकारों के साथ ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने जगह-जगह बारात का स्वागत किया।

# त्रिपुरा के राज्यपाल का नालंदा विश्वविद्यालय में आगमन



**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** त्रिपुरा के राज्यपाल नल्लू इंद्र सेन रेड्डी शनिवार को राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचे। वे अपनी धर्मपत्नी के साथ विश्वविद्यालय परिसर में आए। परिसर में आगमन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। राज्यपाल ने नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का विस्तृत भ्रमण किया और संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बौद्ध अध्ययन, वैदिक परंपराओं के प्रभाव, समुद्री इतिहास और भारत की प्राचीन सभ्यतागत विरासत से जुड़े विषयों में विशेष रुचि दिखाई। साथ ही विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक, अनुसंधान एवं सामुदायिक पहलों की जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के नेट ज़ीरो सतत परिसर को देखा और पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक अधोसंरचना, उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता तथा वैश्विक दृष्टिकोण से युक्त शिक्षण पद्धति की सराहना की। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक वैश्विक शिक्षा से जोड़ने का सशक्त उदाहरण है। राज्यपाल के इस दौरे से नालंदा विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान और अकादमिक प्रतिष्ठा को नई मजबूती मिलने की बात कही जा रही है।

## एक नजर

### भगवान शनि देव का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** नारदीगंज रोड स्थित गढ़ पर भगवान शनि देव का वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष अनुष्ठान के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के तहत आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी, उनकी पत्नी बबीता सिंह एवं पुत्री श्रेया सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने सक्रिय योगदान दिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रिंस कुमार, चंदन कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद, अरुण कुमार, विकास कुमार, राजीव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, श्याम जी, रॉकी, बबीता सिंह तथा श्रेया सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गोवर्धन मंदिर धाम में निकली शिव बारात





**नवादा।** नवादा नगर की शान गोवर्धन मंदिर धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। शिव बारात की पारंपरिक शोभायात्रा में भूत-बेताल, ओझा-गुनी, डायन-कामायन समेत विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सिद्धहस्त कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गईं। ढोल-ढाक, झांझ-मंजीरा, ताशा पार्टी और डीजे आर्केस्ट्रा की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं की बारात स्टेडियम रोड, पुरानी जेल रोड, गोला रोड, सोनारपट्टी रोड, मेन रोड, प्रजातंत्र चौक, भगत सिंह चौक और व्यवहार न्यायालय के पीछे कृष्णा पथ होते हुए पुनः गोवर्धन मंदिर पहुंची। मंदिर में आचार्य ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा। देर शाम विधि-विधान के साथ शिव-पार्वती विवाह संपन्न कराया गया। मंदिर समिति के सचिव महेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित इस विवाहोत्सव में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से यह आयोजन धूमधाम से किया जाता है। विवाहोत्सव के मुख्य जजमान एकलव्य कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी ने उपवास रखकर संपूर्ण विधि-विधान संपन्न कराया। मौके पर विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, अरविंद मिश्रा, चंचला मिश्रा समेत कई जनप्रतिनिधि, नेता, कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।

### मोहन मुरारी सिंह बनें लोजपा (रा) संसदीय बोर्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष

**कौआकोल (नवादा)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के पाली गांव निवासी मोहन मुरारी सिंह को लोजपा (रा) संसदीय बोर्ड का प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि ओखरिया गांव निवासी विनय कुमार को जिला सचिव मनोनीत किया गया है। लोजपा(रा) संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष सह बरेव पंचायत के मुखिया अभिमन्यु कुमार ने पत्र जारी कर इसकी सूचना दोनों को दी है।

# स्वास्थ्य शिविर में 500 मरीजों का मुफ्त इलाज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जीवन हॉस्पिटल पार नवादा के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मदरसा फैजुल बारी में किया गया । इस दौरान डॉक्टरों द्वारा करीब 500 मरीज का मुफ्त इलाज किया गया। जिसमें मुफ्त में हृदय रोग की जांच, लीवर की जांच, फेफड़ा की जांच, शुगर जांच, थायराइड की जांच, यूरिक एसिड की जांच इत्यादि की गई। इसके अलावा दूसरे जांचों में भी 50 प्रतिशत की छूट दी गई। साथ ही मरीजों को मुफ्त में दवाओं का भी वितरण किया गया। इस शिविर में पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद, विनोद यादव, प्रिंस तमन्ना, सलमान खुर्शीद, मुख्तार अंसारी एवं दूसरे सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। सभी ने इस कार्य की सराहना की । मौके पर जीवन हॉस्पिटल पार नवादा के अध्यक्ष डॉक्टर मकसूद आलम, डायरेक्टर डॉक्टर अबुजर रिजवी, डॉ ओवेदा एवं डॉक्टर अबू सहाना मरीजों के इलाज और देखभाल में मौजूद रहे । डायरेक्टर ने बताया कि इस तरह के निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन जीवन मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा हर माह किया जाता है ताकि गरीबों और जरूरतमंदों का इलाज मुफ्त में किया जा सके ।

# मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान में आयोजित प्रवेश परीक्षा में 967 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार एवं झारखंड में शिक्षा के अग्रदूत के रूप में प्रतिष्ठित मॉडर्न शैक्षणिक समूह के विभिन्न विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए पहली से नौवीं कक्षा तक नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 मार्च को किया गया। इस परीक्षा में नवादा, गया, नालंदा, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय एवं कोडरमा जिलों के कुल 967 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रवेश परीक्षा के लिए मॉडर्न इंग्लिश स्कूल (कुंती नगर), मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल (हिसुआ) एवं मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल (नारदीगंज) को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने सभागार में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान शिक्षा-सेवा के मूल सिद्धांत पर कार्य करता है, न कि शिक्षा के व्यवसायीकरण पर। उन्होंने आश्वस्त किया कि आर्थिक रूप से कमजोर किंतु मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को धन के अभाव में कभी बाधित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान में अत्याधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, खेलकूद, कला, संगीत एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया के उप प्राचार्य सह परीक्षा नियंत्रक सुजय कुमार ने बताया कि परीक्षा परिणाम 17 मार्च को विद्यालय की वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जाएगा।

# विधायक ने किया सड़क निर्माण व चबूतरा निर्माण कार्य का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** महाशिवरात्रि पर बिहारशरीफ के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शहर को विकास की नई सौगात दी। इस दौरान उन्होंने कई विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया तथा शहरवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सोहसराय गोला रोड में प्रारंभ से पंचाने नदी में पुल होते हुए मिश्रा टेंट हाउस के मकान से मोगलकुंआ मस्जिद के निकट अवस्थित रांची रोड मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस योजना पर कुल 51 लाख 2 हजार 290 रुपये की प्राक्कलित राशि खर्च की जाएगी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत बाबा मणिराम अखाड़ा के उत्तर गैरमजरूआ भूमि पर चबूतरा निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया, जिस पर 14 लाख 90 हजार रुपये की लागत आई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज बाबा मणिराम अखाड़ा परिसर में मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन हो रहा है। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाबा मणिराम अखाड़ा प्राचीन काल से आस्था का केंद्र रहा है, जहां पहले शिवलिंग गहरे गड्ढे में पानी में डूबा हुआ था। चुनाव से पूर्व स्थानीय लोगों द्वारा इस मंदिर की स्थिति से अवगत कराए जाने के बाद इसके नवनिर्माण का संकल्प लिया गया, जो अब पूर्णता की ओर है। उन्होंने जानकारी दी कि चुनाव से पूर्व विकास कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है, जिससे मंदिर परिसर के साथ-साथ तालाब का जीर्णोद्धार, सीढ़ियों का निर्माण और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं भी की जाएंगी।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** पावन महाशिवरात्रि के अवसर पर हिलसा प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के भोर से ही श्रद्धालु जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा लेकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन हेतु मंदिरों में कतारबद्ध नजर आए। "हर हर महादेव" और "बम बम भोले" के गगनभेदी जयकारों से पूरा इलाका भक्तिरस में डूबा रहा—एक शांत, उजला, और सजीव दृश्य।

प्रमुख शिवालयों में बाबा अभयनाथ धाम सह मानव सेवा आश्रम, श्री नर्मेश्वर महादेव मंदिर, भुवनेश्वर नाथ मंदिर, श्री गौरी शक्ति धाम, कोर्ट परिसर शिव मंदिर, प्रखंड कार्यालय शिव मंदिर, पटेल नगर शिव मंदिर, बिहारी रोड शिव मंदिर, काली स्थान शिव मंदिर, खोरमपुर शिव मंदिर, देवनगर शिव मंदिर, हिलसा थाना परिसर शिव मंदिर तथा डकबंगला शिव मंदिर में विशेष रौनक देखी गई। कई मंदिरों में रुद्राभिषेक, अखंड कीर्तन और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने पर्व को सामूहिक उल्लास का रूप दिया। मंदिर परिसरों के बाहर प्रसाद और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल और स्वयंसेवकों द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई, जिससे दर्शन-पूजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ। भक्तों ने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# रसोइया सह सहायक को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** बीआरसी में रविवार को विद्यालयों में एमडीएम के तहत कार्यरत रसोइया सह सहायकों का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीओ एमडीएम रिशुराज सिंह ने किया। प्रशिक्षक के रूप में पकरीबरावां के एमडीएम प्रभारी आलोक कुमार चंचल, कौआकोल के एमडीएम प्रभारी विजय शंकर, रोह के एमडीएम प्रभारी संजय पासवान एवं अकबरपुर के एमडीएम प्रभारी संजय कुमार शामिल हुए। डीपीओ ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में रसोइया सह सहायक की अहम भूमिका होती है। बच्चों को पौष्टिक आहार देकर उन्हें कुपोषण से बचाया जा सकता है।

# रजौली में बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ खेग्रामस का जांच दौरा, सरकार पर गरीब विरोधी नीति का आरोप



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाकपा माले के सीवान के पूर्व विधायक कॉमरेड सत्यदेव राम, खेग्रामस के राज्य अध्यक्ष व अगिआंव के पूर्व विधायक कॉमरेड मनोज मंजिल तथा राज्य सचिव कॉमरेड शत्रुघ्न सहनी तीन सदस्यीय जांच दल के रूप में रजौली के हरदिया स्थित सेक्टर बी, सी एवं डी पहुंचे। यहां वर्ष 1985 में फुलवरिया डैम निर्माण के दौरान विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित किया गया था। वर्ष 2022 में उक्त बस्तियों को अवैध बताते हुए प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया था। जांच दल ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान खेग्रामस नवादा जिला सचिव कॉमरेड अजित कुमार मेहता व अध्यक्ष सह रजौली दक्षिणी जिला परिषद सदस्य कॉमरेड मेवालाल राजवंशी भी मौजूद रहे। पीड़ित अफताव आलम एवं अनिल राजवंशी ने बताया कि डैम निर्माण के समय सरकारी नौकरी व अन्य सुविधाओं का आश्वासन दिया गया था, परंतु न तो मुआवजा मिला और न ही जमीन का पर्चा।

कॉमरेड सत्यदेव राम ने सरकार पर गरीब विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि गरीबों के घरों पर कार्रवाई जारी रही तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# गया-डोभी एनएच ग्रीन कॉरिडोर पर होगी हरियाली, लगेंगे 50 हजार पौधे

## मुखिया और जिला-पार्षद के सहयोग से सड़क पर लगेंगे फलदार पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना से डोभी तक का सफर अब और भी हराभरा और सुखद होने जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से 127 किलोमीटर लंबे इस राष्ट्रीय राजमार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है। पहले चरण में दोनों तरफ 50 हजार से अधिक पौधे लगाने का यह कार्य संबंधित पंचायतों के मुखिया और जिला पार्षद के सहयोग से कराया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में फलदार वृक्ष भी होंगे। इस व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों मसलन मुखिया, पंचायत सदस्य और जिला परिषद सदस्यों के साथ विमर्श कर उनके सहयोग से किसानों की तरफ से लगवाए जाएंगे। इस तरह यह एक सामुदायिक कृषि यानी कम्यूनिटी फार्मिंग को भी बढ़ावा देने का सरकार का प्रयास होगा। इस योजना को सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत लागू किया जाएगा। योजना की खास बात यह है कि हर करीब 5 किलोमीटर तक एक ही तरह के फलदार पेड़ लगाए जाएंगे। यानि एक ही तरह के पेड़ों की हरित पट्टी लोगों के बीच में खुशनुमा माहौल बनाएगी। जानकारी के अनुसार हर 5 किलोमीटर पर अलग-अलग फलदार पेड़ों मे आम, अमरूद, जामुन, लीची, कटहल, आंवला, बेल, नींबू, सहजन, नीम, बरगद, पीपल और पाकड़ जैसे पेड़ लगाने की योजना है।



**मधुमक्खी पालन को मिलेगा बढ़ावा रोजगार के नये अवसर होंगे सृजित**

इस पहल से किसानों को सीधा फायदा होगा। सड़क के किनारे लगे पेड़ों से मिलने वाले फलों को आसानी से बाजार तक पहुंचाया जा सकेगा जिससे ढुलाई खर्च कम होगा। इस योजना से सिर्फ फल ही नहीं रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जायेंगे। इससे मधुमक्खी पालन को भी बढ़ावा मिलेगा। खासकर सहजन के पेड़ों पर होने वाला शहद उच्च गुणवत्ता का माना जाता है जिससे अतिरिक्त आमदनी हो सकती है। साथ ही गया-डोभी मार्ग पर 'दादा का दालान' खोलने की भी योजना है जहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और यात्रियों को आराम करने की सुविधा। यहां आने वाले यात्री चाय, कॉफी, स्वादिष्ट व्यंजन का भी लुत्फ उठा सकेंगे। इसके अलावा जगह-जगह पर सेल्फी प्वाइंट भी विकसित किए जाएंगे जहां वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना है और यह पांच तत्व ही प्रकृति है। इसलिए प्रकृति की रक्षा में ही मानव एवं सभी जीव जंतुओं की सुरक्षा निहित है। पटना से डोभी तक एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ सामुदायिक विकास की योजना को फलीभूत करने की सरकार की मंशा है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जुटी भक्तों की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भोर की पहली किरण के साथ ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और पूजा सामग्री लेकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचे। शहर के प्रमुख मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। भक्तों ने विधि-विधान से शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। कई मंदिरों में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक माहौल में डूबा रहा। मान्यता है कि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इसी उपलक्ष्य में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त व्रत रखकर रात्रि में विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। कई स्थानों पर शिव बारात भी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने अगले दिन प्रातः व्रत का पारण किया।

# कोंच प्रखंड के तीन शिक्षक 'टीबीटी हिस्ट्री मेकर्स' से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के तीन शिक्षकों को 'टीबीटी हिस्ट्री मेकर्स' द्वारा नवाचारी शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 15 फरवरी 2026 को गया स्थित डायट (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। सम्मानित शिक्षकों में एनपीएस अंसारा के प्रधान शिक्षक सत्येंद्र कुमार, सहायक शिक्षक सचिन कुमार तथा पीएस गोपी बीघा की प्रधान शिक्षिका ऊषा कुमारी शामिल हैं। इन शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर कोंच प्रखंड के शिक्षकों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे प्रखंड के लिए गौरव की बात बताते हुए सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी है।

# कठार गांव में युवती की हत्या, आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के कठार गांव में रविवार शाम करीब 5:30 बजे एक युवती की हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गीता देवी उर्फ गीता कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र मांझी नामक व्यक्ति अपनी पत्नी के रहते गीता देवी के साथ रह रहा था। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी हुई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गीता को सरसों के खेत में बुलाया और आक्रोश में आकर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी स्वयं शेरघाटी थाना पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की है। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है ताकि हत्या के पीछे के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।

# शेखपुरा मोहल्ला में युवक ने किया आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के शेखपुरा मोहल्ला में एक युवक द्वारा आग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार युवक ने घर में ही खुद को आग लगा ली जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों को घटना की भनक लगते ही वे मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बताया जाता है कि युवक अपनी पत्नी के घर नहीं आने से नाराज था। इसी बात से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान प्रभु प्रसाद के पुत्र सत्येंद्र कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है।

# इ-रिक्शा पलटने से चालक समेत चार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के गुरुआ-करमाइन मार्ग पर शनिवार शाम एक ई-रिक्शा नहर में पलट गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान गणेश मालाकार के रूप में हुई है जो गुरुआ से लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में जा गिरा। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकालकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार चालक को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में भूमि विवाद को लेकर रविवार दोपहर करीब दो बजे दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रथम पक्ष के सूर्यदेव यादव ने कोंच थाना में आवेदन देकर बताया है कि वे अपनी जमीन पर मकान निर्माण कार्य शुरू करने गए थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने पहुंचकर उनके और उनके पुत्र प्रिंस कुमार के साथ मारपीट की। शोर सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उनके हाथ में फ्रैक्चर व अन्य चोटों की पुष्टि की और मेडिकल कॉलेज गया रेफर किया। आवेदन में शिवनंदन यादव, जगजीवन यादव सहित कुल आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिवजी की बारात बैंड बाजे के साथ निकली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**टिकारी।** रविवार को शिवरात्रि के मौके पर विभिन्न शिवालयों में पूरी श्रद्धा के साथ विधि विधान से भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा अर्चना की गई। शिव की बारात बैंड बाजे के साथ मंदिर से निकलकर पूरे शहर के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए श्री श्री1008 श्री बुढ़वा महादेव स्थान पहुंची जहां भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। इस संबंध में आयोजक मण्डल के सदस्यों ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर भव्य बारात निकलने की परंपरा पिछले कई वर्षो से चली आ रही है। शिवरात्रि के मौके पर नगर क्षेत्र के नर-नारी बारात के साथ मुख्य मार्गों पर भगवान शिव की जयकारे के साथ पग से पग मिला कर घूमते रहे। बारात में शामिल महिला पुरुष व अन्य श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बुढ़वा महादेव स्थान के लिए निकली बारात दलदला रोड, थाना, बेलहड़िया मोड़, दुर्गास्थान, बहेलिया बीघा, अड्डा पर, खचिया रोड, सब्जी मार्किट होते हुए बाराती में शामिल श्रद्धालुओं के साथ पहुंची तो वहां का दृश्य किसी पौराणिक कथा काव्य जैसा था, कई पारंपरिक वाद्य यंत्र के कलाकार लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। इस पूरे आयोजन के मुख्यकर्ता व स्वागतकर्ता संजय प्रकाश, वीना प्रकाश, अरुण गुप्ता, शंभू सहित कई लोग शामिल थे।

# राज्य स्तरीय यूथ वॉलीबॉल के लिए गया टीम का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** गया वॉलीबॉल एसोसिएशन ने राज्य स्तरीय यूथ वॉलीबॉल खेल के लिए गया टीम का चयन किया गया। चयन के लिए एसोसिएशन के अधिकारियों ने रविवार को टिकारी राज स्कूल मैदान में वॉलीबाल ग्राउंड पर ट्रायल लेकर चयन किया। चयन में जिले भर के सैकड़ों खिलाड़ी ट्रायल देने के लिए पहुंचे थे जिनमें से गया जिला की टीम के लिए 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया व एक्स्ट्रा खिलाड़ी के रूप में चार खिलाड़ियों का चयन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह व सचिव अमन कुमार ने खिलाड़ियों का ट्रायल लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन किया। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी 7 मार्च से 9 मार्च तक बेगूसराय में होने वाली राज्य स्तरीय यूथ वॉलीबॉल में गया जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में टिकारी क्षेत्र से रिकॉर्ड सात खिलाड़ी शामिल है। खिलाड़ी ऋषि लाल, विष्णु, रौशन, अभिषेक, सन्नी, विक्की, शिवशंकर, रॉबिन, अभय, नीलेश, राहुल, प्रीत, शिवम व अंकुश शामिल है।

# मतभेदों को भुलाकर भाईचारा कायम करने का पवित्र पर्व है होली : डॉ शशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय जमुआवां परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नवयुवक संघ जमुआवां ने समारोह का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस युवा नेता सह विधानसभा पूर्व प्रत्याशी डॉ शशि शेखर सिंह ने कहा कि सभी मतभेद को भुलाकर भाईचारा कायम करने का यह पवित्र पर्व होली है। परिवार, समाज एवं देश की विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही हम अपने संविधान की रक्षा और संविधान से हम देशवासियों की रक्षा होते रहेगी। मौके पर उपस्थित सभी लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं सभी लोग गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को गले लगकर होली की बधाई दी। मौके पर मौजूद गायक मंडली के सदस्य एवं ग्रामीणों ने कई पारंपरिक होली गाए जिस पर सभी श्रोता झूमते रहे। आयोजक सदस्य सिन्टू सिंह, नन्दू सिंह, संजीत राजवंशी, शुभम, रंजन, मेराज खान, छविल चौधरी, सरवर खान सहीत अन्य ने बताया कि आपसी भाईचारे को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर जिप सदस्य नागमणी कुमार, कांग्रेस नेता रामाश्रय सिंह, पंसस नवीश खां, पैक्स अध्यक्ष सुबोध सिंह, पूर्व मुखिया शाबिर अली, कुमार रूपेन्द्र प्रताप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तीन हादसों में तीन की मौत, चार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर तीन हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी मामलों में पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। पहली घटना शनिवार की शाम रामगढ-मोहनियां पथ के हारमोनिक स्कूल के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक बधिनी गांव निवासी मोहम्मद अली का 28 वर्षीय पुत्र गुलाम गौस बताया जाता है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम चौरसिया से सब्जी लेकर बाइक से युवक अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची मोहनियां थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया जबकि दूसरी घटना रविवार को सुबह सकरौली गांव में हुई जहां पानी में डूबने से किसान की मौत हो गयी। मृतक सकरौली गांव के दयाशंकर साह के 31 वर्षीय पुत्र शिव नारायण साह बताया जाता है। मृतक के भाई रोहित शाह ने बताया कि सुबह घर से शौच के लिए निकले थे। सुबह करीब 9 बजे गांव के लोगों ने सूचना दी कि उनकी नहर में डूबने से मौत हो गयी है। परिजनों ने उन्हें नहर से बाहर निकालकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक अपने पीछे पत्नी सावित्री देवी व एक पांच वर्षीय पुत्र युवराज साह तथा दो पुत्रियां छोड़ गये हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। तिलक समारोह से लौट रहे युवकों की गाड़ी ट्रैक्टर से टकरायी जबकि तीसरी घटना शनिवार की शाम में मोहनिया-रामगढ़ पथ पर पतेलवा गांव के समीप स्कॉर्पियो व ट्रैक्टर के टक्कर में एक की मौत हो गयी, तो चार लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कॉर्पियो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

# औरंगाबाद में शादी समारोह से लौटने के दौरान हुआ जानलेवा हमला

**▸ सोने की चेन, मोबाइल व नगदी लूटी ▸ अचल संपत्ति विवाद को लेकर हमले का आरोप**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया, गयाजी।** औरंगाबाद जिले के जम्होर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैदाही, पो0- पौथू में 10 फरवरी 2026 की रात करीब 11:22 बजे शादी समारोह में शामिल होने आए बोधगया थाना के पछहट्टी निवासी प्रमोद कुमार राय उनके बेटे एवं भाई पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने इसे अचल संपत्ति हड़पने की नीयत से सुनियोजित हमला बताया है। पीड़ितों की पहचान गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र के पछहट्टी मुहल्ला निवासी स्व. बैद्यनाथ राय के पुत्र प्रमोद कुमार राय, दीपक कुमार तथा प्रमोद कुमार राय के पुत्र नितेश कुमार दिवाकर के रूप में हुई है जो मूल रूप से औरंगाबाद जिला के जम्होर थाना अंतर्गत बैदाही गांव के ही रहने वाले हैं। ये सभी लोग अपने जन्मभूमि (मातृगांव) बैदाही गांव में एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे।

**हमले में लूट का भी आरोप**

पीड़ित पक्ष के अनुसार गांव के ही गौतम राय, बीपी राय उर्फ विजेन्द्र राय (अवकाश प्राप्त दरोगा), पंकज राय, राजवीर राय उर्फ चंचल, मुकेश राय, बसंत राय, अरुण राय, सोनू राय सहित अन्य लोगों ने मिलकर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने करीब 10 ग्राम सोने की चेन, मोबाइल फोन और नगदी भी छीन ली। स्थानीय ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह पीड़ितों की जान बचाई जा सकी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल व्याप्त है।

**प्राथमिकी दर्ज, काउंटर केस का आरोप**

पीड़ित प्रमोद राय की ओर से आवेदन देकर जम्होर थाना कांड संख्या 29/26, 11.02.2026 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। हालांकि पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों को बचाने की नीयत से उन पर भी काउंटर केस दर्ज कराया गया है। पीड़ितों का यह भी कहना है कि अवकाश प्राप्त दरोगा बीपी राय उर्फ विजेन्द्र राय पूर्व में जम्होर थाना में पदस्थापित रह चुके हैं और उनका मकान भी थाना परिसर के निकट है। इसी कारण थाना प्रभारी से उनकी कथित सांठगांठ होने की आशंका जताई गई है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि लिखित सूचना देने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है और हमलावरों को संरक्षण दिया जा रहा है।

**गंभीर आरोपों की जांच की मांग**

एक ग्रामीण ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर विजेन्द्र राय पर पूर्व में अपने ही पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु से जुड़ा गंभीर आरोप भी लगाया और निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

**उच्चस्तरीय जांच की मांग**

पीड़ित परिवार ने पुलिस के वरीय अधिकारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। साथ ही हमलावरों द्वारा केस वापस लेने की कथित धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय पुलिस की कार्यशैली और निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ितों को न्याय कब तक मिल पाता है।

# सकल हिन्दू समाज के द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** हिन्दू सम्मेलन में सनातन संस्कृति की रक्षा और सामाजिक एकता का लिया गया संकल्प। बस्ती मोड़ के समीप स्थित शिव घाट मंदिर परिसर में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सनातन संस्कृति की रक्षा, हिंदू समाज की एकता और धार्मिक जागरूकता को सुदृढ़ करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की सहभागिता रही जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। सम्मेलन के उद्घाटनकर्ता के रूप में स्वामी आद्यानंद जी महाराज उपस्थित रहे, उनके साथ मुख्य अतिथि के रूप में किरण राय और क्षितिज सिंह उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद राय ने की। अपने उद्बोधन में स्वामी आद्यानंद जी महाराज ने हिंदुत्व और सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक महान पद्धति है। यह मानवता, सेवा, करुणा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सनातन मूल्यों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है और इसके लिए युवाओं को विशेष रूप से आगे आकर समाज को जागरूक और संगठित करना चाहिए। किरण राय ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए एकजुट रहना आवश्यक है।

संपादकीय

# सवाल नीयत का है..

बेशक समाज में आज सहिष्णुता अपने निचले स्तर पर है, फिर भी किसी समुदाय अथवा जाति को टारगेट कर अपना व्यावसायिक साधना कहीं से सही नहीं ठहराया जा सकता। क्योंकि सवाल नीयत का है। बॉलीवुड निर्माता नीरज पांडे की नई फिल्म 'घूसखोर पंडत' के विवादित टाइटल पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्माता, लेखक को जो फटकार लगाई है, वह इस मायने में सही है कि जो किया गया है, वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भर नहीं है, उसका वास्तविक मकसद कुछ और है। इस फिल्म के नाम को लेकर देश में कई जगह ब्राह्मणों संगठनों ने प्रदर्शन किया था। उनका कहना है कि पंडत शब्द का सीधा सम्बन्ध ब्राह्मणों से है और नर्माता ने उन्हें घूसखोर बताकर सभी ब्राह्मणों का अपमान किया है। हालांकि पंडत अथवा पंडित शब्द एकमात्र अर्थ ब्राह्मण नहीं है, यह शब्द किसी भी ज्ञानी अथवा विशारद के लिए भी प्रयुक्त होता है, लेकिन आम बोलचाल में पंडित से अर्थ ब्राह्मणों से ही लिया जाता है। शीर्ष अदालत फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मामले की अगली

सुनवाई अब 19 फरवरी को होगी। कोर्ट ने इस मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए फिल्म निर्माता को इसका टाइटल तुरंत बदलने के लिए कहा। सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका भारत ब्राह्मण समाज के राष्टीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि फिल्म का शीर्षक और कहानी पहली नजर में आपत्तिजनक और अपमानजनक है, जो ब्राह्मण समुदाय को बदनाम तरीके से प्रस्तुत करती है। इसमें ×स39; पंडत×स39; जैसे जाति और धर्म से जुड़े शब्द को ×स39;घूसखोर×स39; (रिश्वतखोर) जैसे नैतिक भ्रष्टाचार दर्शाने वाले शब्द के साथ जोड़ने पर आपत्ति जताई गई है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज के किसी वर्ग को बदनाम नहीं किया जा सकता। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने दो टूक कहा कि ×स39;आप ऐसे टाइटल से किसी समाज के वर्ग को बदनाम नहीं कर सकते। बेंच ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड और फिल्म निर्माता नीरज पांडे को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने फिल्म निर्माता से कहा कि आप ऐसे शीर्षक का उपयोग कर समाज के किसी वर्ग को क्यों बदनाम करना चाहते हैं? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपनी जगह है, लेकिन इससे किसी को बदनाम करने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। यह नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ है। कोर्ट ने साफ कहा कि जब तक आप हमें बदला हुआ शीर्षक नहीं बताते, हम फिल्म रिलीज की अनुमति नहीं देंगे। हमें लगा था कि फिल्म निर्माता, पत्रकार आदि जिम्मेदार लोग होते हैं। कोर्ट ने शपथ पत्र में फिल्म का बदला हुआ ×स39;टाइटल×स39; भी प्रस्तुत करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि बोलने की आजादी एक चीज है। लेकिन इससे किसी को बदनाम करने का लाइसेंस नहीं मिलता। इस पर निर्माता के वकील ने कहा कि हमने नाम वापस ले लिया है। उधर लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हजरतगंज पुलिस स्टेशन में नेटफ्लिक्स फिल्म ×स39;घूसखोर पंडित×स39; के डायरेक्टर और टीम मेंबर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप है कि फिल्म के कंटेंट से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सद्भाव बिगड़ा है। बहरहाल निर्माता चाहता तो ऐसे विवादित टाइटल से बच सकता था। लेकिन आजकल फिल्म रिलीज होने के पहले कोई न कोई विवाद खड़ा कर उसे हिट बनाने का फार्मूला भी चल निकला है। वरना 1975 में एक फिल्म आई थी 'पोंगा पंडित।' लेकिन उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं हुई थीं।

# 'श्वेत क्रांति' की आड़ में 'जीएम फसलों' का स्वागत?

**आज का भारतीय उपभोक्ता दूध में यूरिया और डिटर्जेंट जैसी मिलावट को लेकर तो जागरूक है, लेकिन वह उस 'साइलेंट एडल्टरेशन' (परोक्ष मिलावट) से अनजान है जो पशुओं के चारे के माध्यम से आ रही है। अगर दूध देने वाले पशुओं को जेनेटिकली मॉडिफाइड और कीटनाशकों से लदा चारा खिलाया जाएगा, तो दूध की शुद्धता केवल एक कागजी दावा बनकर रह जाएगी। क्या भारतीय उपभोक्ताओं को यह जानने का हक नहीं है कि वे जिस दूध या घी का सेवन कर रहे हैं, उसका मूल स्रोत क्या है? कृषि केवल एक व्यापारिक वस्तु नहीं है; यह भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। अगर हम आज सस्ते आयात के लालच में अपने मक्का, सोयाबीन और कपास किसानों को हतोत्साहित करते हैं, तो कल हम अपनी खाद्य जरूरतों के लिए पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय बाजार (विशेषकर अमेरिका) पर निर्भर हो जाएंगे। इतिहास गवाह है कि खाद्य निर्भरता अंततः राजनीतिक निर्भरता में बदल जाती है।**

**निलेश देसाई**

हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच हुए 'अंतरिम व्यापार समझौते' को लेकर देश के नीतिगत गलियारों में उत्साह का माहौल है। 2026 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य निश्चित रूप से महत्वाकांक्षी है। लेकिन, इस आर्थिक चमक-धमक के पीछे भारतीय कृषि क्षेत्र की एक गहरी चिंता छिपी है। आशा-किसान स्वराज जैसे संगठनों और कृषि विशेषज्ञों ने इस समझौते के उन प्रावधानों पर सवाल उठाए हैं जो भारत की खाद्य संप्रभुता और करोड़ों किसानों की आजीविका को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। सवाल यह है कि क्या अमेरिका के साथ व्यापारिक संतुलन बनाने के चक्कर में हम अपने कृषि क्षेत्र की 'रेड लाइन्स' को धुंधला कर रहे हैं? इस समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू है 'डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेंस विद सोल्यूबल्स' (डीडीजीएस), लाल सोरघम और सोयाबीन तेल के आयात की अनुमति। पहली नज़र में यह एक सामान्य व्यापारिक लेन-देन लग सकता है, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारतीय किसानों के लिए एक 'अन्यायपूर्ण युद्ध' जैसा है।

ओईसीडी की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी किसानों को उनकी सरकार से +7.1 प्रतिशत की सकारात्मक सहायता (पीएसई) मिलती है, जबकि भारतीय किसानों के लिए यह आंकड़ा -14.5 प्रतिशत (नकारात्मक) है। इसका अर्थ है कि अमेरिकी किसान भारी सरकारी सब्सिडी के कारण अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार में कौड़ियों के भाव बेच सकते हैं। जब अमेरिका का यह सब्सिडी वाला 'सस्ता चारा' भारतीय बाजार में आएगा, तो महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के उन लाखों सोयाबीन और मक्का उत्पादकों का क्या होगा, जिनकी फसल पहले ही एमएसपी से 25-26 प्रतिशत नीचे बिक रही है?

इस पूरे विवाद का सबसे तकनीकी और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा 'जेनेटिकली




मॉडिफाइड' (जीएम) फसलों का है। अमेरिका में उत्पादित होने वाला लगभग 90-95 प्रतिशत मक्का और सोयाबीन जीएम आधारित है। भारत ने अब तक अपनी खाद्य सुरक्षा और जैव-विविधता के मद्देनजर जीएम खाद्य फसलों को अनुमति नहीं दी है।

लेकिन, इस व्यापार समझौते की शब्दावली में 'गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने' की बात कही गई है। यह सीधे तौर पर भारत के उन सख्त नियमों पर हमला है जो जीएम आयात के लिए 'नॉन-जीएम ओरिजिन' सर्टिफिकेट की मांग करते हैं। सरकार का यह तर्क कि 'प्रोसेसिंग के बाद जीएम का प्रभाव खत्म हो जाता है,' वैज्ञानिक रूप से संदिग्ध है। अंतरराष्ट्रीय शोध बताते हैं कि जीएम डीएनए के अंश प्रसंस्कृत तेलों और पशु आहार में बने रह सकते हैं। यदि हमारे मवेशी जीएम-आधारित चारा (डीडीजीएस) खाएंगे, तो वही जीएम तत्व दूध और मांस के माध्यम से सीधे भारतीय नागरिकों की थाली तक पहुंचेंगे। यह बिना किसी लेबलिंग या सुरक्षा जांच के भारत में 'जीएम भोजन' को वैध बनाने जैसा है।

देश की सबसे बड़ी डेयरी सहकारी संस्था 'अमूल' (जीसीएमएफ) ने इस समझौते का स्वागत किया है। अमूल के लिए यह एक रणनीतिक जीत है क्योंकि वह अब अमेरिका में स्थानीय स्तर पर उत्पादन कर रही है और कोस्टको जैसे बड़े स्टोरों में अपनी जगह बना रही है। लेकिन यहाँ एक बड़ा 'हितों का टकराव' उभरता है।

अमूल को अपने ग्लोबल विस्तार के लिए सस्ता कच्चा माल चाहिए। अमेरिकी चारा और इनपुट्स सस्ते हैं, जिससे अमूल का 'प्रॉफिट मार्जिन' तो बढ़ेगा, लेकिन वह उन भारतीय किसानों की कीमत पर होगा जो अमूल को पारंपरिक चारा और मक्का सप्लाई करते थे। एक सहकारी संस्था का लक्ष्य अपने सदस्य किसानों का कल्याण होता है, लेकिन जब वह एक वैश्विक कॉरपोरेट की तरह व्यवहार करने लगे, तो छोटे किसानों की सुरक्षा का कवच कमजोर होने लगता है।

आज का भारतीय उपभोक्ता दूध में यूरिया और डिटर्जेंट जैसी मिलावट को लेकर तो जागरूक है, लेकिन वह उस 'साइलेंट एडल्टरेशन' (परोक्ष मिलावट) से अनजान है जो पशुओं के चारे के माध्यम से आ रही है। अगर दूध देने वाले पशुओं को जेनेटिकली मॉडिफाइड और कीटनाशकों से लदा चारा खिलाया जाएगा, तो दूध की शुद्धता केवल एक कागजी दावा बनकर रह जाएगी। क्या भारतीय उपभोक्ताओं को यह जानने का हक नहीं है कि वे जिस दूध या घी का सेवन कर रहे हैं, उसका मूल स्रोत क्या है? कृषि केवल एक व्यापारिक वस्तु नहीं है; यह भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। अगर हम आज सस्ते आयात के लालच में अपने मक्का, सोयाबीन और कपास किसानों को हतोत्साहित करते हैं, तो कल हम अपनी खाद्य जरूरतों के लिए पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय बाजार (विशेषकर अमेरिका) पर निर्भर हो जाएंगे। इतिहास गवाह है कि खाद्य निर्भरता अंततः राजनीतिक निर्भरता में बदल जाती है।

कपास के किसानों का उदाहरण हमारे सामने है, जहाँ आयात शुल्क हटाने से घरेलू कीमतों में भारी गिरावट आई और किसान संकट में घिर गए। सोयाबीन और मक्का के साथ भी यही दोहराए जाने की आशंका है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता आर्थिक विकास के द्वार खोल सकता है, लेकिन यह द्वार भारतीय किसानों की कब्र पर नहीं खुलना चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि 'कृषि सुरक्षा' का दावा केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस तक सीमित न रहे।

हमें चाहिए-

सख्त लेबलिंग कानूनः यदि जीएम-आधारित उत्पाद आयात होते हैं, तो उन पर स्पष्ट लेबल होना चाहिए।

समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड): जब तक भारतीय किसानों को अमेरिकी किसानों के बराबर सब्सिडी या समर्थन नहीं मिलता, तब तक शुल्क मुक्त आयात को रोकना चाहिए।

वैज्ञानिक पारदर्शिताः जीएम चारे के दूध और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।

अंततः, विकास वही है जो अंतिम पायदान पर खड़े किसान को खुशहाल बनाए। अगर व्यापारिक समझौते हमारी खेती को कमजोर करते हैं, तो ऐसे समझौतों पर पुनर्विचार करना अनिवार्य है।

अध्यात्म

## समस्याएं दूर करने के लिए आगे बढ़ते रहना चाहिए

किसी भी बाधा को दूर करने के लिए हमें आगे बढ़ते रहना जरूरी है, अगर रुक जाएंगे तो कभी भी लक्ष्य तक नहीं सकते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार एक व्यक्ति के जीवन में समस्याएं बहुत अधिक थीं। बचपन से ही उसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पिता का देहांत हो चुका था और बचपन में ही माता, भाई-बहनों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उसके ऊपर आ गई थी। बड़े होने पर व्यक्ति का विवाह हुआ, लेकिन शादी के बाद उसकी समस्याएं और अधिक बढ़ गईं। उसके जीवन में एक परेशानी खत्म होती तो दूसरी आ जाती थी। एक दिन वह प्रसिद्ध संत के पास गया।

व्यक्ति ने संत से कहा कि मुझे अपना शिष्य बना लें। मैं परेशान हो गया हूं, बहुत दुखी हूं। संत ने कहा कि ठीक तुम मेरे शिष्य बन जाओ। मुझे बताओ क्या परेशानी है?

शिष्य ने कहा कि गुरुजी एक समस्या खत्म नहीं होती और दूसरी सामने आ जाती है, इस कारण मैं बहुत दुखी रहता हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है।

गुरु ने कहा कि ठीक है, मैं तुम्हारी समस्याओं का हल बता दूंगा। अभी तुम मेरे साथ चलो। गुरु नए शिष्य को लेकर नदी किनारे गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है, ये बोलकर वहीं खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा हो गया।

कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि गुरुदेव हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं?

गुरु ने जवाब दिया कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूखेगी हम इसे आसानी से पार कर लेंगे।

शिष्य को आश्चर्य हुआ। वह बोला, गुरुजी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार कर लेना चाहिए। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं तो आती ही रहेंगी। हमें रुकना नहीं है, लगातार आगे बढ़ते रहना है। तभी तो हम उन्हें हल कर पाएंगे। आगे बढ़ते रहेंगे तो समस्याओं के हल मिलते जाएंगे। अगर रुक जाएंगे तो एक भी बाधा पार नहीं हो पाएगी। शिष्य को गुरु की बात समझ आ गई और उस दिन के बाद उसकी सोच बदल गई।

# ट्रम्प किसी भी रिश्ते को तोड़ और फैसला बदल सकते हैं

**आर्थिक मामलों के उप विदेश सचिव जैकब हेलबर्ग ने अमरीका-भारत टैरिफ की घोषणा के बाद 'काफी सकारात्मक गति' की सूचना दी। जब मैंने उनसे पूछा कि भारत को शुरू में पैक्स सिलिका में क्यों शामिल नहीं किया गया था, तो उन्होंने कहा, ''भारत संभवतः दुनिया में एकमात्र ऐसा देश है जो युवा तकनीकी प्रतिभा के मामले में चीन को टक्कर दे सकता है। हमारे देशों के विशाल आकार को देखते हुए, भारत से तालमेल बिठाने में समय लगा।'' आगे चलकर, भारत निश्चित रूप से ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमरीका के साथ मजबूत संबंध बनाए रखना चाहेगा। लेकिन साथ ही, वह अन्य सांझेदारों पर भी अधिक ध्यान देगा। ये सभी बातें एक साथ सच होंगी। यह बात अब भारतीय मानसिकता में गहराई से बैठ गई है कि ट्रम्प किसी भी रिश्ते को तोड़ सकते हैं, मनमर्जी से अपना फैसला बदल सकते हैं, देर रात के एक संदेश से समझौतों को ध्वस्त कर सकते हैं और दिल्ली में राजनीतिक उथल-पुथल मचा सकते हैं।**

**सीमा सिरोही**

क्या अमरीका-भारत टैरिफ समझौता एक साल की मानव निर्मित उथल-पुथल के बाद राजनीतिक विश्वास बहाल कर सकता है? इसका संक्षिप्त उत्तर है-कुछ हद तक। भारत-अमरीका के संयुक्त बयान में टैरिफ में जो कमी की गई है, ट्रम्प के रूसी तेल पर कार्यकारी आदेश ने उसे खत्म कर दिया है। कार्यकारी आदेश की भाषा, लहजा और विषयवस्तु, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद फिर से शुरू करने पर प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने की धमकी दी गई है, कम से कम दबावकारी और राजनीतिक रूप से भी नुकसानदायक है। यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूसी तेल का आयात फिर से शुरू करता है, तो 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क फिर से लागू हो सकता है।

भारत की ऊर्जा खरीद पर अपने अधिकार जताने के कारण ट्रम्प का रूस के सबसे बड़े तेल खरीदार चीन का नाम न लेना और उसे दंडित न करना, इस बात को और भी स्पष्ट कर देता है। राष्ट्रपति के आदेश में चीन का कोई जिक्र नहीं है। भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद कम करने से चीन को भारी छूट और अधिक मात्रा में तेल खरीदकर और भी अधिक लाभ हो रहा है। रूस पहले ही सऊदी अरब को पीछे छोड़कर चीन का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्त्ता बन चुका है। अगर ट्रम्प को लगता है कि भारत पर दबाव डालने से पुतिन यूक्रेन में रियायतें देने के लिए मजबूर हो जाएंगे, तो उन्होंने अभी तक मॉस्को को समझा नहीं है। ट्रम्प जो कर रहे हैं, उससे ऊर्जा खरीद एक भू-राजनीतिक खेल बन गया है और भारत का प्रभाव कम हो रहा है, जबकि चीन को समग्र विजेता बनाया जा रहा है-और एक समय था जब चीन अमरीका का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी था। भले ही भारत को टैरिफ में 18 प्रतिशत छूट की सबसे ज़्यादा जरूरत हो, लेकिन वाशिंगटन के साथ खोए हुए संबंधों को वापस पाने के लिए दिल्ली के लिए पुराने गौरवशाली दिनों में लौटना मुश्किल होगा। इसके अलावा, ट्रम्प के कारण दोनों देशों के राजनीतिक संबंधों में आई दरार को देखते हुए नीति निर्माता शायद ऐसा करना भी न चाहें।

भारत में आलोचकों ने टैरिफ समझौते की निंदा करते हुए कहा है कि इसमें बहुत कुछ दिया गया है और कुछ लिया नहीं गया। एक टिप्पणीकार ने इसे 'दंडात्मक कार्रवाई को रोकने की एक रणनीति' बताया है। संप्रभुता के बदले में किए गए अतिरंजित समर्पण को छोड़ दें, तो असली सवाल यह है कि क्या श्रम-प्रधान उद्योगों में नौकरियों का नुकसान और घटता बाजार हिस्सा ज्यादा स्वीकार्य है? सूरत, तिरुप्पुर या कानपुर के उन लोगों से पूछिए, जिन्होंने ट्रम्प के टैरिफ के कारण अपनी आजीविका खो दी। बेरोजगारों के पास खोने के लिए अब कोई संप्रभुता नहीं बची थी। अमरीका को चमड़े का निर्यात लगभग शून्य हो गया था, जिससे कई चमड़ा कारखानों को अपना काम बंद करना पड़ा। सबसे ज्यादा प्रभावित तीन क्षेत्रों-रत्न, वस्त्र और चमड़े में 20 लाख से ज्यादा




लोगों की नौकरी गई है। भारत से पूंजी के बहिर्वाह, परिणामस्वरूप रुपए पर पड़ रहे दबाव और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा रिकॉर्ड 17 अरब डॉलर की निकासी को देखते हुए वाशिंगटन द्वारा शुल्क में कटौती की आवश्यकता भी अनिवार्य हो गई थी, जिससे 2025 सबसे खराब वर्ष बन गया, जिसने 2022 के रिकॉर्ड को पार कर लिया।

यह अनुभव दिल्ली के लिए एक कड़वा सबक है, भले ही वह रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी कारणों से अमरीका के साथ सांझेदारी की आवश्यकता को स्वीकार करती हो। कुछ विश्लेषकों ने पहले ही अमरीकी सहयोग और लचीलेपन के साथ राजनीतिक संबंधों में गिरावट के दौर के अंत की घोषणा कर दी है। हालांकि इस बात से व्यापक रूप से सहमति हो सकती है लेकिन राजनीतिक जटिलताओं को कम आंकना और तकनीकी निवेश को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना, किसी विशेष दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए नासमझी होगी। अंत में, राजनीति को अर्थशास्त्र को भी साथ लेकर चलना होगा। भारत जैसे देश के लिए, यह एक ऐसा जुर्माना था, जिसे ट्रम्प ने बिगाड़ दिया। वाशिंगटन को शायद यह एहसास हो गया है कि बिना किसी अच्छे कारण के भारत को 'खोना' कोई समझदारी भरी नीति नहीं थी, भले ही ट्रम्प सरकार में कुछ लोग भारत और भारतीयों को केवल समस्याओं का स्रोत मानते हों, चाहे वह एच-1बी वीजा हो या 'विरासत अमरीकियों' को पीछे छोड़ना और एम.ए.जी.ए. के गुस्से को भड़काना या आधिकारिक 'पुनर्विचार', ताकि भारत को पैक्स सिलिका में शामिल किया जा सके जिसमें वह इस महीने औपचारिक रूप से शामिल होगा। आर्थिक मामलों के उप विदेश सचिव जैकब हेलबर्ग ने अमरीका-भारत टैरिफ की घोषणा के बाद 'काफी सकारात्मक गति' की सूचना दी। जब मैंने उनसे पूछा कि भारत को शुरू में पैक्स सिलिका में क्यों शामिल नहीं किया गया था, तो उन्होंने कहा, ''भारत संभवतः दुनिया में एकमात्र ऐसा देश है जो युवा तकनीकी प्रतिभा के मामले में चीन को टक्कर दे सकता है। हमारे देशों के विशाल आकार को देखते हुए, भारत से तालमेल बिठाने में समय लगा।'' आगे चलकर, भारत निश्चित रूप से ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमरीका के साथ मजबूत संबंध बनाए रखना चाहेगा। लेकिन साथ ही, वह अन्य सांझेदारों पर भी अधिक ध्यान देगा। ये सभी बातें एक साथ सच होंगी। यह बात अब भारतीय मानसिकता में गहराई से बैठ गई है कि ट्रम्प किसी भी रिश्ते को तोड़ सकते हैं, मनमर्जी से अपना फैसला बदल सकते हैं, देर रात के एक संदेश से समझौतों को ध्वस्त कर सकते हैं और दिल्ली में राजनीतिक उथल-पुथल मचा सकते हैं। अतः जोखिम कम करो, वरना असुरक्षित रहो।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

पुरानी घटना के कारण व्यथित हो सकते हैं। क्योंकि इसका सीधा प्रभाव आपके आत्मविश्वास पर पड़ेगा। दूसरों के मामलों में बिल्कुल हस्तक्षेप न करें।

**वृषभ**

घर में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलेगी।

**मिथुन**

दिनचर्या अत्यधिक सन्तुलित रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान हो सकता है। किसी गम्भीर समस्या का समाधान आपको मिल जायेगा।

**कर्क**

नये कार्यों की शुरुआत को टालना बेहतर होगा। अपने शत्रुओं को कम आँकने की भूल न करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के व्यवहार से समस्या हो सकती है।

**सिंह**

गृहकार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। भाई-बहनों से आपके सम्बन्ध अच्छे रहेंगे। वर्तमान परिस्थितियों के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कन्या**

कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा। आप सस्ते दामों पर महँगी वस्तु खरीद सकते हैं।

**तुला**

योग्यता और कार्यशैली की प्रशंसा होगी। किसी भी काम को हल्के में न लें। धन को लेकर परेशानी दूर होगी। परिवार के वातावरण को लेकर थोड़े अशान्त रहेंगे।

**वृश्चिक**

दिन की शुरुआत में आन्तरिक ऊर्जा में कमी महसूस कर सकते हैं। प्रेमीजन के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे। आर्थिक परेशानियों से निकल पायेंगे।

**धनु**

अपने व्यवहार में अधिक परिवर्तन न करें। संवेदनशीलता के कारण आपका मूड स्विंग होता रहेगा। मित्रों की सलाह लेने से लाभ होगा। समाज में हो रहे परिवर्तन को लेकर चिन्तित रहेंगे।

**मकर**

किसी विशेष बड़े कार्य में सफलता मिल सकती है। मित्र आपका सहयोग करेंगे। दैनिक दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। विद्यार्थी अपने करियर और अध्ययन को लेकर सचेत रहेंगे।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान मिलेगा। साझेदारी में किये गये कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। पुराने ऋण को चुकाने का बेहतरीन समय है।

**मीन**

नौकरी में स्थानान्तरण होने की सम्भावना है। समय बच्चों के साथ बीतेगा। राजनीतिक लोगों से आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## एएन कॉलेज ने जीता नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के ए. एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने पटना वीमेंस कॉलेज द्वारा आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव 'विरासत-2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तथा पश्चिमी समूह नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में शनिवार, 14 फरवरी 2026 को ए. एन. कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों द्वारा पुनः प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने पुरस्कृत नुक्कड़ नाटक और पश्चिमी समूह नृत्य का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रोफेसर रेखा रानी एवं अन्य संकाय सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। कॉलेज प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं और आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी आगे भी विभिन्न मंचों पर कॉलेज का नाम रोशन करते रहेंगे।

## जलालपुर फन में लाइव म्यूजिक कन्सर्ट का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जलालपुर समुह के जलालपुर फन के द्वारा एडवर्च राईड एवं अस्टंट शो का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न उम्र के लोग भाग लिए एवं इसका लुफ्त उठाया। आज शाम 5:00 बजे से लाईव म्यूजिकल कन्सर्ट का भव्य आयोजन किया गया। लाईव डीजे -यूलिया एवं रचना रामदिन के द्वारा लाईव डीजे का रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीवी एवं सिनेमा आर्टिस्ट एवं बिग बोस फेम के प्रितम सिंह भी कार्यक्रम में अपना प्रस्तुति दी है। इसमें सभी महिला एवं पुरूष समान रूप से भाग लिया एवं नाच-गाना का भरपूर आनंद लिया। यह कार्यक्रम पटना वालो के लिए अविस्मरणीय रहेगा। यह समारोह का आयोजन कंपनी के प्रबंध निदेशक अर्चना सिंह एवं संस्था के सदस्यों के सहयोग से किया गया।

## दरभंगा से लापता किशोरी मनेर से बरामद

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दरभंगा के सिंघवारा थाना क्षेत्र से दो माह पूर्व लापता हुई किशोरी को पुलिस ने मोबाइल टावर लोकेशन व इंस्टाग्राम सोशल मीडिया के आधार पर मनेर नगर परिषद के नसीरगंज मोहल्ले, सरकारी अस्पताल के पास एक घर से बरामद किया है। जिसे बरामद करने के बाद दरभंगा सिंघवारा की पुलिस अपने साथ किशोरी को न्यायालय ले गई। इस संबंध में सिंघवारा थाना एसआई विक्रांत कुमार ने बताया पिछले साल दिसंबर माह से किशोरी लापता थी। इस मामले में किशोरी के परिवार वालों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान पाया कि पटना जिले के मनेर नगर परिषद क्षेत्र के नासिर गंज मोहल्ला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप एक घर में रह रही है। जिसे कार्रवाई करते हुए एक घर से बरामद कर लिया गया है। जिसे दरभंगा के माननीय न्यायालय में किशोरी का फर्द बयान कराया जाएगा। वही बताया मोबाइल टावर लोकेशन व इंस्टाग्राम सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस को किशोरी के मनेर में रहने का पता चल सका। हालांकि स्थानीय लोगों ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है।

## 1,450 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन मादक पदार्थ की तस्करी के तहत चलाये जा रहे अभियान के दौरान भगवानगंज पुलिस के द्वारा खरौना गांव में छापेमारी कर एक घर के छत पर छुपा कर रखे 1,450 ग्राम गांजा के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सप्लायर का नाम धर्मेंद्र चौधरी पिता बुंदेला चौधरी है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश में चलाए जा रहे अभियान के दौरान भगवानगंज के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है, इसी दौरान खरौना गांव में गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति गांजा की बिक्री कर रहा है ऐसे में टीम गठित करते हुए उसके घर पर शनिवार की देर शाम को छापेमारी की गई थी यहां अपने घर के छत पर वह गांजा को पॉलिथीन में रखकर छुपा कर रखे हुए था, सर्च अभियान के दौरान 1, 450 ग्राम गांजा को जप्त किया गया है और उसके साथ ही सप्लायर को भी गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार सप्लायर से पूछताछ की जा रही है कि आखिर यह गांजा कहां से लाकर बिक्री किया करता था।



## फरार अभियुक्त के घर साटा गया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के चर्चित प्रॉपर्टी डीलर मुकेश कुमार उर्फ छोटन हत्याकांड के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त के घर पर मसौढी पुलिस ने नालंदा जाकर उसे घर पर विधिवत तौर पर इश्तेहार साटा गया है।थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मसौढी थाना कांड सं0-298/25 में अप्राथमिकी अभियुक्त ज्ञानरंजन चौधरी उर्फ ज्ञानरंजन पिता शम्भु प्रसाद चौधरी सा० गुंजरचक थाना चंडी जिला नालंदा अभियुक्त के घर पर विधिवत दो साक्षियों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया गया है। बहरहाल मुकेश उर्फ छोटन हत्याकांड मामले में अब तक नौ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है जिसमें 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई थी, और तीन लोगों ने सरेंडर किया है अभी फिलहाल चार अप्राथमिकी अभियुक्त फरार चल रहे हैं, जिसमें एक फरार अभियुक्त के घर पर रविवार को उसके घर पर जाकर इश्तेहार साटा गया है। दरअसल यह घटना 12 अप्रैल 2025 को तकरीबन दोपहर 1:30 बजे जहानाबाद रोड स्थित घटना घटी थी,घटना के बाद मृतक के चाचा अशोक प्रसाद पिता स्व मुरीढ प्रसाद ने अज्ञात पर गोली मारकर हत्या कर देने का प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।



## पुनपुन नदी से वृद्ध का शव बरामद

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिंगोड़ी थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है । पुलिस ने एक वृद्ध का शव पुनपुन नदी से बरामद किया गया, जबकि करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटनाओं के बाद इलाके में शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जरखा पंचायत के रेगनियाडीह निवासी तुलसी गिरी (80) तीन दिन पहले पुनपुन नदी पार कर घास काटने गए थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने सिंगोड़ी थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रविवार को पुनपुन नदी से पुलिस ने उनका शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स पटना भेज दिया गया है। वहीं दूसरी घटना कनौरा गांव की है, जहां रामाधार प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र पिंटू राज की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया। दोनों घटनाओं के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई।

## धोखा मामले में फरार प्रोपराइटर के घर पर कुर्की

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी पुलिस ने रविवार को मसौढी थाना कांड संख्या 789/18 दिनांक 21.10.18 के आलोक में बिहार प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट ऑफ डिपोजिटर एक्ट 2002 के प्राथमिकी अभियुक्त अरुणेश उर्फ राजेश कुमार पिता सीताराम घर राजापुर थाना पाटलिपुत्रा, पटना के घर पर कुर्की किया गया। दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है की नॉन बैंकिंग में डूबे हुए रुपए को वापस करने के संबंध में 31. 3.2013 को इंद्रदेव सिंह पिता स्वर्गीय जगदीश सिंह सोनाचक नौबतपुर के निवासी ने पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध इकाई को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी, दरअसल इंद्रदेव सिंह ने अपने लिखित आवेदन में लिखा था कि मसौढ़ी थाना से स्टे पश्चिम एक किराए के मकान में इंडस वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड नाम के नॉनबैंकिंग चलती थी और कई उपभोक्ताओं को एवं स्कीम के तहत खाता खुलवाकर पैसा जमा करते थे और मोटी रकम देने के नाम पर वह धोखाधडी किया करते थे, तकरीबन 14 ऐसे ग्राहक हैं जिनको विभिन्न स्कीम के तहत खाता खुलवाकर उनके पैसे को डिपॉजिट किया उसके बाद वह कंपनी फरार हो गई हैं।

# मसौढी में महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

### धनरूआ के वीर ओरियरा बुढ़वा महादेव स्थान, मसौढी में श्रीराम जानकी ठाकुरवाडी, रामनाथेश्वर, योगेश्वर धाम में जलाभिषेक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर्व पर मसौढी के सभी शिवालयों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा दिखाई पड़ा। भोर से ही क्षेत्र स्थित सभी शिवालय बोल बम, ऊँ नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। इस बार अधिकतर भक्तों के माथे पर भस्म और त्रिपुंड तिलक लगा दिखाई पड़ा तो शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। जगह- जगह अखंड भंडारे एवं फलाहार वितरण का भी आयोजन दिनभर चलता रहा। मसौढी में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े उत्साह से मनाया गया। पौराणिक ग्रंथों व मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव और आदिशक्ति मां पार्वती का विवाह हुआ था। शिवजी की आराधना और नियम पूर्वक व्रत रखने वाले महाशिवरात्रि को व्रत का संपूर्ण फल मिलता है तो भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहती है। धनरूआ के बुढवा महादेव स्थान गौरीशंकर मंदिर में पांच फीट का शिवलिंग श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा,जहाँ सुबह से ही जलाभिषेक के लिए तांता लग गया।वहीं महिलाओं युवाओं और युवतियों एवं बच्चों में भी माथे पर भस्म के साथ त्रिपुंड, श्री, ओम पूरे उत्साह के साथ लगाई दिखे। मंदिर परिसर में बैठे पुजारी व अन्य पंडित के पास भारी भीड़ दिखी। इसके अलावा मसौढी के श्रीरामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर स्थित शिवालय, मंडप के पास श्री रामनाथेश्वर मंदिर, भीमपुरा स्थित योगेश्वर धाम के अलावा छाता पंचायत में शिव मंदिर धनरूआ स्थित शहरु बाजार के पंच शिव मंदिर समेत सभी शिवालियों महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धा और विश्वास के साथ शिवभक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं।स्थलों पर उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

## शिव-पार्वती विवाह की सदियों पुरानी परंपरा आज भी आस्था में रची-बसी, मसौढी शनि देव मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के विवाह से जुड़ी सदियों पुरानी परंपराएं आज भी पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ निभाई जाती है। जहां महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर मसूरी स्थित शनि देव मंदिर में विवाह उत्सव का माहौल देखने को मिला, शिव विवाह को लेकर मंदिरों में मंडप पूजन, हल्दी, तिलक और अन्य वैवाहिक रस्में विधि-विधान से संपन्न कराई गई, शिव के रूप में डॉक्टर छोटेलाल ठाकुर पार्वती के रूप में देवमणि देवी बनी और भव्य रूप से पूरे रस्मो रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया मौके पर डॉ मिथिलेश, सनी यादव मुकेश कुमार के साथ पूरे मोहल्ले के लोग गाजियाबाद के साथ मौजूद रहे।इसके अलावा पुनपुन के समकुढा मे भी भगवान शिव की बारात निकाली गई,जीवंत झांकी का आयोजन भी किया गया,। वहीं, मसौढी के लखिबाग स्थित शनिदेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के संयोजक छोटेलाल ठाकुर ने बताया की महाशिवरात्रि के दिन मंदिर परिसर से भव्य शिव विवाह का आयोजन किया गया है। स्थानीय महिलाओं द्वारा हल्दी की रस्म,मेहंदी का कार्यक्रम एवं पूरे विधि-विधान के साथ भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। परंपरा के अनुसार मंदिर में समधी मिलन की रस्म भी निभाई गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्होंने बताया कि महिलाएं पारंपरिक विवाह गीत गाया गया, विवाह के दौरान सिंदूर दान से लेकर लावा छीटने सहित अन्य रस्म पूरी की गई है। उन्होंने बताया कि शिव विवाह के दूसरे दिन महिला श्रद्धालु के बीच सौभाग्य सामग्री के साथ लड्डू का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## धनरुआ का वीर मेला, हजारों साल पुराना है इतिहास, उमड़ती है शिवभक्तों की भीड़

**वीर मेले में धान का लावा बना आकर्षण का केंद्र, 15 दिनों का लगता है मेला**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ प्रखंड के वीर गांव 15 दिनों तक चलनेवाले मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है. इस मौके पर लोग बुढ़वा महादेव स्थान के गौरीशंकर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही मेले में आयोजित कई कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे हैं.महाशिवरात्रि से शुरू होनेवाले इस मेले का इतिहास करीब 2 हजार साल पुराना है.ऐतिहासिक वीर मेले को लेकर धनरूआ प्रखंड का वीर गांव इन दिनों गुलजार है. बड़ी संख्या में दूर-दूर से लोग मेला देखने आ रहे हैं. बुढ़वा महादेव स्थान के गौरीशंकर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही लोग मेले में चल रहे रंग-बिरंगे कार्यक्रमों का आनंद उठा रहे हैं. मेले में मौत का कुआं और बड़े-बड़े झूले खास आकर्षण के केंद्र हैं, वीर गांव में लगनेवाले इस मेला का इतिहास करीब 2 हजार साल पुराना है. यहां स्थित गौरीशंकर मंदिर के पुजारी दयानंद मिश्र ने बताया कि "2 हजार साल पहले इस मंदिर की स्थापना हुई थी, तभी से यहां मेले का आयोजन होता आ रहा है. यहां महाशविरात्रि पर शिवभक्तों को भारी भीड़ उमड़ती है और दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना लेकर बाबा के दरबार में आते हैं.364 तरह की लकड़ियों से बने सामान मिलते हैं,मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए कई झूले लगाए गये हैं,. इसके अलावा मेले का विशेष आकर्षण रहता है यहां बिकनेवाले इमारती सामान जो 364 तरह की लकड़ियों से बने होते हैं. इन सामान की खरीदारी के लिए पटना के अलावा कई दूसरे जिले से भी लोग आते हैं.।ऐतिहासिक वीर मेले को लेकर धनरूआ प्रखंड का वीर गांव इन दिनों गुलजार है. बड़ी संख्या में दूर-दूर से लोग मेला देखने आ रहे हैं. बुढ़वा महादेव स्थान के गौरीशंकर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही लोग मेले में चल रहे रंग-बिरंगे कार्यक्रमों का आनंद उठा रहे हैं.बड़े-बड़े झूले खास आकर्षण के केंद्र।

## वीर मेला के पहले ही दिन आधा दर्जन महिला हुई चेन स्नेचिंग की शिकार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर ओरियरा स्थित बुढ़वा महादेव स्थान गौरी शंकर मंदिर में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया, लेकिन इस बीच वीर मेला घूमने आए आधा दर्जन से अधिक महिलाओं के पहले ही दिन चेन स्नेचिंग का शिकार हो गई है। दरअसल बताया जाता है कि जलाभिषेक करने के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस की मुस्तैदी थी, हर झूले के पास भी पुलिस की कड़ी मुस्तैदी देखी गई, बावजूद पुलिस के कड़े पहरे को धता बताते हुए चैन स्नैचिंग गिरोह ने तकरीबन आधा दर्जन महिलाओं को शिकार बनाया है, किसी की कान का टॉप तो किसी का मंगलसूत्र तो किसी का चेन आदि को गायब कर दिया है। इस मामले में हालांकि अभी तक पुलिस को आवेदन नहीं दिया गया है पुलिस को शिकायत मौखिक तौर पर मिली है इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा को और ही टाइट कर दिया है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि सोमवार से और भी मेले में भारी संख्या में भीड़ बढ़ने की उम्मीद है ऐसे में पुलिस अपनी गस्ती को मजबूत बनाने में जुटी है बहरहाल धनरूआ विर मेला वैसे तो सरकारी तौर पर तो तीन दिनो का होता है लेकिन 15 दिनों तक आयोजन किया जाता है हालांकि इस बार सरकारी निविदा नहीं हो पाई है।

## दो ट्रकों की टक्कर में एक ड्राइवर की हुई मौत, आधा दर्जन घायल





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के श्रीनगर, देवी मंदिर के पास एनएच 30 मनेर-दानापुर मार्ग पर शनिवार की देर रात तेज रफ्तार में रहे दो ट्रकों व एक ऑटो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गयी। जबकि दूसरा ट्रक ड्राइवर व ऑटो सवार सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसका इलाज चल रहा है। वही दोनो ट्रकों के परखच्चे उड़ गए हैं। वही दुर्घटना के बाद मुख्य सड़क पर काफी देर तक जाम की समस्या उत्पन्न हो गयी। घटना की सूचना पर पहुँचे मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार व पुलिस टीम ने जेसीबी मशीन से दोनो ट्रकों को सड़क के किनारे कराया। तब जाकर यातायात शुरू हो सकी। दुर्घटना में मृतक एक ट्रक ड्राइवर की पहचान मनेर के रामपुर दियारा तोफिर पंचायत स्थित हुलासी टोला गांव निवासी दिलीप राय के 24 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। वही घायल सोनु कुमार, बसंती देवी सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पटना के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इधर ट्रक ड्राइवर की मौत के बाद परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया है। वही मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि एक चालक की मौत इलाज के दौरान हो गयी है। मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस दुखद घटना पर पूर्व विधायक प्रो श्रीकांत निराला, पूर्व मुखिया मिथलेश सिंह और वार्ड सदस्य कृष्णा ठाकुर सहित कई लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। राहुल कुमार की मौत के बाद हुलासी टोला गांव में मातम पसर गया है।

## महाशिवरात्रि पर 48 घंटे के अखंड-कीर्तन का हुआ आगाज





**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सरथुआ गांव के शिवपुरी प्रांगण में महाशिवरात्रि पर 48 घंटे के अखंड-कीर्तन समारोह की शुरूआत रविवार की सुबह हुई। समारोह में आये उमेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से इस कार्यक्रम में अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

शिवपुरी प्रांगण में शिव मंदिर की विशेष साज सज्जा की गई।सुबह से ही भोलेनाथ और पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए ग्रामीण श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखी गई जो शाम तक जारी रही।महादेव को प्रिय बेलपत्र, गंगाजल,धतूरा, कई तरह के फल और फूलों से उनकी पूजा अर्चना की गई।अखंड-कीर्तन समारोह से जुड़े अम्बर पटेल,विमलेश कुमार,संतोष रंजन, टीपु, बमशंकर, रजुली रंजन, नागेंद्र कुमार,रवि रंजन,चंदन ठाकुर, सोनी,समित कुमार,मंटू कुमार (शिक्षक) व अन्य ने बताया कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से ग्रामीण समाज में परस्पर सहयोग, प्रेम,मैत्री,भाईचारे की भावना में इजाफा होता है।

इस कार्यक्रम में पड़ोस के अन्य गांव की कीर्तन मंडली भी शामिल हो रही है।इस कार्यक्रम की पूणार्हुति मंगलवार को होगी।कार्यक्रम में उपस्थित खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि भगवान शिव जगत के विघ्नहर्ता और कल्याण करने वाले हैं।उनकी आराधना से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रखंड के गांवों तथा नगर बाजार स्थित शिवालय, मठ और मंदिर देवों के देव महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठे। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी प्रमुख शिवालयों और मंदिरों को रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटों से सजाया गया था, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस अवसर पर चार पहर में भगवान शिव की विशेष पूजा का विधान है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। खासकर महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर भोलेनाथ की आराधना की। सुबह से ही समदा स्थित शिवालय, खपुरा, रानीपुर, महाबलीपुर, निरखपुर, पालीगंज नगर बाजार स्थित मठ, नाला रोड स्थित शिव मंदिर, थाना परिसर स्थित शिव मंदिर तथा चंढोस मोड़ के पास स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

## पालीगंज अनुमंडल में मैट्रिक परीक्षा कदाचारमुक्त संचालन को लेकर एसडीएम की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज (पटना)** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 फरवरी तक संचालित होगी। परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में केंद्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, जोनल व सुपर जोनल दंडाधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुमंडल क्षेत्र में इस वर्ष चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाई स्कूल पालीगंज में 1539 छात्राएं, बंशीधारी हाई स्कूल भरतपुरा-उलार (दुल्हिनबाजार) में 1943 छात्राएं, मदनधारी उच्च माध्यमिक विद्यालय (बिक्रम) में 979 छात्राएं तथा पार्वती हाई स्कूल (बिक्रम) में 1267 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी। इस प्रकार कुल 5728 छात्राओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु प्रत्येक केंद्र पर चार दंडाधिकारी के अनुसार कुल 16 दंडाधिकारी तथा छह पुलिस पदाधिकारियों की स्थायी प्रतिनियुक्ति की गई है। चारों केंद्रों को दो जोन में विभाजित कर छह जोनल दंडाधिकारी एवं उनके साथ पुलिस बल तैनात किए गए हैं, जो परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व केंद्र के आसपास एकत्रित भीड़ को 200 गज की परिधि से बाहर रखेंगे। संपूर्ण अनुमंडल की निगरानी के लिए तीन सुपर जोनल दंडाधिकारी तथा पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

# दो गाय पालने पर सरकार किसानों को देगी आर्थिक मददः उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पिपराकोठी में तीन दिवसीय कृषि मेले का शुभारंभ, रक्सौल और मोतिहारी में दो एयरपोर्ट बनेंगे**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)** पिपरा कोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय कृषि मेला का उद्घाटन शनिवार को उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, कृषि मंत्री राम कृपाल यादव और सांसद राधामोहन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पशुपालन को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत, यदि कोई किसान दो गाय पालता है, तो सरकार उसे आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।उपमुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच हुए विभिन्न समझौते किसानों के हित में लागू किए जा रहे हैं, ताकि कृषि क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए उपमुख्यमंत्री चौधरी ने अपराधियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और उन्हें या तो राज्य छोड़ना होगा या जेल जाना पड़ेगा।कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने मोतिहारी के विकास से जुड़ी एक बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि मोतिहारी में दो एयरपोर्ट का निर्माण प्रस्तावित है। इनमें से एक बड़ा एयरपोर्ट रक्सौल में और दूसरा मोतिहारी में बनाया जाएगा। यह कदम सांसद राधामोहन सिंह के आग्रह पर उठाया गया है।उपमुख्यमंत्री ने मोतिहारी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वह भूमि है जहां महात्मा गांधी के आगमन ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी थी।

## लघु एवं सीमांत कृषक कार्यशाला में दूसरे दिन कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री हुए शामिल

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपराकोठी कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित तीन दिवसीय 'लघु एवं सीमांत कृषक कार्यशाला-सह- मात्स्यिकी, यांत्रिकी, बागवानी एवं पशु मेला' कार्यक्रम के दूसरे दिन कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर एवं बिहार के पशु एवं मत्स्य पालन मंत्री सुरेन्द्र मेहता के साथ सहभागिता कर किसानों, पशुपालकों वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों के साथ समेकित कृषि प्रणाली एवं फसल विविधीकरण सह जलवायु-अनुकूल कृषि कार्यशाला विषय पर विस्तृत संवाद किया। उक्त अवसर पर सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने समेकित कृषि प्रणाली, फसल विविधीकरण और जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के लिए बड़े संरचनात्मक बदलाव किए हैं। राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन और जलवायु लचीली कृषि के माध्यम से, 76 से अधिक आई एफ एस मॉडल विकसित किए गए हैं, जो फसल, पशुपालन और बागवानी को एकीकृत करते हैं। इसके तहत फसल विविधीकरण कार्यक्रम, प्राकृतिक खेती मिशन और कृषि-तकनीक के जरिए टिकाऊ उत्पादन व आय वृद्धि पर जोर दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के स्टेडियम के प्रांगण में जनता ट्रॉफी सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधी भोट साह उर्फ गणेश साह एंव मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता व पुर्व मुखिया ई सुर्य प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट मैच का उद्घाटन किया। मैच बेतिया और लौरीया की टीम के बीच खेला गया। इधर लौरीया की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि भोट साह उर्फ गणेश साह ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद करते हुए कहा खिलाड़ी को खेल की भावना से खेल को खेले। जीत हार सिक्के के दो पहलू हैं। पूर्व मुखिया ई सुर्य प्रसाद ने कहा खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है इससे मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। मौके पर उप उप प्रमुख खुर्शीद आलम समाजसेवी घनश्याम प्रसाद पूर्व मुखिया अशोक राम कमिटी के अध्यक्ष पवन कुमार सचिव कुंदन कुमार कोषाध्यक्ष राहुल कुमार चंदू जी आदि मौजूद रहें।

### अवैध शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए रविवार को दो कारोबारियों को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीपरपाती रोड स्थित एक कोल्डड्रिंक दुकान पर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान सरिसवा निवासी करण कुमार एवं अर्जुन को मौके से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में उनके पास से पांच पीस एटपीएम फ्रूटी तथा दो पीस किंगफिशर बियर बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### 14 लीटर चुलाई शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मटियरिया पुलिस ने 14 लीटर चुलाई शराब के साथ शनिवार की संध्या चोरहवा नदी पर दो कारोबारियों को गिरफ्तार की। गिरफ्तार कारोबारियों की पहचान गौनाहा थाना क्षेत्र के मंडीहा गांव निवासी सुदर्शन उरांव व अक्षय उरांव के रूप में हुई है।इसकी जानकारी देते थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की शराब कारोबारी शराब की बड़ी खेप लेकर चोरहवा नदी के रास्ते आने वाले है। पुलिस उक्त स्थान पर कारोबारी का इंतजार करने लगेद्यजैसे ही कारोबारी नदी पर पहुंचे पुलिस ने दोनों को शराब के साथ दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों कारोबारियों के विरुद्ध मध व उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### गन्ना लदे ट्रेक्टर पलटने से एक बच्ची की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपूर थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में गन्ना लदी एक ट्रैक्टर के पलटने से एक पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वही एक महिला घायल हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वही सूचना पर पहुचीं शिकारपूर पुलिस शव को कब्जे के लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया है और ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाई में जुट गई है। मृत बच्ची की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के सबुनी गांव निवासी राजा बाबू साह की पांच वर्षीय पुत्री कल्याणी के रूप में हुई है। वही घायल महिला को इलाज के लिए रामनगर अस्पताल भेजा गया। घायल महिला बच्ची की नानी बताई गई है। बच्ची अपने ननिहाल आयी थी और घर के पास खेल रही थी, तभी हरिनगर चीनी मिल में जा रही गन्ना लदी ट्रैकटर पलटने से उसकी मौत हो गई।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया है। ट्रेक्टर को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन चेकिंग में एक मोटरसाइकिल सहित दो चोर धराए

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार विशेष समकालीन अभियान दो दिवसीय चलाया गया जिसमें आदापुर थाना क्षेत्र के इस अभियान में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सधन जांच वाहन अभियान चेकिंग में एच एच डी जांच के क्रम एक चोरी की अपाची मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन बी आर जीरो 5ए पी3426 पकड़ी गई, चोर इतने शातिर थे कि दुसरे मोटरसाइकिल के नेमप्लेट लगाकर घुमा करते थे, चोरी की गई मोटरसाइकिल शिवहर थाना में काण्ड संख्या 191/2021 दर्ज है,यह मोटरसाइकिल के स्वामित्व सोनू कुमार है जो शिवहर जिला नगर थाना के निवासी हैं, मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त मुकेश कुमार पिता रमन पंडित सिखौना घोड़ासहन, गणेश कुमार पिता राजेश पंडित साकिम नौकाहा रक्सौल, जिनके पास से एक डिजिटल कैमरा,एक कैमरा लाईट,दो मोबाइल, करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है इस बात की जानकारी थानाध्यक्ष पप्पू पासवान ने दी।



### गोबरही शिव शक्ति धाम में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिव शक्ति धाम गोबरही में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग प्रचारक सारण चंदन कुमार ने हिंदू समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि समाज जितना अधिक संगठित रहेगा, राष्ट्र उतना ही सशक्त होगा। उन्होंने संगठन की 100 वर्ष की यात्रा का उल्लेख करते हुए आगामी वर्षों की कार्ययोजना पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी जैसे पांच प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। वहीं पृथ्वीनाथ ओझा ने हिंदू समाज के वैभवशाली इतिहास का स्मरण कराते हुए वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण सिंह ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को विश्व का बड़ा सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन बताते हुए उसके सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष विजय सिंह ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार सिंह, रामकीशुन सिंह, जनार्दन सिंह, चंदेश्वर महतो, धनंजय दुबे, सुमन दुबे, मनोज प्रसाद, अमिताभ ओझा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपग्रेडेड प्लस टू हरपुर फरीदन विद्यालय की छात्राओं ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन साधुलाल उच्च विद्यालय में शनिवार को किया गया। विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा रजनी कुमारी ने विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त किया। वहीं ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा मनीषा कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर प्रधानाध्यापक नवल किशोर राय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगी।






# चिरैया के शिवालयों में महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## श्रद्धा व परंपरा के अनुसार भक्ति भाव से की पूजा- अर्चना

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को प्रखंड क्षेत्र में काफी हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा एवं परम्परा के अनुसार शिवलिंग को जल एवं पंचामृत से स्नान कराने के पश्चात चंदन, भस्म, अक्षत, पुष्प, बिल्वपत्र, दूर्वा, शमी, तुलसी मंजरी, मदार पुष्प, धतूरे का पुष्प एवं फल, कमल पुष्प, भांग, अबीर-गुलाल, इत्र, धूप, दीप एवं नैवेद्य आदि चढ़ाकर पूजा- अर्चना की। प्रखंड क्षेत्र के आमगाछी गांव स्थित सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध गौरेया बाबा मंदिर, मनोकामना मंदिर बेलही, महुआवा, बुधनर, माधोपुर, रामपुर, भदहर, धरहरवा, चिरैया, बाराजयराम, खड़तरी, सेनुवरिया, लालबेगिया, मीरपुर, परतापुर, राघोपुर, रघुनाथपुर, पनसलवा, शिकारगंज बाजार स्थित शिवालय, रूपहरा, कठमलिया गांव सहित सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। शिव मंदिरों के बाहर कतारबद्ध होकर श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। इसमें पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं तथा युवतियों की संख्या अधिक थी। शिवालयों में दिन भर हर-हर महादेव के जयघोष लगते रहे। मंदिरों के आसपास फल- फूल, नाश्ता, घरेलू समाग्री व खिलौने की दर्जनों दुकानें सजी थी। जहां पूजा पाठ करने के बाद महिलाएं खरीददारी करते देखी गई। वही युवकों में खासा उत्साह देखा गया। वह अपनी ललाट पर त्रिपुंड लगाए मंदिर परिसर में घूम - घूमकर मेले का आनंद ले रहे थे। शिवालयों में भक्तों की भीड़ देर शाम तक देखी गई है।



## महाशिवरात्रि पर गूंजा हर-हर महादेव, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही शहर के प्रमुख शिव मंदिरों सागर पोखरा शिव मंदिर, हरिवाटिका शिव मंदिर, पिउनीबाग शिवालय में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया।मंदिर परिसरों में दिनभर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कई मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और भजन-कीर्तन के आयोजन ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्वयंसेवकों ने दर्शन एवं जलाभिषेक को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दिया। शाम की महाआरती के समय दीपों की जगमगाहट और मंत्रोच्चार ने पूरे शहर को दिव्यता के रंग में रंग दिया। महाशिवरात्रि का यह उत्सव आस्था, अनुशासन और सामुदायिक सौहार्द का प्रेरक उदाहरण बना। गौनाहा प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा। सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। विभिन्न जगहों पर मेले भी लगे हुए थे। प्रखंड क्षेत्र के सोफा, कोहरगड्डी, मठ मझरियां व तुमहवा मटियरिया आदि जगहों पर मेले का भी आयोजन किया गया था।





## महाशिवरात्रि पर आस्था का महासंगम हर-हर महादेव से गूंजे मझौलिया के शिवालय

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार की भोर से ही प्रखंड के शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति की अविरल धारा बह निकली। 'हर-हर महादेव' और 'ॐ नमः शिवाय' के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। अहवर कुड़िया स्थित कुड़ेश्वर महादेव मंदिर, राजघाट का प्राचीन भोलेनाथ मंदिर, मझौलिया नागेश्वरनाथ मंदिर सहित सभी शिवालयों में भक्तों का तांता सुबह से ही लगा रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की।अहवर कुड़िया के युवा समाजसेवी विकास कुमार तिवारी ने बताया कि कुड़ेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की परंपरा उनके पूर्वजों द्वारा आरंभ की गई थी, जो आज भी आस्था के साथ निरंतर जारी है। मंदिर परिसर में लगे फर्नीचर मेले ने भी विशेष आकर्षण पैदा किया है। यहां दूर-दराज से विभिन्न एवं आधुनिक डिजाइनों के फर्नीचर लाए जाते हैं, जिनकी अच्छी-खासी बिक्री होती है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपनी बेटियों के विवाह हेतु सस्ते दामों पर पलंग, आलमारी, ड्रेसिंग टेबल और अन्य सामग्री खरीदकर राहत महसूस करते हैं।वहीं राजघाट के प्रसिद्ध महादेव मंदिर के पुजारी ठग दास, लड्डू महतो एवं बीरा दास ने बताया कि उत्तरवाहिनी कोहड़ा नदी के तट पर अवस्थित यह प्राचीन मंदिर मुगल काल में बेतिया के महाराजा उज्जैन सिंह एवं गज सिंह द्वारा निर्मित कराया गया था।

## सनातन संस्कृति विज्ञान है जो प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है : डॉ. अमित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केसरिया प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चांदपरसा (केसरिया) में वन विभाग के सहयोग से 'नेत्रिका फाउंडेशन' एवं 'पर्यावरण संरक्षण गतिविधि' के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण की पाठशाला सह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. अमित रंजन ने कहा कि सनातन संस्कृति मूलतः विज्ञान है, जो प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज भले ही आधुनिक संसाधनों से दूर थे, परंतु वे प्रकृति के विज्ञान को समझते थे। आज हम तकनीकी रूप से अधिक उन्नत हैं, किंतु प्रकृति के उस मूल विज्ञान को समझने में पीछे रह गए हैं। आवश्यकता है कि हम उस पारंपरिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पुनः अपनाएं, जो पर्यावरण संरक्षण में सहायक हो। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमोद कुमार ने अपने संबोधन में प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को बाजार जाते समय कपड़े का झोला उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। डॉ. स्नेह एस. चौरसिया एवं डॉ. कीर्ति ने '3P' पेड़, पानी और प्लास्टिक के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रभात रंजन पांडेय तथा विद्यालय की छात्रा कोमल सहित अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह ने की, संचालन रामभूषण सिंह तथा संयोजन सरफराज अहमद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं के स्वागत गीत से हुआ। प्रधानाध्यापक ने अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोक परंपराओं की प्रस्तुति के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। प्रतिभागियों को रवि रौशन कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं ने लेते हुए प्रत्येक वर्ष एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की सफलता में आदर्श कुमार ओझा, जावेद अख्तर, आलोक कुमार, अलका कुमारी, रविंद्र कुमार, शिखा सिंह, अभय कुमार, प्रांजलि सिंह, विनोद कुमार, विकास कुमार एवं कुमार गौरव सहित विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर पूनम कुमारी, गोल्डी शुक्ला, अजय कांत गिरी, रानी कुमारी, सुमन कुमारी सहित सैकड़ों छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।



# मुंगेर यूनिवर्सिटी की 7वीं सीनेट बैठक आयोजित

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रगान के दौरान छात्र संगठनों के आक्रामक होकर सदन में जबरन प्रवेश पाने की सूचना पाकर मेज पर पड़े छात्रों के परीक्षा संबंधी आवश्यक दस्तावेजो को अंदर भेजवाने का त्वरित निर्णय कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा लिया गया और सैकड़ों परीक्षार्थियों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को उग्र छात्रों द्वारा नष्ट न होने देने का उनका प्रयास छात्रहित में उस क्षण की मांग थी। ऐसा करके कूलपति एवं कुलसचिव ने सैकड़ों परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने से बचा लिया। छात्रों द्वारा गेट तौरे जाने की सूचना पर गोपनीय दस्तावेजों को अंदर भेजकर सैकड़ो छात्रों के जिंदगी को बचाया गया। मुंगेर यूनिवर्सिटी की 7वीं सीनेट बैठक 13 फरवरी, 2026 को दोपहर 12:00 बजे से कैंपस में स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित थी। मीटिंग में शामिल होने के लिए माननीय सदस्यगण ससमय पहुंचने लगे थे। अलग-अलग कामों में लगे वॉलंटियर और अधिकारी ऑडिटोरियम में मौजूद थे। बिना किसी पूर्व सूचना के, अलग-अलग छात्र संगठनो ने अचानक ऑडिटोरियम के दरवाजे बंद कर दिए और बाहर नारे लगाने लगे। कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार के आदेश पर रजिस्ट्रार डॉ घनश्याम राय प्रॉक्टर प्रोफेसर जयंत कुमार और कॉलेज इंस्पेक्टर प्रोफेसर कलाल बाखला प्रदर्शनकारियों से मिलने ऑडिटोरियम के गेट पर गए। प्रदर्शनकारियों ने रजिस्ट्रार डॉ घनश्याम राय से बात करने से मना कर दिया और नारे लगाते रहे। इसी बीच, किसी ने रजिस्ट्रार डॉ.राय पर ' मिट्टी ' फेंका, जो नीचे दिए गए वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है और मिट्टी फेकने वाले की पहचान की जा सकती है। कुलसचिव अन्य अधिकारियों के साथ छात्रों का ज्ञापन लेकर लौट गए। फिर माननीय वाइस चांसलर के आदेश पर, डीएसडब्लू की लीडरशिप में तमाम पदाधिकारीगण छात्र संगठनों से मिलने गए। टीम खाली हाथ लौटी। आखिर में, एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग में स्थित सिंडिकेट हॉल में सीनेट मीटिंग करने का फैसला लिया गया। सिंडिकेट हॉल में सीनेट की बैठक आयोजित की गई। लगभग अधिकांश माननीय सदस्यगण मौजूद थे। औपचारिक कार्यवाही शुरू हुई। बजट 2026-2027 को ध्वनिमत से पारित किया गया।

**दो जरूरी फैसले लिए गए:** हर हफ़्ते छात्र दरबार बैठक और 23 फरवरी को सीनेट के शेष अन्य मुद्दों पर चर्चा। विश्वविद्यालय में तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने कुलपति महोदय को बताया कि छात्रों ने ग्रांड फ़्लोर का गेट तौर दिया गया है। कुलपति और कुलसचिव ने एग्जामिनेशन डिपार्टमेंट से लाए गए कुछ कॉन्फिडेंशियल स्टूडेंट डॉक्यूमेंट्स को स्ट्रॉन्ग रूम में वापस भेजने के लिए कर्मियों को दिया ताकि अगर छात्र संगठनों से जुड़े छात्र अंदर आ गए तो गोपनीय डाक्यूमेंट्स को नुकसान न कर सके जिसमें हजारों छात्रों का भविष्य जुड़ा हुआ है। वायरल वीडियो में बाहर का शोर साफ दीख रहा है।

**एक सवाल उठता है:** क्या वीडियो बनाने वाले को राष्ट्रगान के दौरान अटेंशन में नहीं खड़ा होना चाहिए था? कुलसचिव और वाइस चांसलर प्रोफेसर संजय कुमार छात्र संगठनों के अचानक आंदोलन और तेवर से हैरान रह गए। रजिस्ट्रार पर मिट्टी फेंकी गई। - अगर वाइस चांसलर के साथ कुछ अनहोनी घटना हो जाती, तो कौन ज़िम्मेदार होता?

## रुद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का रूप माना गया है : डॉ. शम्भुनाथ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व का पहला पाँच लाख रूद्राक्ष का गोल्ड प्लेटेड शिवा मुखा आकृति का शिवलिंग मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम में स्थापित है। महाशिवरात्रि के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। यह पहला शिवलिंग है, जिस पर पूजा करने, रूद्राभिषेक करने और जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई है। पिछले पाँच वर्षो में लाखो भक्तो के द्वारा जलाभिषेक पूजा अर्चना की गई है। रूद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना गया है। एक बार पाँच लाख रूद्राक्ष के शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रूद्राभिषेक करने से चार लखराव के बराबर फल प्राप्त होता है। भगवान शिव की अराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आचार्य डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया द्वारा आज प्रातः 08 बजे सैकड़ो की संख्या में निःशुल्क रूद्राभिषेक कराया गया। जो भी अपनी सामग्री लाना चाहे तो ला सकते है, नही तो यहाँ हरिद्वार का गंगाजल और बेल पत्र उपलब्ध है, जो अपने पंडित से रूद्राभिषेक कराना चाहें तो निःशुल्क स्थान समय आरक्षित करा लें। वर्तमान में जो समय चल रहा है।



## रक्सौल अंचल कार्यालय में पीड़ित परिवारों को मिला सरकारी अनुदान, अंचलाधिकारी शेखर राज ने सौंपी सहायता राशि

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अंचल कार्यालय में आज मानवता और संवेदनशील प्रशासन की मिसाल देखने को मिली, जब अंचलाधिकारी शेखर राज ने आगलगी और डूबने से मृत्यु के मामलों में पीड़ित परिवारों को सरकारी अनुदान राशि प्रदान की। अंचल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आगलगी (अग्निकांड) से प्रभावित परिवारों को अनुग्रह अनुदान योजना के तहत सहायता दी गई। प्रत्येक पीड़ित परिवार को ₹5,000 वस्त्र व बर्तन हेतु। ₹7,000- नगद सहायता। इस प्रकार प्रति आवेदक कुल ₹12,000 की राशि दी गई। इस योजना के अंतर्गत कुल 4 आवेदकों को यह सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं, डूबने से मृत्यु के एक मामले में मृतक झुलन पटेल के आश्रित परिवार को सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान स्वरूप ₹4 लाख की आर्थिक सहायता राशि अंचलाधिकारी शेखर राज द्वारा सौंपी गई। इस अवसर पर अंचलाधिकारी शेखर राज ने कहा कि सरकार आपदा पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर पात्र व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



## शिवरात्रि पर रक्सौल में भव्य शिव बारात, काली मंदिर से निकली शोभायात्रा

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज रक्सौल में धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नगर के प्रसिद्ध काली मंदिर परिसर से वामचार्य सेवक संजय नाथ के नेतृत्व में भव्य शिव बारात निकाली गई। शिव बारात में रथ पर भगवान शिव, माता पार्वती, हनुमान जी तथा उनके गण विराजमान थे, वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चे गणों की आकर्षक वेश-भूषा में श्रद्धालुओं का मन मोह रहे थे। पूरे नगर में ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बारात काली मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं और युवाओं की भागीदारी ने आयोजन को और भव्य बना दिया। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे शिव बारात शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हुई।



## अश्लील रील बनाने पर प्राथमिकी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैरिया थाना क्षेत्र के उदयपुर पक्षी अभयारण्य (सरैयामन) में अश्लील रील बनाने के मामले में बैरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि उदयपुर वन परिसर के वन परिसर पदाधिकारी विकास कुमार की शिकायत पर एक्टर समशेर नाम से संचालित एक यूट्यूबर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बैरिया थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसडीपीओ ने बताया कि 13 फरवरी को वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा बैरिया थानाध्यक्ष को सूचित किया गया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उदयपुर पक्षी अभयारण्य (सरैयामन) में अश्लील वीडियो-रील बनाकर इंटरनेट के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जा रहा है। जिससे पक्षी विहार की छवि धूमिल हो रही है तथा यहां आने वाले पर्यटकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लिया और कार्रवाई का निर्देश दिया। बैरिया थाना की पुलिस द्वारा वीडियो-रील का सत्यापन किया गया तथा वीडियो को प्रसारित करने वाले इंस्टाग्राम आईडी को चिन्हित किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में वन परिसर पदाधिकारी विकास कुमार ने पुलिस से बताया है कि एक्टर समशेर नाम से संचालित एक यूट्यूबर द्वारा उदयपुर वन्य प्राणी आश्रयणी के इको पर्यटन केंद्र में एक अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट पर प्रसारित किया जा रहा है। इनके द्वारा वन्य प्राणी आश्रयणी के इको पर्यटन केंद्र के छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त वीडियो के प्रसारित होने से इको पर्यटन केंद्र में आगंतुक पर्यटकों के विचार में भी संदेह उत्पन्न हो रहा है।

## हर हर महादेव के जयकारे से गुलजार रहे शिवालय

### कई जगहों पर मेला का आयोजन, एसडीएम ने लिया जायजा, प्रशासन रहा मुस्तैद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देवो के देव महादेव व माता पार्वती की विवाह, महाशिवरात्रि को लेकर रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के सभी शिवमन्दिर में महादेव के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा हर हर महादेव के जयकारों से गुलजार रहा। शहर हो या गांव सभी छोटे बड़े मंदिरों में सुबह से ही लोगों का ताता लगा रहा। भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए लोग मंदिर के द्वारों पर लाइन लगाकर खड़े रहे।नरकटियागंज क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवमंदिर बनवरिया में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। वही गोपाला ब्रह्मस्थान को 5 किवंटल फूलों से सजाया गया था जो कि बड़ा ही आर्कषक रहा। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर गोपाला ब्रह्मस्थान में 3 किवंटल लीटर दूध और 1 किवंटल गन्ने का जूस से रुद्राभिषेक हुआ। यहां सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाओं और कन्याओं में शिव पार्वती को गंगा जल, बेलपत्र, पुष्प और दूध अर्पित करने के लिए अपार उत्साह देखा गया। इसी तरह बिरला मंदिर, राम जानकी मंदिर, हरदिया शिव मंदिर, मठ मझरिया, सोफा, बैतापुर शिव मंदिर समेत तमाम मंदिरों में भारी संख्या में पुरुष ,महिला श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की । इस अवसर पर बनवरिया, मठ मझरिया, बैतापुर समेत कई जगहों पर मेले का आयोजन भी किया गया। महाशिवरात्रि पर बनवरिया मेला में लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। भीड़ को देखते हुए यहां प्रशासन की तरफ से दंडाधिकारियों एवं पुलिस बलों की तैनाती भी की गई थी। वही एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, बीडीओ सूरज कुमार, सीओ सुधांशु शेखर ने बनवरिया, गोपाला ब्रह्मस्थान समेत कई शिवालयो का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियो को आवश्यक निर्देश भी दिए। एसडीएम ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रमुख शिवालयों में भीड़ को देखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की तरफ से दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियो की तैनाती की गई है। मेले की पल पल की खबर ली जा रही है। इसको लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को आवश्यक निर्देश दिया गया है।





# रफीगंज रेलवे पुलिस ने निकाली शिव बरात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा शिवरात्रि पर शहर के महाराजगंज स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक के समीप से शिव विवाह लेकर बारात निकाली गई। बारात में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं जवान के साथ-साथ स्थानीय लोग शामिल हुए। बरात महाराजगंज से शुरू होकर डिहवार स्थान पहुंची। बाबा डिहवार के पूजन उपरांत टिकट काउंटर, मुरली बाबू चौक, मुख्य बाजार होते हुए शहर के महादेव घाट बारात पहुंची जहां पूजन उपरांत बारात वापस महाराजगंज के लिए रवाना हुई। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि बैरक स्थित भगवान शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था इसके बाद हवन उपरांत बारात निकल गया। रविवार की रात्रि में मां-पार्वती एवं भगवान शिव की विवाह वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं के बीच में प्रसाद का वितरण किया गया। विवाह के दौरान मुख्य जजमान सिपाही अमित कुमार एवं उनकी पत्नी रही। इस मौके पर एस आई इंदल कुमार मंडल, नरेंद्र कुमार, नीतीश कुमार, अविनाश कुमार, मिथिलेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, शंकर सिंह, अमित कुमार, विमलेश कुमार, आर आर सिंह, आर एस यादव, दिलीप कुमार रफीगंज थाना से थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई कौशलेंद्र कुमार, निरंजन सिंह, मिथिलेश कुमार, सहित स्थानीय लोग बारात में शामिल थे।

### जम्होर में धूमधाम से निकाली गई महादेव की बारात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में महाशिवरात्रि पूजा महोत्सव के निमित्त महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भगवान शंकर जी का बारात भव्यता एवं दिव्यता के साथ शुभ मुहूर्त में निकाली गई। सैकड़ों ग्रामीणों के सान्निध्य में जम्होर ग्राम के हृदय स्थली दुर्गा मैदान से शंकर जी की बारात निकली और दक्षिणी मोहल्ला हनुमान जी के परिसर होते हुए पूरा नगर का भ्रमण किया और उसके बाद यह बारात अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंची। तत्पश्चात विभिन्न गलियों से होते हुए माता पार्वती स्थान के पास पहुंचने पर भगवान शंकर एवं माता पार्वती का शुभ विवाह कराया गया। योग्य आचार्यों के उपस्थिति में मंत्रोंच्चार के साथ शिव-पार्वती विवाह में महिलाओं द्वारा मांगलिक गान की प्रस्तुति की गई। आयोजन समिति के संयोजक दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में विशेष सहभागिता निभाई।

# धूमधाम से करायी गई भगवान शिव और माता पार्वती की शादी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के हैबसपुर गांव में आजाद युवा क्लब की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, मुखिया चुनु शर्मा, सरपंच बखोरा खां, समाजसेवी शत्रुघ्न सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके उपरांत राधा रानी की झांकी की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंतोष कुमार, सोनू कुमार, डॉ सुधीर कुमार, अनुग्रह महतो, प्रमीत कुमार, प्रिंस कुमार सहित अन्य युवाओं का योगदान सराहनीय रहा। वही हसपुरा बाजार के चौराही रोड स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर सहित ब्लॉक कैम्पस मंदिर, पचरूखिया - हैबसपुर, सोनहथु, कोईलवां,टाल, ईटवां, डुमरा,मनपुरा, सिहाड़ी, चौराही, आदर्शनगर हसपुरा, खुटहन, जैतपुर, महुआड़,अहियापुर सहित अन्य गांव स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर शिवलिंग की पूजा - अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही। शिवलिंग की पूजा में महिलाओं की भीड़ अधिक देखा गया। आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने कहा शिव-शक्ति का प्रतीक माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। भोलेशंकर शिव की महिमा अपरम्पार है। श्री शास्त्री ने कहा महादेव महासिद्धिदायिनी हैं। इसे शिव अराधना का महापर्व कहा गया है। कई जगहों पर मंदिरों में शिवशंकर भोलेनाथ - पार्वती की शादी का रस्म पुरी की गई है।

# पॉल्यूशन मुक्त होगा रफीगंज शहर : पियूष रंजन

## शहर में पहली बार सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक ऑटो की एजेंसी का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ के कियाखाप पंजाब नेशनल बैंक के समीप रिद्धि सिद्धि बजाज मोटर एलएलपी एजेंसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पियूष रंजन एवं प्रोपराइटर निर्भय कुमार सिंह उर्फ भोलू सिंह ने फीता काटकर किया। पीयूष रंजन ने बताया कि रफीगंज शहर में पहली बार इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी से संचालित होने वाली थ्री व्हीलर की एजेंसी खुला है। यह एजेंसी खुली जाने से रफीगंज में पॉल्यूशन कम होगा तथा गरीब मजदूर लोग गाड़ी खरीद आय का स्रोत बढ़ा सकते हैं। प्रोपराइटर निर्भय कुमार सिंह उर्फ भोलू सिंह ने बताया कि रफीगंज में बजाज की पहली थ्री व्हीलर ऑटो एवं ई रिक्शा सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक द्वारा चलने वाली लोगों के बीच में उपलब्ध हुआ है। बजाज की सर्विस भी यहां उपलब्ध है और पार्ट्स भी कम कीमत पर मिलेगी यदि 16 फरवरी से होली तक गाड़ी खरीदने हैं तो स्पेशल ऑफर भी ग्राहकों को दिया जाएगा । विशेष छूट के साथ-साथ उपहार के स्वरूप में मिक्सर ग्राइंडर म्यूजिकल सिस्टम डिनर सेट सहित अन्य उपहार ग्राहकों को दी जाएगी। निर्भय ने बताया कि दो घंटे के अंदर लोन की सुविधा सिर्फ आधार कार्ड पैन कार्ड एवं पासबुक के माध्यम से की जा रही है। इस मौके पर गुड्डू यादव, बबलू कुमार, रोहित कुमार, आयुष कुमार, अनुज कुमार, रितेश कुमार, कार्तिक कुमार आदित्य सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 24 घंटे का अखंड ज्योति कीर्तन का आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण स्थित शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड ज्योति कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जैसे ही "हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे" का स्वर गूंजा, पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और भजन-कीर्तन की मधुर धुनों ने माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।

आयोजन की जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर अखंड ज्योति कीर्तन का आयोजन किया गया है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को विधिवत आरती एवं हवन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, बबलू सिंह, गोह के बड़ा बाबू अशोक कुमार, पप्पू रजक, बड़ा बाबू सुनील कुमार, रूपेश कुमार, लाल बहादुर, बबलू कुमार सिंह, अकाउंटेंट राजेश कुमार, पीसीएस सुभाष कुमार, बीएमसी शम्मी, सुनील दीप कुमार, प्रमोद, अनिल कुमार, दैनिक आशा कार्यकर्ता आशा कुमारी, रंजना कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, वैजयंती कुमारी तिग्गा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित रहे। इस धार्मिक आयोजन में स्वास्थ्य परिवार की सेवा भावना और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

# असहायों के बीच बांटे गये वस्त्र व भोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मौआरी गांव में दलितों के रहनुमा और समाजसेवी रामचन्दर राम की छठी पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ रामचन्दर राम और उनकी धर्मपत्नी विगनी देवी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर दर्जनों असहाय व अभिवंचित वर्गों में बिफनी कुंवर, सूरजमनि देवी, प्रेमनी कुंवर को धोती साड़ी व अंग वस्त्र अलकरिया देवी, सियामनी कुंवर, कौलेश्वर पासवान, महेन्द्र राजवंशी, दिया मथुरा राजवंशी सहित कई असहायों के बीच अंगवस्त्र वितरण किया गया और भोजन कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेरा युवा भारत केन्द्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार)गाजीपुर (उत्तरप्रदेश) के उपनिदेशक कपिल देव ने कहा कि रामचन्दर राम के सामाजिक योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। स्व. राम निरंतर सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहे थे। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रो अलखदेव प्रसाद 'अचल', साहित्यकार व पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी, अधिवक्ता मोहन राम, समाजसेवी कामता प्रसाद कुशवाहा, कृष्णा यादव, शिक्षक मनीष कुमार, नागा सिंह, बीरेंद्र राम, पुष्पा कुमारी, विकास कुमार, परितोष कुमार, आशुतोष कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने श्री राम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# स्थापना दिवस पर सेमिनार व कवि सम्मेलन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** जनवादी लेखक संघ के 45 वें स्थापना दिवस पर जनवादी लेखक संघ औरंगाबाद ईकाई के तत्वावधान में रॉयल रेस्टोरेंट पचरुखिया मोड़ के सभागार में 'आज के परिदृश्य में लेखकीय दायित्व' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मंडल ने की, जबकि संचालन साहित्यकार व पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी ने किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए जलेस के सचिव व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' ने कहा कि आदिकाल,भक्ति काल, रीति काल हो या आधुनिक काल,हर काल में साहित्यकारों की भूमिका अहं रही है। आज के समाज में जिस तरह साम्राज्यवाद और साम्प्रदायिकता का बोलबाला है, उसमें साहित्यकारों का दायित्व काफी बढ़ सा गया है। श्री मंडल ने कहा असल लेखक वही होता है, जो पाठक पैदा करे और जनता के पक्ष लेखन करे। वैसे लेखकों की ही रचनाएं कालजयी हो पाती है। दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल, श्रीनिवास मंडल, अंबुज कुमार, मेरा युवा भारत केन्द्र गाजीपुर के उपनिदेशक कपिल देव, शमशाद आलम शमशाद, गोपेन्द्र कुमार सिन्हा, समुन्दर सिंह, सुधीर कुमार सत्यम सहित कई कवि शायरों ने अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बीरेंद्र कुमार, अभय कुमार, प्रेम कुमार सिंह, मनीष विश्वा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक कुलदीप चौधरी ने किया।

# महाशिवरात्रि पर शिव पार्वती विवाह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नारदीगंज प्रखंड स्थित धनियावां पहाड़ी पर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष शिव पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सदर विधायक विभा देवी, उनके ज्येष्ठ सुपुत्र एकलव्य कुमार ने सपत्नीक जजमान बनकर समस्त विधि विधान संपन्न कराया। इसके पूर्व शिव जी की भव्य बारात निकाली गई जिसमें आसपास के गांवों समेत दूर दराज के श्रद्धालु बाजे गाजे के साथ शामिल हुए । इस वर्ष का समस्त आयोजन पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मंदिर की रंगाई पुताई, प्रकाश व्यवस्था, साज सज्जा, पेयजल , साफ सफाई एवं पूजा पाठ एवं प्रसाद वितरण इत्यादि शामिल है। इस आयोजन के व्यवस्थापक अरुण सिन्हा एवं अजय कुमार ने बताया कि धनियावां पहाड़ी पर अवस्थित शिव पार्वती की दुर्लभ मूर्तियां महाभारत काल से जुड़ती है। यहां जरासंध की पुत्री धनियावती राजगृह से चलकर प्रतिदिन आती थी और पवित्र सरोवर में स्नानकर शिव जी की पूजा करती थी । धनियावती के नाम पर ही इस पहाड़ी का नाम धनियावां पड़ा है। इस मंदिर की महात्म्य को देखते हुए सदर विधायक विभा देवी एवं एमएलसी अशोक कुमार ने धनियावां को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग सदन में उठाया था। इस वर्ष शिव पार्वती विवाह के विशेष आयोजन में श्रद्धालुओं ने विशेष रुचि दिखाई है इसलिए भीड़ भी काफी देखी गई। प्रसाद वितरण एवं खानपान की उत्तम व्यवस्था से प्रसन्न स्थानीय लोगों ने बताया कि अब मंत्री जी की नजर यहां पड़ी है तो इस पूरे क्षेत्र का कायाकल्प सुनिश्चित है। पूजा विधान में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी, पत्रकार अरविंद मिश्रा इत्यादि भी शामिल रहे जबकि मेला की व्यवस्था के लिए स्थानीय कार्यकर्ता मंटू कुमार, विपिन कुमार, शंभु मालाकार, छोटे यादव, सुनील मुखिया, दीपू कुमार रामलखन यादव इत्यादि ने रातदिन एक कर दिया।

# गोह प्रखंड कार्यालय में वर्षो से बंद है सामुदायिक शौचालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** स्वच्छता को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है परंतु गोह प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सामुदायिक शौचालय वर्षो से बंद पड़ा है। बता दें कि शौचालय का निर्माण पंचम राज्य वित्त आयोग से निर्मित किया गया है। शौचालय बंद रहने से प्रखंड कार्यालय पहुंचने वाले आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि शौचालय के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसका उपयोग शुरू न होना प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। परिसर में आने वाले कर्मचारी, ग्रामीण और आगंतुक इस सुविधा से वंचित हैं। विशोषकर महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। योजना स्थल पर लगे शिलापS पर अनुशंसा करने वाले जनप्रतिनिधियों के नाम तो अंकित हैं परंतु निर्माण में खर्च की गई कुल राशि का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण सोना देवी, पुष्पा देवी, दिलीप कुमार का कहना है कि जब सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त भारत की बात कर रही है तो प्रशासन को तत्काल ताला खोलकर इस सुविधा से आमजन के उपयोग के लिए शुरू करना चाहिए। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

# आखिरी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बद्री बीघा ने डिहरी को हराया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आज औरंगाबाद क्रिकेट कप का आखिरी क्वार्टर फाइनल मुकाबला बद्री बीघा और डिहरी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बद्री बीघा 163 रनों का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में डेहरी की टीम 106 रनों पे सिमट गई। कीशु मिश्रा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि बिहार राज्य फार्मेसी परिषद पटना के निर्वाचित सदस्य सह एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी औरंगाबाद के डायरेक्टर विकास कुमार सिंह और एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल कौसर सफ़ात ने दोनों टीमों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आखिरी सेमीफाइनल मैच सूरज 11 और बद्री बीघा के बीच में कल खेला जाएगा।

# ओबरा में डिजिटल फ्लैक्स प्रिंटिंग सेवा शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंजाब नेशनल बैंक के नीचे गली में रविवार को शिवरात्रि के मौके पर मेट्रो फ्लैक्स प्रिंटिंग प्रेस का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन वरीय भाजपा नेता अश्विनी तिवारी ने फीता काटकर किया। संस्थान के संचालक डब्ल्यू तिवारी व देवेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई दी। भाजपा नेता ने कहा कि प्रखंड में सुविधा होने से लोग बाहर जाने से बचेंगे। इस मौके पर कमल कुमार इंद्रजीत, कुमार नवल, कुमार अजीत आदि थे।

### महाशिवरात्रि पर 'हर-हर महादेव' से गूंजा खोरैटेश्वर मंदिर प्रांगण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** पावन महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबा खोरैठेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के भोर से ही सैकड़ों शिवभक्त गंगा से जल लेकर मंदिर परिसर पहुंचे और "हर-हर महादेव" के जयघोष के बीच विधिवत जलाभिषेक किया। रात्रि पहर विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान शिव का भव्य श्रृंगार, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग तथा भंडारे ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया।

# सधान बिगहा गांव जाने वाली कच्ची सड़क से बढ़ी परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा प्रखंड के तहत पड़रिया टोला सधान बिगहा गांव जाने वाली सड़क वर्षो से कच्ची है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीण रवि कुमार, रितेश कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, हरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में पड़रिया की ओर जाने के लिए पक्की सड़क है। सड़क से होकर प्रखंड मुख्यालय जा सकते हैं। बता दें कि गांव से सिमरा बाजार की दूरी लगभग चार से पांच किलोमीटर है। जहां से होकर आसानी से जिला मुख्यालय तक जा सकते हैं। सिमरा बाजार में ही उनकी थाना और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। जहां पहुंचने के लिए पहले पड़रिया गांव जाना पड़ता है। अधिक दूरी तय करते हुए सिमरा बाजार पहुंचना पड़ता है। ऐसे में समय की बर्बादी होती है। साथ ही खर्च भी ज्यादा होता है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि सिमरा से चोरहा गांव तक पक्की सड़क बनी है। चोरहा गांव से उनके गांव की दूरी मात्र दो से ढ़ाई किलोमीटर है। स्थानीय मुखिया के द्वारा गांव से कुछ दूरी तक सड़क बना दिया गया है। इसके आगे भरौंधा पंचायत शुरू हो जाता है। अगर चोरहा से डेढ़ किलोमीटर पक्की सड़क बना दिया जाए तो उनका गांव सिमरा से भी पक्की सड़क से जुड़ जाएगा। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला मुख्यालय आने में सुविधा होगी। ऐसी बात नहीं है कि ग्रामीणों ने इसके लिए प्रयास नहीं किया। उक्त सड़क का पक्कीकरण कराए जाने को लेकर कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का दरवाजा खटखटाया परंतु अबतक निराशा ही हाथ लगी। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सड़क की पक्कीकरण की मांग की है।

# देवकली और सोनवर्षा समेत सभी शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद) ।** महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए रविवार को देवकली व सोनवर्षा समेत सभी शिवालयों में श्रद्धालु सुबह से ही उमड़ पड़े। दिन भर बाबा का जलाभिषेक हुआ। मौर पहना कर पूजा-अर्चना की गई। भोला भंडारी के गीत और भजन गूंजते रहे। भव्य मेला लगा था। बच्चों ने झूले का आनंद लिया। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सोनवर्षा के सामाजिक कार्यकर्ता सुमित कुमार व प्रधानाध्यापक नवल सिंह ने बताया कि यहां हर साल हजारों श्रद्धालु आते हैं।

# उमंगेश्वरी महोत्सव में बॉलीवुड गायिका ऐश्वर्या पंडित ने सजाई सुरों की महफिल





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव के पहले दिन बॉलीवुड गायिका प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित का जलवा रहा। ऐश्वर्या ने सबसे पहले अपनी गीत सांसों के माला माला पे सिमरू में तेरा नाम शुरुआत की। उसके बाद बांहों में चली आओ..हो हमसे सनम क्या पर्दा, जरा जरा बहकता है महकता है गीत की प्रस्तुति दी तो दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। इसके बाद ऐश्वर्या ने मोनिका ओ माय डार्लिंग गीत की प्रस्तुति दी तो लोग झूमने पर मजबूर हो गए। अगली गीत की प्रस्तुति लैला मैं लैला ऐसी हूं लैला गाई तो दर्शन तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। ऐश्वर्या ने सैयारा तू तो बदला नहीं है गीत की प्रस्तुति दी तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। ऐश्वर्या ने लगातार कई प्रसिद्ध फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इधर दर्शक ऐश्वर्या पंडित के प्रस्तुति को सराहा और जमकर तालियां बजाई। अंत में ऐश्वर्या को कुटुंबा विधायक ललन राम, एडीएम संतन कुमार सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, पहाड़ के मुख्य पुजारी बालमुकुंद पाठक, प्रफुल सिंह सहित ने अंग वस्त्र एवं उमंगेशवरी मंदिर का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। ऐश्वर्या पंडित ने कहा कि मुझे औरंगाबाद आने का यह पहला अवसर मिला है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। औरंगाबाद के लोगों का बहुत प्यार मिला है। कहा कि मां उमंगेशवरी के बारे में मैं पढ़ी थी। आज मां के दरबार में प्रस्तुति देने पहुंची हूं। इस मौके पर राकेश सिंह, धनंजय सिंह, सुबोध सिंह, सुरेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाल एवं महिला अधिकारों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेवारी : मंत्री

## बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता रथ को किया गया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार के श्रम संसाधन मंत्री सह आरा के भाजपा विधायक संजय सिंह टाइगर ने सात दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता रथ को आरा रमना मैदान के समीप जेपी स्मारक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बाल एवं महिला अधिकारों की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के तहत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन व दिशा एक प्रयास के साझा प्रयास से सात दिवसीय वाहन से जागरुकता रथ का शुभारंभ हुआ। यह विभिन्न




क्षेत्रों में पहुंचकर बाल अधिकार, महिला सुरक्षा, विधिक सहायता व सामाजिक न्याय से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों का प्रसार करेगा। सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास गत दो दशकों से उनके अधिकार संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। संस्था अपने सतत जमीनी कार्यों के साथ-साथ समय-समय पर आवश्यक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय एवं अधिकारों की जानकारी पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर दिशा एक प्रयास की सचिव डॉ कुमारी सुनीता सिंह, अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह एवं संस्था के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर वेंकटेश राय, रवि शंकर सिंह, मृत्युंजय तिवारी, लव पांडेय, संजीत कुमार, अभिमन्यु सिंह, राजेश कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान संस्था द्वारा यह संकल्प दोहराया गया कि बाल श्रम, बाल विवाह एवं महिला उत्पीड़न जैसे मुद्दों के विरुद्ध जागरूकता और कानूनी सहयोग के माध्यम से न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। संस्था का यह प्रयास समाज में अधिकार आधारित सोच को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अखंड सीताराम नाम संकीर्तन का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** प्रखंड के वार्ड संख्या सात में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ अखंड सीताराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। संकीर्तन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिला-पुरुष एवं युवाओं ने बारी-बारी से सीताराम नाम का जाप कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन-कीर्तन से पूरा



क्षेत्र गूंजायमान रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अखंड नाम संकीर्तन निर्धारित अवधि तक निरंतर चलता रहेगा तथा समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। जिसमें विजय कुमार, ललन पाठक, कुणाल पाठक, विकास कुमार सूरज कुमार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# संकुल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण में शामिल संकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महारतपुर के अंतर्गत सभी मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों के बीच बिहार दर्शन यात्रा वृतांत के विषय पर प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें संकुल के अंतर्गत आने वाले मध्य विद्यालय महारतपुर, मध्य विद्यालय रतौली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोदीडीह एवं राजकीय बुनियादी विद्यालय बिंदपुर से चयनित पांच पांच बच्चों ने अपने विचार को लिखित और मौखिक रूप से साझा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीएमश्री विद्यालय मंझौल के प्रधानाध्यक डॉ शैलेश कुमार शर्मा एवं मध्य विद्यालय मोहनपुर के प्रधानाध्यक विनय कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है शिक्षा ही एक ऐसी पूंजी है जो कभी घटता नहीं है जितना दान करते हैं वो उतना बढ़ता ही जाता है। और इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चे किसी भी चीज को बहुत बारीकी से समझते भी हैं जो उनको आगामी भविष्य को उज्जवल बनाती है।

# हर-हर महादेव की गूंज से शिवमय हुए शिवालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** महाशिवरात्रि पर विभिन्न शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा। अहले सुबह से ही नावकोठी, टेकनपुरा, वृंदावन, छतौना, गम्हरिया, रजाकपुर, देवपुरा, समसा, हसनपुर बागर, महेशवाड़ा, पहसारा आदि शिव मंदिरों में बेलपत्र, भांग, धतूरा, फल, मेवा चढाकर जलाभिषेक किया। हर हर महादेव की गूंज से शिवालय शिवमय हो गया। नावकोठी बाजार शिवालय से शिव, पार्वती विवाहोत्सव के पूर्व गाजे बाजे के साथ मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 301 शिव भक्तों कन्याओं ने हिस्सा लिया। पंडित श्रीधर पाठक ने कलश का वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। शिवभक्तों ने संपूर्ण गाँव के मुख्य सड़क का भ्रमण कर शिव विवाहोत्सव में भाग लेने हेतु आमंत्रण दिया। शिव, हनुमान, भूत, बैताल की भव्य झांकी सभी का मन मोह लिया। हर हर महादेव की गूँज से संपूर्ण भ्रमण मार्ग शिवमय हो गया। वही दूसरी ओर वार्ड संख्या 7 में 24 घंटे का आयोजित श्री राम अखंड संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव मंदिरों को आकर्षक बिजली के झालरों से सजाया गया।शिव परिवार द्वारा शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विकास कुमार, गणेश कुमार, बबलू काबूली, आलोक कुमार, विजेंद्र, गोलू, गोपाल कुमार, कन्हैया कुमार, सूरज आदि काफी सक्रिय दिखे।

# श्रद्धा के साथ मनी महाशिवरात्रि, भक्तों की उमड़ी भीड़

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को महाशिवरात्रि श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान शिव के भक्तों के लिए सबसे पवित्र माने जाने वाले इस दिन उपवास, विशेष प्रार्थनाएं और मंदिरों में अहले सुबह से रात भर पूजा-अर्चना की जाती है। हजारों भक्त शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु तीर्थ स्थलों पर स्नान करते हैं और शिवालय में जलाभिषेक करते हैं। इसी कड़ी में बेगूसराय जिले के प्रसिद्ध वीरपुर प्रखंड के बरैपुरा गांव स्थित बसहा धाम सहित नौला, डीह, खरमौली, पानापुर, पर्रा, वीरपुर, गेंहरपुर, मुजफ्फरा, सरौंजा, जगदर सहित विभिन्न गांव के शिवालयों में अहले सुबह से ही सैकड़ों शिव भक्तों ने अपनी मन्नतों को लेकर जलाभिषेक किया।

# शिव भक्तों ने शिवलिंग पर किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत महाशिवरात्रि धूमधाम से हर्षोलास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शिव भक्तों के द्वारा शिव मंदिरों में शिवलिंग पर फूल, अक्षत, बेलपत्र चढ़कर जलाभिषेक किया गया। हर हर महादेव की जय घोष से भक्ति मय बना रहा शिव मंदिर परिसर एवं आसपास की इलाका। सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर शिव मंदिरों के प्रांगण में कई जगहों पर मेला का भी आयोजन किया गया। पटेल नगर बेला चौक स्थित शिव मंदिर के पुजारी रास बिहारी आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर जो भी व्यक्ति फूल और बेलपत्र चढ़कर बाबा भोलेनाथ की जलाभिषेक करते हैं तो उनकी मन्नतें अवश्य ही पूर्ण होती है। उन्होंने कहा शिवलिंग में हर एक भगवान की वासना होती है और भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा किया जाता है तो उसमें भगवान शिव विराजमान रहते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के शिवाजीनगर स्थित शिव मंदिर, बेला चौक स्थित शिव मंदिर, जाखर गांव शिव मंदिर, निंबार्क धाम स्थित शिव मंदिर, मानस मंदिर बंदा, शिव मंदिर बथनाहा, करियन, बल्लीपुर, बाघोपुर शिव मंदिर भानपुर, सहित अन्य शिव मंदिरों के प्रांगण में भव्य मेला का आयोजन किया गया। सभी शिव मंदिरों को दूधिया एवं रंग बिरंगी लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों के प्रांगण में पूरे दिन भर भक्ति धुनों पर आधारित भगवान भोलेनाथ पर आधारित गीत बजता रहा। महाशिवरात्रि पूजा समिति के द्वारा कई जगहों पर बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती की भव्य रूप से बाराती निकल गई। जिसमें कलाकारों के द्वारा भगवान भोलेनाथ, नन्दी एवं भूत, बैताल एवं राक्षसों की वेशभूषा बनाकर बारात की झांकी निकाली गई।

# भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को जन्म जन्मांतर के कष्टों से मिलती है मुक्ति : पवन नायक जी महाराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** श्री जगत माता काली धाम फरना बड़हरा के मंदिर निर्माण 5 वर्ष पूर्ण होने पर 13 फरवरी से 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ग्रामीणों द्वारा कराया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन श्री बागेश्वर बालाजी धाम छतरपुर मध्य प्रदेश के कथा वाचक पंडित श्री आचार्य पवन नायक जी महाराज ने ध्रुव व प्रह्लाद चरित्र तथा शिव विवाह की कथा भक्तों को सुनाया। ध्रुव व भक्त प्रह्लाद तथा शिव विवाह की कथाओं का वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कहा कि भागवत के कथा श्रवण मात्र से ही मनुष्य जन्म जन्मांतर के कष्टों से मुक्ति पा जाता है। जीव भौतिकता के चलते सांसारिक प्रलोभनों से घिरा होता है। यह कथा व्यक्ति की आध्यात्मिक प्यास को बुझा देती है। भागवताचार्य ने कहा कि हिरण्यकश्यपु के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यपु भगवान विष्णु को दुश्मन मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए जैसे ही तलवार उठाया, वैसे ही खंभा फट गया। उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह अवतार में प्रकट हुए। जिसका मुख शेर का व धड़ मनुष्य का था। भगवान नरसिंह ने अत्याचारी को पकड़कर उसका पेट फाड़कर कर वध कर देते हैं। वहीं उन्होंने ध्रुव के चरित्र की कथा सुनाते हुए बताया कि ध्रुव अवधपुरी के राजा उत्तानपद व रानी सुनीति के पुत्र थे। पांच साल बाद जब राजा उत्तम का जन्म दिन मना रहे थे। तो बालक ध्रुव भी बच्चों के साथ खेलता हुआ उनकी गोद में बैठ गया। जिस पर छोटी रानी सुरुचि उठा देती है और उसे कहती है कि यदि अपने पिता की गोद में बैठना है। अगले जन्म तक इंतजार करो। बालक ध्रुव घर छोड़कर वन में जाकर कठिन तपस्या करने लगते हैं। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु उन्हें दर्शन देते हैं और उन्हें मनचाहा वरदान देने का वचन देते है। आचार्य ने शिव विवाह का दिव्य प्रेम, समर्पण और तपस्या का उतम उदाहरण बता रहे है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की, क्योंकि शिवजी सती के देह त्याग के बाद वैराग्य में थे। माता पार्वती के समर्पण से प्रसन्न होकर शिवजी ने उनके साथ विवाह किया। यह विवाह सांसारिक और आध्यात्मिक का मिलन माना जाता है।

# मुखिया ने शुरू की निःशुल्क रात्रि एम्बुलेंस सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

### मरीजों को होगा लाभ

**नावकोठी।** सेवा ही संकल्प के मंत्र को आत्मसात करते हुए ग्राम पंचायत राज नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पंचायत वासियों के लिए एक सराहनीय पहल की। उन्होंने घोषणा की कि अब गंभीर रूप से बीमार मरीजों को रात्रि के समय इलाज के लिए बेगूसराय ले जाने हेतु निःशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई है। मुखिया ने कहा कि पंचायत के किसी भी व्यक्ति को आपात स्थिति में परिवहन के अभाव में परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। आपकी तकलीफ हमारी समस्या है। इस संकल्प के साथ यह सेवा प्रारंभ की गई है। पंचायत वासियों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदना से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में युवा पीढ़ियों ने स्थानीय मुखिया के जन्मदिवस पर केक काट कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नावकोठी वार्ड नंबर 2 में टोनी शर्मा, कुणाल कुमार, बहुत सी वार्ड की महिलाएं ने मिलकर मुखिया राष्ट्रपति के जन्मदिन पर केक कटवाया। इसी तरह हसनपुर बगर के कुछ क्षेत्रों में, रजाकपुर पंचायत के चक्का गांव में, बेगमपुर में, गौरीपुर में, समसा में, पीरनगर में, डुमरिया में सैकड़ो समर्थकों ने जन्मदिन पर केक काट कर मुखिया राष्ट्रपति कुमार की लंबी आयु की कामना की।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष संग्रह को लेकर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बलिया।** बलिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में 14 फरवरी की संध्या अनुमंडल प्रशासन के नेतृत्व में सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष संग्रह के उद्देश्य से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीएम ब्रजकिशोर चौधरी सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मौके पर मध्य विद्यालय बलिया के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं पटना से आए अतिथि कलाकारों ने देशभक्ति गीत-संगीत से समां बांध दिया। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति पर श्रोता भाव-विभोर होते दिखे। कार्यक्रम में तरूणिजा (अनुमंडल पदाधिकारी,




बलिया), सुबोध कुमार (डीएसपी, बलिया), सन्नी कुमार (बीडीओ), रवि कुमार (सीओ), डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. जयप्रकाश अग्रवाल, मोहम्मद जमाल उद्दीन (नगर परिषद सभापति) एवं स्वीटी देवी (उपसभापति) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के लिए जनसहयोग जुटाना है। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया।

# पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने विभिन्न गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी समसा के स्व चंद्र भूषण महतो का पुत्र देवराज कुमार तथा शेखपुरा के सागर सहनी के पुत्र चंद्र किशोर सहनी है। देवराज कुमार गढपुरा थाना कांड संख्या 58/18 के तहत मारपीट, चोरी तथा मद्यनिषेध अधिनियम के तहत नामजद था। वही चंद्र किशोर सहनी नावकोठी थाना कांड संख्या 27/08 के तहत नामजद था। इसके घर पर इश्तेहार चिपकाने के बाद भी हाजिर नहीं हुआ था। इस गिरफ्तारी में एस आई विपिन कुमार ओझा, रंजीत कुमार, सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# शहीद जवानों के सम्मान में एबीवीपी ने किया कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलिया नगर इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलवामा हमले में शहीदों के नाम कैंडल मार्च निकाला गया। जो भूतनाथ मंदिर से शुरू होकर पटेल चौक पर सभा में बदल गया। दो मिनट का मौन रखते हुए कार्यकर्ताओं ने शहीदों को सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू से श्रीनगर जा रहे सीआरपीएफ के काफिले में 78 बसें थीं, जिनमें लगभग 2500 जवान सवार थे। अचानक, पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदी कार से सीआरपीएफ की बस को टक्कर मार दी, जिससे जबरदस्त विस्फोट




हुआ और 40 जवान शहीद हो गए यह दिन उन सभी वीर सपूतों के बलिदान को याद दिलाता है जिन्होंने मां भारती की रक्षा में अपना प्राण त्याग दिया, उनकी शहादत सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। नगर मंत्री श्री राम एवं एवं खेलो भारत के जिला सह संयोजक धनंजय प्रियांशु ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा। यह दिन शहीदों के साहस त्याग और बलिदान को नमन करने का प्रतीक है पुलवामा में हमारे वीर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह पूरे राष्ट्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत केवल एक घटना नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता, साहस और अटूट संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि आज का युवा वर्ग राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करे, तो यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। एबीवीपी बलिया के नगर उपाध्यक्ष प्रकाशनंदन सिन्हा एवं नगरसह मंत्री सुमन कुमार एवं मंगलेश कुमार ने कहा कि भारत माता की रक्षा करते हुए भारत माता के लाल अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं। उनके लिए हमारा सब का कर्तव्य बनता है कि उनके सम्मान के लिए जितना भी हम कर सके कम है देश के सभी युवाओं को देश सेवा और समाजसेवा को अपना पहला कर्तव्य मानना चाहिए। इस दौरान अमित कुमार, रौशन कुमार, अंकित कुमार, रंजन चौधरी, श्रीमंत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने फरार आरोपित को किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा से एक वांछित आरोपी को स्थानीय पुलिस की मदद से हाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वांछित रामनरेश सिंह का पुत्र सुजीत कुमार है। वह 2016 में सड़क दुर्घटना में वह नामजद था। मामला दर्ज होने के बाद वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। लगातार गैरहाजिर रहने से न्यायालय नें गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में एस आई पूनम कुमारी साहा, विश्व जीत कुमार, रंजीत कुमार, हाजीपुर पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# ऐतिहासिक धरोहरों से हुए रूबरू हुए बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वीरपुर।** मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय फजिलपुर के छात्र-छात्राओं का 50 सदस्यीय दल शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राएं बस के माध्यम से विद्यालय परिसर से बिहार के ऐतिहासिक नगरी राजगीर, पावापुरी एवं नालंदा के लिए रवाना हुए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्व शांति स्तूप, जल मंदिर तथा नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का अवलोकन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार झा ने बताया कि इस शैक्षणिक परिभ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों की वास्तविक जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि इन स्थलों के भ्रमण से छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विरासत के बारे में गहन जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार की यात्राएं छात्रों में इतिहास, संस्कृति एवं पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होती हैं। भ्रमण के दौरान विद्यालय के सहायक शिक्षक रंजन कुमार, संजीव कुमार, सरोज कुमार, संतोष चौरसिया, अमृत रंजन तथा शिक्षिका रजनी कुमारी व भारती कुमारी उपस्थित रहीं और छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के अंतर्गत आयोजित इस शैक्षणिक यात्रा को लेकर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# बेगमपुर की टीम ने गौरीपुर को हराया, पहुंची सेमीफाइनल में

**नावकोठी।** एपीएस मैदान में आयोजित डायमंड जुबली क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे मुकाबले में बेगमपुर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी को आमंत्रित गौरीपुर की टीम ने प्रियांशु के 30 रनों की पारी की बदौलत 146 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। बेगमपुर की ओर से सौरभ ने 5 विकेट चटकाए। जबाब में उतरीं बेगमपुर की टीम महज 10 रनों में 4 विकेट गंवाकर गहरे संकट में पर गई। लेकिन उसके बाद सोनू मिश्रा 25 रनों और बिपीन के 7 चौके व 4 छक्के की मदद से धुआंधार अर्द्धशतक तथा सत्यम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बेगमपुर को एक विकेट से जीत दिलाते हुए सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। सौरभ को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में एम्पायर चंदशेखर आजाद तथा विकास कुमार, कमेंटेटर मृत्युंजय महाकाल, तथा रजनीश कुमार, स्कोरर सुधीर कुमार, थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में अवनीश कुमार, रविरंजन झा, मैनेजर मारूति सहवाग, गौतम भट्टाचार्य सहित हजारों दर्शक मौजूद थे। अगला मुकाबला बुधवार को सैदपुर विष्णुपुर बनाम रजाकपुर के बीच खेला जाएगा।

# चंदवारा पुलिस केन्द्र से निकली शिव की बारात, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चंदवारा (कोडरमा)।** शिवरात्रि के अवसर पर जिले भर के विभिन्न शिवलियो में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। वही दूसरी ओर चंदवारा पुलिस केंद्र में भी शिव मंदिर में पुलिस के जवान अपने परिवार के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दिन शिव पार्वती का विवाह का भी परंपरा है। पुलिस केंद्र चंदवारा से महाशिवरात्रि के अवसर पर महादेव की बारात निकाली गई। बारात का रवाना जिले के पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह ने फीता



काटकर किया। बारात में संजीवनी एकाडमी स्कूल के द्वारा शिव पार्वती की झांकिया आकर्षन का केन्द्र रहा। बारात में पुलिस जवान डीजे के धुन पर नाचते गाते हुए चंदवारा पुराना थाना पहुँचा जहा बारातियों को स्थानीय ग्रमीण ने माला पहनाकर स्वागत किया। बारात पुनः चंदवारा पुलिस केंद्र पहुँचा जहाँ पर भंडारे के साथ समापन किया गया। मौके पर विध्याचंद्र शर्मा, चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार, पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष प्रशांत कुमार, मुकेश कुमार रवि, रामजी यादव, नंदलाल महतो,सरोज वर्मा, संटू टुड्डू एवं पुलिस जवान मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर गोरखनाथ धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## एक लाख से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सालमारी /कटिहार।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा गोरखनाथ के दरबार में पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से देर संध्या तक लगातार लंबी कतारों में भक्तजन खड़े रहे और बाबा को जलार्पण किया। भक्तों ने मनवांछित फल प्राप्ति केलिए श्वेत शिवलिंग पर विधि विधान से जलाभिषेक किया। इस दौरान विधि व्यवस्था को ले कर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अनुमंडल पदाधिकारी राजु कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार विधि व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हुए मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने भीड़ नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था को ले प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं इस दौरान आजमनगर बीडीओ, सीओ रिजवान आलम, आरओ अल्का आर्या, सालमारी थानाध्यक्ष कुमारी जुली सहित कई स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मंदिर समिति के सचिव पिंटू यादव, अक्षय सिंह आदि कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया की महाशिवरात्रि के मौके पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। जलाभिषेक के लिए महिला, पुरूष के लिए अलग अलग कतार की व्यवस्था थी। बाबा गोरखनाथ धाम परिसर में भीड़ नियंत्रण करने के लिए सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती थी। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, अग्निशामक यंत्र, एसडीआरएफ की टीम, विभिन्न चौक चौराहों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल तैनात रहे।

# पाठ्यक्रम में शामिल होगा तारापुर के बलिदानियों का किस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

## तारापुर शहादत दिवस पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा



- छह करोड़ की लागत से तारापुर में बनेगा बस स्टैंड, निविदा की चल रही है प्रक्रिया
- असरगंज, हवेली खड़गपुर तथा संग्रामपुर में भी बस स्टैंड बनाया जाएगा
- ईशा फाउंडेशन तारापुर के आसपास 200 करोड़ खर्च कर तैयार करेगा इंफ्रास्ट्रक्चर

**मुंगेर।** तारापुर के थाना भवन पर तिरंगा फहराने के दौरान बलिदान देने वाले 34 अमर स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी अब बिहार के बच्चे पाठ्यपुस्तकों में पढ़ सकेंगे। उन्हें जल्द ही पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। यह घोषणा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारापुर शहीद दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे अब जानेंगे कि स्वाधीनता संग्राम के दौरान जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद तारापुर में सबसे बड़ी घटना हुई थी। इसमें 34 स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया था। इसके साथ है उन्होंने कहा कि तिलडीहा मंदिर के आसपास के क्षेत्र को विकसित किया जाएगा तथा ईशा फाउंडेशन की ओर से कांवरिया पथ के आसपास के क्षेत्र में 200 करोड़ से अधिक की लागत से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा। तारापुर में छह करोड़ की लागत से बस स्टैंड का निर्माण कराया जाएगा। इसकी निविदा प्रक्रिया चल रही है। असरगंज, हवेली खड़गपुर तथा संग्रामपुर में भी बस स्टैंड बनाया जाएगा। तारापुर बाजार को भी विकसित किया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। यहां मार्केट यार्ड बनाया जाएगा। ताकि किसानों, सब्जी विक्रेताओं को सहूलियत मिल सके। हमने जिलाधिकारी से भी कहा है कि वे जमीन उपलब्ध कराएं, जो जमीन सस्ती हो। जहां उद्योग स्थापित किया जाएगा। कुटीर उद्योग की स्थापना होने से ही समृद्धि आएगी तथा अगली पीढ़ी को समृद्ध बनाने के लिए उद्योग की जरूरत है। इसके अलावा उन्होंने खड़गपुर, टेटिया बंबर, असरगंज क्षेत्र में जालापूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही तथा तारापुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क सुविधाओं के विकास, बाईपास, फोरलेन आदि की भी चर्चा की।

# चिंतन दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

## प्रमाण पत्र किया गया निर्गत

**कटिहार।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पूसी रेलवे स्काउट गाइड फ़ेलोशिप कटिहार मंडल सचिव गणेश कुमार ठाकुर एवं रवि रानू ने चिंतन दिवस 22 फ़रवरी पूर्व संध्या पर एनएफ रेलवे इम्प्लाइज यूनियन कटिहार मंडल के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया। कटिहार मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. नियाज़ अहमद के निगरानी में रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में मंडल रेल प्रबन्धक किरेंन्द्र नरह, प्रभात रंजन सिंह वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय, उप मुख्य अभियंता निर्माण गौरव सिंह, यूनियन अध्यक्ष मनीष कुमार, सचिव रजनीश कुमार, प्रेम शंकर, अरविंद कुमार, विनय कुमार, सूरज कुमार, बबन सिंह, सौरभ कुमार, नितेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, संतोष कुमार, मुकुंद मिश्रा आदि प्रमुख रेल कर्मचारी अधिकारी एवं पदाधिकारी के निगरानी में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यूनियन कि ओर से प्रमाणपत्र भी निर्गत किया गया।

# महाशिवरात्रि पर कांटाकोश शिव मंदिर में वैदिक रीति से शिवलिंग की स्थापना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी /कटिहार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांटाकोश स्थित शिव मंदिर में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिवलिंग की विधिवत स्थापना की गई। धर्माचार्यों के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी अशोक अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर संतमत के सत्यप्रकाश बाबा, चन्द्रभूषण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मानुरागी उपस्थित रहे। शिवलिंग स्थापना के उपरांत मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई और भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के तहत अष्टयाम हरिनाम संकीर्तन का भी आयोजन निर्धारित किया गया है, जिसके लिए विशेष यज्ञ मंडप का निर्माण कराया गया है। इससे पूर्व हजारों की संख्या में महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने गंगा जल भरकर संकीर्तन स्थल तक पहुंचकर पूजा-अनुष्ठान में हिस्सा लिया। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा और क्षेत्र में आस्था का अद्‌भुत दृश्य देखने को मिला।

# 17 फरवरी से 4 मार्च तक चक्कर मैदान में होगी अग्निवीर भर्ती रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- डीएम ने अधिकारियों के साथ किया स्थल भ्रमण, कार्य प्रगति का लिया जायजा
- 7040 अभ्यर्थी होंगे शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल



**मुजफ्फरपुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती 2025-26 के अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाली भर्ती रैली की तैयारी पूरी हो गई है। अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 17 फरवरी से 4 मार्च 2026 तक मुजफ्फरपुर स्थित चक्कर मैदान में किया जाएगा। इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए कुल 7040 अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती प्रक्रिया को सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीकांतेश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों की टीम के साथ चक्कर मैदान का भ्रमण किया तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने नोडल पदाधिकारी अपर सामाहर्ता आपदा को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने तथा भर्ती प्रक्रिया को सुचारू एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने का निर्देश दिया। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी को भी लगातार मॉनिटर करते रहने को कहा। अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान पांच ट्रेडों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इनमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेड्समैन (दसवीं पास) तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं पास) शामिल हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अगले दिन मेडिकल परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। अग्निवीर भर्ती रैली के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सेना, जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक पूर्व में ही आयोजित की गई है तथा अधिकारियों को दायित्व का निर्धारण पूर्व में ही किया जा चुका है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ अपने-अपने दायित्वों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करें तथा आपस में समन्वय बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को सेना भर्ती कार्यालय के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने को कहा, ताकि रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को मैदान में मेडिकल टीम गठित कर तैनात करने तथा दवा डॉक्टर और एंबुलेंस की तैनाती करने को कहा। साथ ही कार्यपालक अभियंता विद्युत को मार्ग में लूज वायर को दूर करने तथा बिजली व्यवस्था सुचारू रखने का निर्देश दिया।

# अडाणी विद्युत प्लांट से क्षेत्र में होगा विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने आज यहां कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भागलपुर जिले की आमजनों की खुशहाली और तरक्की के लिए अडाणी विधुत प्लांट जैसे बड़ी परियोजना की सौगात दी है। जिससे समूचे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा।

वे रविवार को निर्माणाधीन अडाणी पावर लिमिटेड के विद्युत परियोजना का स्थल निरीक्षण करने के बाद स्थानीय लोगों से उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भागलपुर जिले के पीरपैंती में 1173 एकड़ भूमि पर अडाणी लिमिटेड के निर्माणाधीन बिजली परियोजना का स्थल निरीक्षण के दौरान स्थानीय अधिकारियों से मुलाकात कर परियोजना के कार्यो के प्रगति की जानकारी ली और क्षेत्रीय विकास तथा रोजगार पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री चौबे ने कहा कि परियोजना के अधिकारियों की जानकारी के अनुसार आने वाले समय में इस विद्युत परियोजना से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और यह पीरपैंती और आसपास के इलाकों को अधिक से अधिक सुविधाजनक, औद्योगिक और विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्थानीय लोगों में खुशियाली आयेगी। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप मिश्र, मुखिया संघ के झुंपा सिंह, अरुण कुमार आदि भी मौजूद थे। इसके पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पीरपैंती प्रखंड में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया और स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया। सबसे पहले उन्होंने पीरपैंती प्रखंड के अम्मापाली गांव स्थित मुखिया संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष झुंपा सिंह एवं रमेश प्रसाद सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके परिवारजनों से मुलाकात कर कुशल-क्षेम जाना तथा आत्मीय संवाद किया। इसके पश्चात श्री चौबे बड़ी चटैया गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन के लिए माता रानी से प्रार्थना की। इस दौरान बड़ी चटैया गांव के सम्मानित ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी विभिन्न समस्याओं एवं स्थानीय मुद्दों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा यथासंभव समाधान हेतु आश्वस्त किया।

# चार महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनों के नये ठहराव का शुभारंभ, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के अंतर्गत चार महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनों के नये ठहराव का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद खगेन मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों के परिचालन का शुभारंभ किया। नये ठहराव क में मालाहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15709 मालदा न्यू जलपाईगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया गया। श्रीपुर हाल्ट पर ट्रेन संख्या 15710 न्यू जलपाईगुड़ी मालदा इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया। हरिशचंद्रपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13175 कंचनजंगा एक्सप्रेस का ठहराव प्रारंभ किया गया। भालुका रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13160 जोगबनी कोलकाता चितपुर एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया गया। हरिशचंद्रपुर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक तजमुल हुसैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से क्षेत्रीय रेल सेवाओं के विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त की। अपने संबोधन में सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। उन्होंने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जनहित से जुड़े प्रस्तावों को आगे बढ़ाने की बात कही।कटिहार रेल मंडल द्वारा यह पहल स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए की गई है। नये ठहराव से आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और यात्रा अधिक सुगम एवं सुविधाजनक होगी।

# कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड मुख्यालय मनसाही के मैदान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस मौके पर कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रोफ़ेसर डॉक्टर नागेंद्र कुमार निराला ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल से शरीर चुस्त एवं दुरुस्त होता हैं, खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हैं। इसलिए सभी को कबड्डी हो या अन्य कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए। इस अवसर पर कजरा कबड्डी प्रतियोगिता के अध्यक्ष नाजीर हुसैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच इमली टोला वर्सेस कोसी कटिहार के बीच खेला गया जिसमें उद्घाटन मैच कोसी कटिहार की टीम ने जीता। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार अग्रवाल, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य फुलहरा मिथलेश सिंह, मुखिया प्रत्याशी फुलहरा अकीबुर रहमान, कजरा कबड्डी सदस्य विशाल कुमार, राहुल कुमार, दिलावर हुसैन, मोहम्मद शाहील, रवि कुमार, सनी परिहार, कुणाल यादव, जाकिर हुसैन, दीपक यादव, मनीष यादव, राजा मुराद रहमान करण सोनी आदि उपस्थित रहे।

# बोर्ड ऑफ विजिटर व डालसा की संयुक्त टीम ने किया केंद्रीय कारा का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर बोर्ड ऑफ विज़िटर व डालसा के संयुक्त टीम ने रविवार को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा की अगुआई में उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डालसा सचिव राकेश रजंन, सिविल सर्जन अनिल श्रीवास्तव, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय, प्रभारी काराधीक्षक आनंद कुमार झा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरक, महिला वार्ड, मेडिकल वार्ड, कीचन, स्टोर रूम व अन्य महत्वपूर्ण विभागों का जायजा लिया। साथ ही कैदियों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधा व चिकित्सा बव्यवस्था का आकलन किया। टीम ने साफ सफाई, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, सुरक्षा व्यवस्था व कैदियों से सम्बंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही टीम के लोगों ने बन्दियों से मुकदमे के बारे में पैरवी के लिए एलएडीसी अधिवक्ता के तहत उपलब्ध सहायता के बारे में भी जानकारी ली। पीडीजे श्री राम शर्मा ने कहा कि कोई भी बन्दी बिना अधिवक्ता के नही रहे, यह सुनिश्चित हो। कहा कि डालसा के द्वारा सभी को मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कारा में एलएडीसी के अधिवक्ता बराबर आते हैं व मुफ्त विधिक सहायता, रिमांड से जमानत, गवाही, अपील आदि का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो पीएलवी जेल में हैं। आप उनसे भी अपना समस्या लिखाकर डालसा में भेज सकते है। मौके पर प्रभारी कारापाल के अलावे लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, उत्तम कुमार, पुष्कर राज, नीतू सिंह के अलावे सैकड़ो बन्दी उपस्थित थे।

## सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 17 को

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 17 फरवरी को होगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही कमेटी का गठन किया जाएगा। उक्त जानकारी सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष आचार्य रमाकांत पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद व ज्योतिषाचार्य विजयानन्द सरस्वती होंगे। उन्होंने बताया कि दुर्गा गैरेज के नजदीक ओझा कम्प्लेक्स में आयोजित बैठक में सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले प्रबुद्ध जनों व गणमान्यों को सम्मानित किया जाएगा।

# ९९ साल के बाद भी बरकरार है जमालपुर में जिमखाना का भवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जमालपुर (मुंगेर)।** ईरमी जमालपुर के ९९ वां वर्षगांठ समारोह देर रात्रि जिमखाना परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं केक काटकर संपन्न किया गया। ईरमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिमखाना डिजाइन का बनाया गया भव्य केक अतिथि रेल महाप्रबंधक चेन्नई यू सुब्बाराव, रेल महाप्रबंधक रायबरेली एवं कपूरथला के प्रशांत कुमार मिश्रा, ईस्टर्न रेलवे के पीसीएमई परमानंद शर्मा सहित तमाम अतिथि काटा तो तालिया की गड़गड़ाहट से जिम खाना गूंज उठा। हालांकि इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए रेल के विभिन्न जोन से पहुंचे अधिकारी अपने पत्नी के साथ ईरमी एवं जिमखाना में बिताए गए पुरानी यादों को ताज भी किया। केक काटने के बाद अधिकारियों ने जहां एक दूसरे को ईरमी के उज्जवल भविष्य की बधाई भी दिए। इधर देर रात्रि तक चले ईरमी के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव समारोह का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया। मौके पर पूर्व आईआरएसएमई ऋतुराज वर्मा, पीसीएमई अतुल प्रियदर्शी, पीसीएमई अनिल द्विवेदी, पूर्व जीएम संजीव किशोर, रेलवे बोर्ड के आर के मंगला,पीसीएमई एमके पोद्दार, डीआरएम हावड़ा विशाल कपूर, डीआरएम मालदा मनीष गुप्ता, डीआरएम उदय सिंह मीणा, पूर्व आईआरएसएमई ऋतुराज वर्मा, डीन प्रेम प्रकाश, सीनियर प्रोफ़ेसर जनार्दन प्रसाद, सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल, डिप्टी डीजी प्रसेनजीत कुमार, प्रोफ़ेसर प्रोजेक्ट मो.अय्यूब खान, प्रोफ़ेसर एडमिन पंकज कुमार, प्रोफ़ेसर सुसरन तिरु, प्रोफ़ेसर सिद्धार्थ शंकर सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा उमगा, रोपवे भी बनेगा : मंत्री

## वैष्णो देवी की तर्ज पर होगा उमगा का विकास : प्रमोद सिंह | उमगा के विकास के लिए जिला प्रशासन तत्पर : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मदनपुर प्रखंड अंतर्गत उमगा में आयोजित दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव का भव्य शुभारंभ रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार गीत के सामूहिक गायन से हुआ। तत्पश्चात महोत्सव का विधिवत उदघाटन बिहार सरकार के लघु जल संसाधन सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन, कुटुंबा विधायक ललन राम, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री को पौधा, शाल एवं उमगा मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों द्वारा विधायकगण एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को पौधा, शाल एवं उमगा का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि उमगा क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने कहा





कि बिहार सरकार की मंशा है कि राज्य की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का समुचित विकास कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, जिससे देश-दुनिया से पर्यटक यहां आएं, आर्थिक गतिविधियां बढ़ें तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार पर्यटन के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है तथा इस दिशा में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कुटुंबा विधायक ललन राम एवं रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में मदनपुर क्षेत्र के समग्र विकास हेतु आवश्यक कार्यों एवं प्राथमिकताओं पर अपने विचार रखते हुए कहा कि क्षेत्र के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा क्षेत्र की पहचान और सुदृढ़ होगी। उन्होंने मदनपुर क्षेत्र में आधारभूत संरचना, सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं जनसुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी ने कहा कि मदनपुर की पावन धरती पर आयोजित उमंगेश्वरी महोत्सव न केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है बल्कि यह हमारी समृद्ध परंपराओं, लोक संस्कृति, आस्था एवं सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्राचीन उमगा सूर्य मंदिर ऐतिहासिक एवं स्थापत्य धरोहर का अनुपम उदाहरण है तथा उमंगेश्वरी मंदिर क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि एवं गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह, पेयजल सुविधा तथा मुख्य सड़क से मंदिर तक पहुंच मार्ग के सुदृढ़ीकरण जैसी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत मंदिर के आसपास की पहाड़ियों एवं जल निकायों के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत उमगा मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों एवं मदनपुर की पंचायतों में सोलर लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है। सात निश्चय योजना के अंतर्गत 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' पहुंचाने हेतु मदनपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में चेक डैम निर्माण की प्रक्रिया भी संचालित है। साथ ही वन विभाग द्वारा मदनपुर क्षेत्र में नेचर ट्रेल विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे ट्रैकिंग के शौकीन युवाओं को आकर्षित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष उमगा में उमंगेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इस स्थल की महत्ता को व्यापक पहचान दिलाना तथा क्षेत्र के पर्यटन विकास को गति प्रदान करना है। उन्होंने महोत्सव से जुड़े समस्त लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन नई चेतना एवं प्रेरणा के साथ समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेगा तथा क्षेत्र के चतुर्दिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध गायिका ऐश्वर्या पंडित द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसका उपस्थित ग्रामीणों एवं दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, मदनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर लोगों में दिखा जबरदस्त उत्साह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर में महाशिवरात्रि को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शहर के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शहर के वी-मार्ट के पीछे स्थित शिवालय को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से भव्य रूप दिया गया है। शनिवार रात्रि भगवान शिव-पार्वती विवाह कार्यक्रम का आयोजन विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। रस्म अदायगी के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार सुबह से ही यहां जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी है। वहीं, कचहरी परिसर के समीप स्थित महाकाल मंदिर में 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। उड़ीसा से पहुंचे रामभक्त पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर राम नाम का संकीर्तन किया। मंदिर परिसर को लगभग 2000 किलो गेंदा फूलों से सजाया गया है, जिससे इसकी भव्यता देखते ही बन रही है। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु



दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। आयोजन समिति के अनुसार पूजा-अर्चना के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। अदरी नदी किनारे स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के प्राचीन मंदिरों में शामिल इस मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान शिव की बारात निकाली जाती है। संध्या में पारंपरिक गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शिव बारात निकाली गयी। कुल मिलाकर महाशिवरात्रि को लेकर पूरे शहर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण है। वहीं गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में अब तक करीब 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। दूर-दराज के गांवों सहित पड़ोसी जिलों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जलाभिषेक के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की है। ताकि भीड़ के बावजूद पूजा सुचारु रूप से संपन्न हो सके। लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मठ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि पर विशेष रूद्राभिषेक किया गया। पूरे मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। श्रद्धालुओं के लिए भजन-कीर्तन और भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया।

# परमात्मा से मिलने का माध्यम है ध्यान : डॉ बीके सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद सेवाकेंद्र पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य प्रभात फ़ेरी और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बीके सिंह, महिला थाना प्रभारी अंजली कुमारी, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, भाजपा जिला प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता, ब्रह्माकुमारीज संचालिका बी.के. सविता दीदी, संगीता दीदी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से होने वाले मानसिक और शारीरिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल तथा सोशल मीडिया विंग के



माध्यम से समाज को नशा मुक्त, सोशल मीडिया मुक्त बनाने का पुरजोर संदेश दिया गया। कलाकारों ने लघु नाटक के जरिए नशे, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को दर्शाया। डॉ बीके सिंह ने कहा कि शरीर के लिए खान-पान बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन को बीमार करने वाले खाना और बाहरी फास्ट फूड से परहेज करें। व्यायाम बहुत जरूरी है। ताली बजाना भी एक व्यायाम है इससे आपके चेहरे पर खुशी आ जाती है। 30 मिनट रोज व्यायाम करें। ध्यान भी बहुत जरूरी है। यह परमात्मा से मिलने का माध्यम है। इसके अलावा नींद बहुत जरूरी है। नहीं सोने के कारण हार्ट अटैक से मौत का केस बढ़ रहा है। सविता दीदी ने बताया कि परमात्मा शिव के अवतरण का उद्देश्य अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाना है। साथ ही उन्होंने सभी को काम, क्रोध और लोभ जैसे विकारों को त्यागने की प्रेरणा दी। अंत में सभी भाई-बहनों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और बुराइयों को छोड़ने की दृढ़ प्रतिज्ञा कराई गई।

# लावारिस अवस्था में थर्नेट और जिंदा कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लावारिस अवस्था में फ़ेसर पुलिस ने एक थर्नेट और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव में की गई। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली की उस गांव के सार्वजनिक रास्ते पर अवैध थर्नेट और जिंदा कारतूस रखा हुआ है जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस बरामद कर लिया। जब्त अवैध हथियार व कारतूस के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। विदित हो कि त्योहार को लेकर पुलिस के द्वारा विभिन्न जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध हथियार और कारतूस मिलने से आसपास सनसनी फैल गई। लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं है। आखिर उस जगह अवैध हथियार और कारतूस कहा से आया और किसने उस जगह रखा। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि पूछताछ के बावजूद किसी ग्रामीणों ने बोरा का दावा नहीं किया। तलाशी में बोरा के अंदर से थर्नेट और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बरामद हथियार और कारतूस को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# पेड़ से टकरा बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सलैया थाना क्षेत्र के परसा के द्वारपाल मंदिर के समीप ताड़ की पेड़ से टकरा कर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान थाना क्षेत्र के पिरथु गांव निवासी बालकेश्वर रिकियासन के 23 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार एवं तिलक भुईयां के पुत्र 22 वर्षीय सुदर्शन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार दोनों युवक किसी काम से कहीं जा रहे थे। इसी क्रम में उस जगह अनियंत्रित बाइक ताड़ की पेड़ से अचानक टकरा गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों



की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक पुना के किसी फैक्ट्री में काम करते थे और आज यानि रविवार को सुबह अपने गांव पहुंचे। इसके बाद वे दोनों बाइक से कहीं जाने के लिए निकले थे। हादसे में दोनों की मौत हो गई। एक साथ दो युवकों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अलग-अलग मामलों में 31 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 31 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 15 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। डकैती एवं एससी-एसटी में एक-एक, हत्या के प्रयास में 4, शराब में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 30 लीटर देसी शराब, एक थर्नेट एवं 5 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इसके अलाव साईबर थाना की पुलिस द्वारा 99500 रूपये बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1230 वाहनों की जांच की गई जिसमें 79500 रूपये जुर्माना वसूला गया है।

# स्टार भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन की शादी पर दादा का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के दादा अनुराग पांडे के द्वारा ईशान के पर्सनल लाइफ को लेकर बड़ी बात कहीं है। ईशान औरंगाबाद जिले के दाउदनगर प्रखंड के गोरडीहा गांव के रहने वाले है। उनके दादा के अनुसार, ईशान जल्द ही शादी करने जा रहे हैं। ईशान की शादी को लेकर अनुराग पांडे ने कहा कि उसके बड़े भाई ने भी अपनी पसंद से शादी की थी और परिवार ने उस फैसले का समर्थन किया था। यह परंपरा परिवार में जारी रहेगी, जहां बच्चों की खुशी और पसंद को प्राथमिकता दी जाएगी। वह जिससे भी शादी करना चाहेंगे, वो पूरे परिवार को मंजूर होगा। दादा ने कहा कि ईशान जिससे भी शादी करना चाहेगा, हमें स्वीकार है। इस दौरान दादा ने ईशान किशन की गर्लफ्रेंड को लेकर



भी बात की, जिसके बाद सोशल मीडिया पर स्टार क्रिकेटर की शादी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पिछले कुछ समय से ईशान किशन की गर्लफ्रेंड को लेकर खूब चर्चा चल रही थी। दादा के अनुसार, ईशान किशन की एक गर्लफ्रेंड है, जो कि जयपुर की रहने वाली है। वह पेशे से मॉडल है। वह मिस इंडिया कॉन्टेस्ट में रनर-अप भी रह चुकी हैं। ईशान किशन के दादा के दावे के बाद सोशल मीडिया पर हलचल तेज हो गई। फैंस कयास लगा रहे हैं कि टी20 वर्ल्ड कप के बाद ईशान किशन शादी कर सकते हैं। इसके अलावा कई लोग ईशान के परिवार की तारीफ कर रहे हैं, जो बच्चों की खुशी के लिए ईशान को पूरा सपोर्ट कर रहे हैं। फिलहाल ईशान किशन कोलंबो में हैं, जहां पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने वाले हैं। इस बड़े मुकाबले में फैंस को ईशान किशन से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। ईशान किशन की शादी को लेकर उनके प्रशंसकों में उत्साह का माहौल है। प्रशंसकों ने शादी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी है।

# अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था को लेकर चलाया विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध की रोकथाम व विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस द्वारा पूरी रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश के आलोक में की गई। अभियान के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। कागजातों की सत्यता, वाहन नंबर और चालकों की पहचान की पड़ताल की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर पूछताछ भी की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल यातायात नियमों के अनुपालन तक सीमित नहीं था बल्कि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाना भी इसका प्रमुख उद्देश्य रहा।

# गबन का आरोपित डीलर गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जनवितरण प्रणाली का अनाज बेचने के आरोपित डीलर को टंडवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के लोदीपुर टोले इटवा निवासी अभिमन्यु कुमार के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई जिला आपूर्ति विभाग द्वारा की गई जांच के आधार पर की गई है, जिसमें बड़े पैमाने पर सरकारी अनाज की कमी पाई गई थी जिसमें यह काफी दिनों से फरार था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शिक्षकों को अद्यतन ज्ञान से रहना होगा पूर्ण : डॉ शंभू शरण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के विवेकानंद विज़न आइडियल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा दो दिवसीय सीपीबी के तहत योग्यता आधारित मूल्यांकन पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक डॉ शंभूशरण सिंह, उपप्राचार्य सूची कुमारी, संसाधनसेवी सारिका कुट्टे, प्रतीक विकास विल्सन से संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशक ने अतिथियों को



बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। निदेशक डॉ शंभू शरण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बदलते माहौल में शैक्षिक वातावरण में भी लगातार बदलाव हो रहे हैं। यह प्रशिक्षण एनईपी 2020 के दृष्टिकोण का आदर्श पूरक है जिसने शिक्षा के लिए एक क्रांतिकारी एजेंडा स्थापित किया है। शिक्षक परीक्षाओं को लागू करके पारंपरिक, रटने पर आधारित शिक्षण पद्धति से हटकर परिणाम आधारित मॉडल अपनाना होगा, जो कौशल अधिग्रहण और निपुणता को प्राथमिकता दे। उनकी क्षमताओं, योग्यताओं और व्यावहारिक ज्ञान का आकलन करके, यह छात्रों को पाठ्यक्रमों को अच्छी तरह से सीखने और अपनी जानकारी का सफलतापूर्वक उपयोग करने की शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर औरंगाबाद व दाउदनगर के विविध विद्यालयों से पचास शिक्षक शामिल रहें। अलग-अलग सत्रों द्वारा मूल्यांकन के विविध आयामों पर चर्चा की गई। संसाधनसेवी ने कहा कि छात्र के ज्ञान, कौशल और क्षमताओं का परीक्षण विशिष्ट योग्यताओं के अनुसार किया जाता है। इसमें किसी व्यक्ति की कार्य को पूरा करने की क्षमता और किसी विशेष भूमिका में सफल होने की योग्यता का आकलन करने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन निदेशक डॉ सिंह ने किया।

# ऑटो और बोलेरो के बीच टक्कर में 12 लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव के पास रविवार को ऑटो और बोलेरो के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो पर सवार 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग महाशिवरात्रि पर गोठौली में आयोजित मेले में शामिल होने जा रहे थे। आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर जुटे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी। घटना की सूचना मिलते ही बारुण थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, अपर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता और पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बारून भेजा गया। घायलों की पहचान दाउदनगर निवासी गोल्डेन कुमार, बारून थाना क्षेत्र के कोचाढ़ गांव निवासी मीरा कुमारी, उमेश राम, शिवानी कुमार, सुनीता देवी, सन्नी कुमार, अनुराधा कुमारी, सौरभ कुमार, प्रियंका कुमारी, उत्तम देवी, सलोनी कुमारी और अनुष्का कुमारी के रूप में की गई है।